रविवारीय
लखनऊ, रविवार
5 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 5
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 313 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये


स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

वैभव सूर्यवंशी ने सचिन-शेफाली का रिकॉर्ड तोड़ा: 15 साल, 99 दिन में भारत के लिए डेब्यू किया



प्रधानमंत्री ने राजस्थान में किया 79,459 करोड़ से विकसित पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण

# ऊर्जा संकट पर भारी पड़ा नए भारत का संकल्प

**बालोतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने राजस्थान दौरे के दौरान जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी

- कहा संवेदनशील निर्णयों का महत्व इतिहास में दर्ज होगा

का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रिफाइनरी से जुड़े पेट्रोकेमिकल जोन के विकास की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। लेकिन 21वीं सदी के नए भारत का संकल्प इस संकट पर भारी पड़ा। हमने हर स्तर पर सही और समयबद्ध फैसले लिए, संकट का सटीक आकलन किया और प्रभावी रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि इन संवेदनशील निर्णयों का महत्व आने वाला इतिहास अवश्य दर्ज करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत की लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। युद्ध और तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया था। ऐसे समय में राजस्थान की धरती से मिली संघर्ष



की प्रेरणा के साथ सरकार ने देश में ही एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि सिर्फ सात दिनों में 54 हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त एलपीजी का उत्पादन बढ़ाया गया। साथ ही एलपीजी पर अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए बड़ी संख्या में पीएनजी कनेक्शन दिए गए।

### भारत की दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई

पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध के इसी समय में भारत की दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई। जब ये संकट शुरू हुआ था, उससे पहले भारत 25-26 देशों से ईंधन का आयात करता था। लेकिन संकट के समय भारत की रणनीति का जलवा दिख गया। दूसरे देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध इस संकट की घड़ी में बहुत काम आए।

योगी-नितिन ने साधा चुनावी समीकरण

# 'यूपी विकसित भारत का मजबूत आधार बनेगा'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शनिवार को लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश

- भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की मैराथन बैठक
- चुनावी मोड में आई भाजपा, मिशन-2027 को लेकर संगठन को दिए अहम निर्देश

मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी, प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा करना रहा। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित प्रदेश



सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाने, शक्ति केंद्रों को सक्रिय रखने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और चुनावी तैयारियों की समीक्षा भी की गई। पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से जिलों और मंडलों का दौरा करें, कार्यकर्ताओं से संवाद बनाए रखें तथा जनता से सीधे फीडबैक लेकर संगठन को और प्रभावी बनाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बैठक में संगठन और सरकार के बेहतर समन्वय पर बल देते हुए कहा कि सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच लगातार सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करना भाजपा की कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 20 जुलाई से 13 अगस्त तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने को मंजूरी दे दी है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक मानसून सत्र दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा भी कराई जाएगी। करीब तीन सप्ताह के इस मानसून सत्र में सरकार कई अहम विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी।

## टेलीग्राम पर केंद्र सरकार सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उसे पायरेटेड फिल्मों, वेब सीरीज और

- पायरेटेड फिल्में हटाने का आदेश
- 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

अन्य ऑडियो-वीडियो सामग्री के प्रसार पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम को 15 दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एक्शन टेकन रिपोर्ट) सौंपने को कहा है। सरकार ने साफ किया है कि केवल शिकायत मिलने पर सामग्री हटाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि प्लेटफॉर्म को खुद भी प्रभावी कदम उठाने होंगे। सरकार ने टेलीग्राम को निर्देश दिए हैं कि पायरेटेड फिल्में और ओटीटी कंटेंट पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई करें। 15 दिनों के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट यानी एटीआर सरकार को सौंपें। सिर्फ एक-एक चैनल हटाने की नीति अब पर्याप्त नहीं होगी।

पायरेसी रोकने के लिए व्यापक और सक्रिय व्यवस्था विकसित करें। कॉपीराइट उल्लंघन रोकने के लिए प्लेटफॉर्म की जवाबदेही सुनिश्चित करें।

## तैयारी : 52 हजार करोड़ की रक्षा खरीद को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी वायु सुरक्षा क्षमता को नई धार देने की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठा लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

- रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लिया निर्णय

की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने सशस्त्र बलों के लिए कई अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों की खरीद को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। बताया जा रहा है कि इनकी अनुमानित लागत 52 हजार करोड़ रुपए है। इन हथियार प्रणालियों में



सबसे अधिक चर्चा उन तीन प्रणालियों की हो रही है जो भारत की वायु रक्षा ढाल को अभेद बनाने वाली हैं। ये हैं मध्यम दूरी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, बेहद कम दूरी वायु रक्षा प्रणाली और आकाश तरंग मानव रहित हवाई वाहन रोधी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब केवल लड़ाकू विमान या पारंपरिक मिसाइलें ही खतरा नहीं हैं, बल्कि सस्ते ड्रोन, झुंड में हमला करने वाले मानव रहित यान और बैलिस्टिक मिसाइलें भी आधुनिक युद्ध की दिशा तय कर रही हैं। पश्चिम एशिया में ईरान की मिसाइल रणनीति और यूक्रेन युद्ध में रूस के घातक बैलिस्टिक हमलों ने पूरी दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भविष्य की जंग आसमान पर कब्जे की होगी। भारत ने इसी चुनौती को भांपते हुए अपने वायु सुरक्षा कवच को नई ताकत देने का निर्णय लिया है।

## इंग्लैंड ने भारत को चार विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू मैच में भारत को इंग्लैंड ने 4 विकेट से हरा दिया। दूसरे टी-20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 190 रन बनाए। ईशान किशन ने 49, अभिषेक शर्मा ने 43 और कप्तान श्रेयस अय्यर ने 37 रन की पारी खेली। आखिर में तिलक वर्मा ने 11 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 19 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 191 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। जैकब बेथेल ने नाबाद 76 रन की पारी खेली। उन्होंने रवि बिश्नोई के ओवर में 29 रन बनाकर मैच पलट दिया। कप्तान हैरी ब्रूक और टॉम बैंटन ने 39-39 रन बनाए।

## हिमाचल में सामान्य से 106 प्रतिशत ज्यादा मानसूनी बारिश



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की एंट्री के बाद से अब तक सामान्य से 106 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। इससे किन्नौर, कुल्लू और चंबा में फ्लैश फ्लड से 15.27 करोड़ रुपए की सरकारी व निजी

- 15.27 करोड़ की संपत्ति का नुकसान

संपत्ति को नुकसान हुआ है। एक कच्चा हाउस समेत 5 गौशालाएं बारिश से क्षतिग्रस्त हुई है।

लाहौल स्पीति में बर्फ के तेजी से पिघलने से जहालमा व जिस्पा में बाढ़ से सड़कें बह गई। राज्य में परसों यानी छह जुलाई से फिर भारी बारिश के आसार है। प्रदेश में स्ट्रांग एंट्री के बाद मानसून की रफ्तार आज और कल थोड़ी धीमी रहने का पूर्वानुमान है। हालांकि, सोलन और सिरमौर जिलों के कुछेक स्थानों पर आज भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन अन्य जिलों के लिए कोई चेतावनी नहीं है। यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रहेगी। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, छह जुलाई से स्ट्रांग पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसे देखते हुए 6 और 7 जुलाई को कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में ऑरेंज अलर्ट तथा ऊना, हमीरपुर, चंबा और कुल्लू जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। आठ और नौ जुलाई को भी राज्य के अधिकांश भागों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

# यूपी में अचानक ठिठक गया मानूसन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में आमद के बाद मानसून अचानक ठिठक गया है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी तीन दिन तक प्रादेशिक मानसूनी सक्रियता में कमी के आसार

- तीन दिनों तक पड़ सकती है असहनीय गर्मी, डराने वाली है मौसम विभाग की चेतावनी

हैं। केवल मध्य प्रदेश से सटे जिलों में बारिश की संभावना जताई जा रही है। बाकी जगह बादलों की आवाजाही के बीच हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश



में 30 जून को मानसून की आमद हो चुकी है। इसके बाद तेज़ी से आगे बढ़ते हुए दो जुलाई को पूरे प्रदेश में इसका असर दिखा। इसके बाद उत्तरी उड़ीसा तट के पास उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब क्षेत्र के प्रभाव से मौसमी द्रोणी अपनी वर्तमान स्थिति से दक्षिण की ओर खिसक गया है। इसके चलते प्रदेश में अन्य कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार तक प्रदेश में मानसूनी सक्रियता में कमी महसूस की जाएगी। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के दक्षिणी भाग और इससे लगे जिलों में हो रही वर्षा के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य भागों में मानसूनी गतिविधियां सीमित रहेंगी। तापमान में आंशिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। मंगलवार से प्रादेशिक मानसूनी सक्रियता में बढ़ोत्तरी के परिणामस्वरूप बारिश में एक बार फिर से बढ़ोतरी के आसार जताए जा रहे हैं।

## एथेनॉल मिश्रण जांची-परखी वैज्ञानिक प्रक्रिया : सरकार

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच शनिवार को सरकार ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का काम रातों-रात नहीं हुआ। यह एक जांची-परखी, साइंटिफिक और स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस है। इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई है और टॉप एजेंसियां भी इसका टेस्ट कर चुकी हैं।

- इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई

एथेनॉल ब्लेंडिंग पर दिल्ली में हुई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से शामिल एक्सपर्ट वर्तिका शुक्ला ने यह बात कही। वर्तिका शुक्ला ने बताया कि देश में साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जा रहा था। अब इस प्रोग्राम के तहत पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल ब्लेंडिंग (ई20) की जा रही है। 20 प्रतिशत एथेनॉल ब्लेंडिंग के टारगेट को तय समय से पांच साल पहले यानी दिसंबर 2025 तक ही पूरा कर लिया गया है। भारत में 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल के इस मिश्रण यानी ई20-पेट्रोल का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं।

## पंजाब कांग्रेस में फूटे बगावत के सुर

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में बगावत के सुरों ने पार्टी की फूट को एक बार फिर उजागर कर दिया है। राहुल गांधी के खास माने जाने वाले पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी हाईकमान के फैसले से नाराज हो गए हैं। जिस दिन पंजाब में बगावत हुई उसी दिन सांसद एवं पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलते हैं और इस पूरे प्रकरण पर पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों कहते हैं कि भाजपा में सबका स्वागत है। सूबे में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस में बगावत की टाइमिंग ने पार्टी के समक्ष एक बड़ा सियासी संकट खड़ा कर दिया है।

## बिहार में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा

**पटना।** बिहार में पुल पर हंगामा रुकेगा नहीं, यही लगता है। अब एक और पुल का हिस्सा गिर गया है। निर्माणाधीन पुल का। यह पुल गंगा नदी पर बन रहा है। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा सेतु पर शनिवार को यह हादसा हुआ। पुल पर बेयरिंग जॉइंट खोलने के दौरान निर्माणाधीन संरचना का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिरने की सूचना समस्तीपुर और पटना जिला मुख्यालय तक पहुंचाई गई है। घटना के कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। चीख-पुकार के बाद पता चला कि कई मजदूर घायल हैं। हिस्सा गिरने और निर्माण कार्य में लगी मशीनों के भड़कने के कारण मजदूरों में भगदड़ की स्थिति बन गई। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट माने जाने वाले ताजपुर-बख्तियारपुर फोरलेन के 38 नंबर पिलर के पास यह हादसा हुआ।

## दावा : ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मोदी को धमकी

**कैनबरा।** पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस मोदी को दी गई धमकी की जांच कर रही है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की शनिवार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, 'स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा।' धमकी सामने आते ही जानकारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को दे दी गई थी।




सरकार का वार

हाफिज सईद को भी बड़ी चोट, जम्मू-कश्मीर से भी कनेक्शन

# जैश और लश्कर के 23 ऑपरेटिव आतंकवादी घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीमा पार से संचालित आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान में सक्रिय जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के 23 आतंकियों को आधिकारिक तौर पर आतंकी घोषित कर दिया। सरकार का कहना है कि ये सभी आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ, आतंकियों की भर्ती, हथियारों की तस्करी, ड्रोन के

### ड्रोन, सोशल मीडिया और साइबर नेटवर्क का कैसे हुआ इस्तेमाल

अधिसूचना में कहा गया है कि कुछ आतंकी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे थे। मोहम्मद मुसद्दिक पर ड्रोन के जरिए सीमा पार हथियार और गोला-बारूद भेजने का आरोप है। साथ ही वह सोशल मीडिया के जरिए युवाओं की भर्ती करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के साइबर नेटवर्क को भी संभालता था। मोहम्मद शहीद फैसल पर लश्कर-ए-तैयबा, अल-कायदा और आईएसआईएस से जुड़े मॉड्यूल के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं की भर्ती, पाकिस्तान में हथियारों का प्रशिक्षण दिलाने, आतंकी फंड जुटाने और डेटा एन्क्रिप्शन तथा फर्जी पहचान का प्रशिक्षण देने के आरोप लगाए गए हैं।



जरिए हथियार पहुंचाने और आतंकी हमलों की साजिश रचने जैसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। सूची में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज मोहम्मद सईद के तीन करीबी सहयोगियों अब्दुल रऊफ, हाफिज खालिद वलीद और राना इफ्तिखार के नाम भी शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार राना इफ्तिखार युवाओं को आतंकी गतिविधियों के लिए उकसाने और विभिन्न आतंकी संगठनों के बीच समन्वय करने का काम करता है। वहीं अब्दुल रऊफ पर आतंकी गतिविधियों की योजना बनाने, समन्वय करने और धन जुटाने के आरोप हैं।

हाफिज खालिद वलीद को कई आतंकी घटनाओं का कथित

### इन आरोपों के आधार पर सूची में शामिल

- आतंकियों की भर्ती कराने का आरोप।
- आतंकियों को प्रशिक्षण देने का आरोप।
- भारत में घुसपैठ कराने में कथित भूमिका।
- हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करने का आरोप।
- ड्रोन के जरिए हथियार भेजने का आरोप।
- जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की साजिश रचने का आरोप।
- भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों का समन्वय करने का आरोप।
- जैश और लश्कर के समन्वयक के रूप में काम करने का आरोप।





# ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत निजी कंपनियों का सीएजी आडिट कराने की मांग

## दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय का यूपी में भी अनुपालन हो : संघर्ष समिति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश के आगरा तथा ग्रेटर नोएडा में विद्युत वितरण कार्य कर रही निजी कंपनियों का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा व्यापक ऑडिट कराया जाए, ताकि उनके आय-व्यय, लाभ-हानि, सरकारी रियायतों तथा उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। संघर्ष समिति का कहना है कि सार्वजनिक हित से जुड़े विद्युत क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीएजी आडिट अत्यंत आवश्यक है। संघर्ष समिति ने कहा कि हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली में कार्यरत निजी बिजली वितरण कंपनियों (बीएसईएस डिस्कॉम) के सीएजी ऑडिट का मार्ग प्रशस्त करते हुए स्पष्ट किया है कि निजी कंपनियों द्वारा सीएजी ऑडिट का विरोध उचित नहीं है। न्यायालय ने माना कि बिजली वितरण जैसी सार्वजनिक सेवा का सीधा प्रभाव करोड़ों उपभोक्ताओं पर पड़ता है। इसलिए उसकी वित्तीय जांच सार्वजनिक हित



में आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में भी इसी सिद्धांत को लागू किया जाना चाहिए। संघर्ष समिति ने आगरा का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने टोरेंट पावर को लगभग 2400 मिलियन यूनिट बिजली की आपूर्ति 4.55 रूपए प्रति यूनिट की दर से की,जबकि उसी अवधि में पावर कॉरपोरेशन की औसत बिजली खरीद लागत लगभग 5.85 रूपए प्रति यूनिट रही। इसके चलते कॉरपोरेशन ने अपनी लागत से लगभग 1.30 रूपए प्रति यूनिट कम दर पर बिजली उपलब्ध कराई, जिससे केवल एक वर्ष में ही लगभग 312 करोड़ रूपए का वित्तीय नुकसान हुआ। संघर्ष समिति ने कहा कि पिछले 16 वर्षों से आगरा अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी व्यवस्था के अंतर्गत पावर कॉरपोरेशन अपनी खरीद लागत से कम दर पर निजी कंपनी को बिजली उपलब्ध करा रहा है, जिसके कारण सार्वजनिक क्षेत्र को हजारों करोड़ रुपये की क्षति हुई है। गंभीर विषय है कि घाटे का बोझ प्रदेश के आम उपभोक्ताओं और पावर कॉरपोरेशन पर डाला जा रहा है, जबकि निजी कंपनी लगातार लाभ अर्जित कर रही है। संघर्ष समिति ने प्रश्न किया कि क्या यही निजीकरण का मॉडल है? संघर्ष समिति ने मांग की कि आगरा अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी समझौते की तत्काल पुर्नसमीक्षा कराई जाए यदि जांच में अनियमितताएं और सार्वजनिक हित के विरुद्ध शर्तें पाई जाती हैं तो इस घाटे वाले करार को निरस्त किया जाए। सीएजी ऑडिट से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच संभव होगी और वास्तविक वित्तीय स्थिति उजागर होगी। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि ग्रेटर नोएडा में कार्यरत निजी बिजली कंपनी का भी सीएजी ऑडिट कराया जाना चाहिए। कंपनी ने करार के अनुसार विद्युत उत्पादन संयंत्र स्थापित करने का दायित्व लिया था, किंतु आज तक उसका पालन नहीं किया गया। नतीजतन उपभोक्ताओं के हितों की सीएजी द्वारा जांच कराई जानी चाहिए, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता और सार्वजनिक धन की हानि का खुलासा हो सके।

# राम मंदिर प्रकरण की फोरेंसिक जांच की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामलों की स्वतंत्र, निष्पक्ष और वैज्ञानिक फोरेंसिक जांच कराने की मांग की है। अजय राय ने अपने पत्र में कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में मंदिर में प्राप्त चढ़ावे, दान, भूमि क्रय, निर्माण कार्यों और वित्तीय लेन-देन से जुड़े प्रत्येक मामले में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्राप्त नकद चढ़ावे और श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई बहुमूल्य वस्तुओं से संबंधित कथित अनियमितताओं के मामले में एसआईटी की अंतरिम जांच के बाद एफआईआर दर्ज की गई है तथा कुछ कर्मचारियों की गिरफ्तारी भी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच के दौरान सीसीटीवी रिकॉर्ड और अन्य पुराने अभिलेखों की उपलब्धता सीमित रहने से जांच प्रभावित हुई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने वर्ष 2021 में मंदिर और आसपास के विकास कार्यों के लिए भूमि खरीद में कथित अनियमितताओं तथा निर्माण कार्यों में कथित कमीशनखोरी के आरोपों का भी उल्लेख करते हुए इन सभी मामलों की समग्र जांच कराने की मांग की। अजय राय ने मुख्यमंत्री से मांग की कि मंदिर की स्थापना से अब तक प्राप्त सभी नकद चढ़ावे, डिजिटल दान, स्वर्ण, रजत एवं अन्य बहुमूल्य दानों का स्वतंत्र ऑडिट और भौतिक सत्यापन कराया जाए। इसके साथ ही बैंक खातों, लेखा-पुस्तकों, ऑडिट रिपोर्ट, स्टॉक रजिस्टर, डिजिटल रिकॉर्ड, निर्माण कार्यों के अनुबंध, निविदाएं, सामग्री खरीद और भूमि क्रय-विक्रय से जुड़े दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच भी कराई जाए। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि यदि जांच के दौरान धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) या अन्य वित्तीय अपराध के संकेत मिलते हैं तो संबंधित सक्षम एजेंसियों द्वारा विधि के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अजय राय ने यह भी सवाल उठाया कि यदि कथित अनियमितताएं लंबे समय तक होती रहीं तो आंतरिक नियंत्रण, लेखा परीक्षण और प्रशासनिक निगरानी में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई तथा जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते सरकार को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह मामला किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, सार्वजनिक धन की पवित्रता और शासन की विश्वसनीयता से जुड़ा है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र, समयबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से कराई जाए तथा जांच की प्रगति और निष्कर्षों को यथासंभव सार्वजनिक किया जाए। अजय राय ने पत्र के अंत में कहा कि यदि उपलब्ध तथ्यों के बावजूद व्यापक और स्वतंत्र जांच नहीं कराई गई तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि प्रभावशाली लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच नहीं होने दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कानून के समक्ष सभी को समान मानते हुए किसी भी स्तर पर संरक्षण की आशंका समाप्त करने की अपील की।

■ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सीएम योगी को लिखा पत्र

## खबर एक नज़र

### विरागसागर मुनिराज का समाधि दिवस मनाया



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** समाधि सम्राट 108 श्री विरागसागर जी मुनिराज का तृतीय समाधि दिवस शनिवार को याहियागंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पूज्य मुनि श्री विहसंत सागर जी महाराज तथा चौक स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पूज्य मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज के सान्निध्य में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अभिषेक, पूजन और श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके समाज एवं राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया गया। मुनि श्री विहसंत सागर जी महाराज ने वर्षायोग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए धर्म साधना और स्वाध्याय का संदेश दिया। मुक्त संयोजक बृजेश जैन (बंटी) ने बताया कि 16 जुलाई को आशियाना जैन मंदिर में मुनि संघ का मंगल प्रवेश और 19 जुलाई को चातुर्मास स्थापना समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में राजेश जैन, आदीश जैन, समीर जैन, कैलाशचंद जैन कागजी, वीर कुमार जैन, रितेश जैन, संजीव जैन, अशोक जैन सोगानी, समर्थ जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मलिहाबाद में आम की दावत कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत मलिहाबाद।** मलिहाबाद स्थित औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित आम की दावत कार्यक्रम में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव किसानों को नई तकनीकों और विपणन के अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है। मंत्री ने कहा कि मलिहाबाद का दशहरी आम अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उत्तर प्रदेश से दो टन आम रूस भेजे गए, जहां मॉस्को में इसकी अच्छी मांग रही। उन्होंने बागवानों से बैगिंग तकनीक अपनाने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीणा, उपनिदेशक सृष्टि धवन, सीमा राणा, राजीव वर्मा, मुख्य उद्यान विशेषज्ञ कृष्ण मोहन चौधरी, कीट विशेषज्ञ सचिन आर्या सहित उद्यान विभाग के अधिकारी, बागवान और किसान मौजूद रहे।

### सीएमएस में वन महोत्सव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) गोमती नगर एक्सटेंशन परिसर में छात्रों ने उत्साह के साथ वन महोत्सव मनाया। एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत प्रधानाचार्या अनुपमा चेकर के मार्गदर्शन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पौधारोपण किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण पर आधारित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक ए ब्रीथ ऑफ होप, ग्रीन मार्च-पास्ट और ट्रैश टू ट्रेजर फैन्सी ड्रेस रैंप वॉक के माध्यम से हरित और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले परिवारों को ग्रीन फैमिली अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने कहा कि विद्यालय छात्रों के माध्यम से समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है।

### सीलिंग कार्रवाई के विरोध में उतरे व्यापारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल की ट्रांसगोमती इकाई की बैठक में ट्रांसगोमती अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अमिताभ श्रीवास्तव, नितिन जैन और अरविंद पाठक ने एलडीए व आवास विकास परिषद की सीलिंग कार्रवाई का विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि बिना पूर्व सूचना और संवाद के की जा रही कार्रवाई से कारोबार प्रभावित हो रहा है। संगठन ने प्रशासन से व्यापारी संगठनों के साथ वार्ता कर व्यावहारिक समाधान निकालने और अनावश्यक सीलिंग पर रोक लगाने की मांग की। अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय में अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल और पुष्पेंद्र यादव ने आग से बचाव और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का लाइव डेमो दिया। इस दौरान व्यापारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने और उपकरणों की नियमित जांच के लिए जागरूक किया गया।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



नितिन नबीन के पहली बार लखनऊ आगमन पर सिख एवं पंजाबी समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया। पूर्व सह मीडिया प्रभारी, अवध क्षेत्र भाजपा उत्तर प्रदेश सतबीर सिंह राजू ने बताया कि फूलों की तोप से पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का संदेश भी इस आगमन से मिला। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, निर्मल सिंह, लखविंदर सिंह, राजिंदर सिंह बग्गा, तेजपाल सिंह बग्गा, गुरविंदर सिंह छाबड़ा, परविंदर सिंह, सनी आनंद और सुधाकर त्रिपाठी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूपीटीईटी-2026 शांतिपूर्वक संपन्न

■ एआई निगरानी से 44 फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** योगी सरकार की नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था के तहत 2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा प्राइमरी स्तर (कक्षा 1 से 5) एवं उच्च प्राइमरी स्तर (कक्षा 6 से 8) की लिखित परीक्षा 02, 03 एवं 04 जुलाई 2026 को प्रदेश के सभी 60 जनपदों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 02 जुलाई 2026 की दो पालियों एवं 03 जुलाई 2026 की प्रथम पाली में उच्च प्राइमरी स्तर की परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें कुल पंजीकृत 12,11,459 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 10,57,055 अभ्यर्थियों अर्थात 87.25त्र ने प्रतिभाग किया। 03 जुलाई 2026 की द्वितीय पाली एवं 04 जुलाई 2026 की प्रथम पाली में प्राइमरी स्तर की परीक्षा हुई, जिसमें पंजीकृत 7,83,202 परीक्षार्थियों में से 7,13,659 अभ्यर्थियों अर्थात 91.12त्र ने परीक्षा दी। उच्च प्राइमरी स्तर की परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों की प्रतिभागिता 87.00त्र एवं प्राइमरी स्तर की परीक्षा में 90.85त्र रही। शनिवार 04 जुलाई को प्रथम पाली में प्रदेश के 955 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा में 3,79,316 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3,34,775 अर्थात 88.00त्र अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रकार कुल पंजीकृत 19,94,661 परीक्षार्थियों में से 17,70,714 कुल 88.77त्र परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।सभी 60 जनपदों में सदस्यगण व सेवानिवृत्त आईएएस व आईपीएस को प्रेक्षक के रूप में नामित किया गया था। सभी प्रेक्षकों ने परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का अनवरत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंट्रोल कमांड रूम से अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में सभी परीक्षा केन्द्रों की सघन निगरानी की गयी तथा परीक्षा केन्द्रों पर लगे.. कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत् दृष्टि रखी गयी।आधारित सॉफ्टवेयर की मदद से परीक्षा के दौरान संदिग्धों की जाँच के पश्चात् प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 02 जुलाई 2026 को 14, 03 जुलाई 2026 को 11 एवं दिनांक 04 जुलाई 2026 को 19 कुल 44 फर्जी परीक्षार्थी जो दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़े गये एवं 03 जुलाई 2026 को एक अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाइल से नकल के प्रयास में पकड़ा गया। उक्त सभी के विरुद्ध अग्रेतर विधिक कार्रवाई हेतु स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के सभी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से पारदर्शी, नकल विहीन, शुचितापूर्ण, निर्विघ्न एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफल संचालन में सम्बन्धित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, सतर्कता विभाग एवं एसटीएफ के सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी परीक्षार्थियों, केन्द्र व्यवस्थापकों, प्रेक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों/सहयोगियों के प्रति आयोग की ओर से आभार प्रकट किया।

# आर्य प्रतिनिधि सभा की बैठक में वैदिक शिक्षा के विस्तार पर जोर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वावधान में शनिवार को महात्मा नारायण स्वामी भवन में विद्यार्य सभा की बैठक स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज की अध्यक्षता में हुई। स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज ने कहा कि पूर्वजों द्वारा स्थापित वैदिक शिक्षण संस्थानों की परंपरा को सुदृढ़ कर वैदिक संस्कृति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों पर आधारित शिक्षा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। बैठक का संचालन करते हुए सभा के उपप्रधान आचार्य पंकज आर्य ने बताया कि प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों को एक मंच पर लाने के लिए जागृति एवं संपर्क यात्राएं, जिला स्तरीय बैठकें और स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभा के मंत्री योगेश आर्य



ने शिक्षण संस्थानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए चरणबद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक में शिक्षण संस्थानों के सुदृढ़ीकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैदिक संस्कारों के संवर्धन पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपकोषाध्यक्ष अखिलेश आर्य, पुस्तकाध्यक्ष आचार्य ज्ञान प्रकाश वैदिक, बलवीर शास्त्री, मुकेश आर्य, आचार्य विमल किशोर सहित प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सारे राज खोल देगी बंटवारे की लड़ाई : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आखिरकार सुरंगजीवियों को बाहर आना ही पड़ा क्योंकि अब अपयश का पानी सुरंग में गले तक भर गया है। फिर भी 140 करोड़ देशवासी और दुनियाभर के चंदा-दान देने वाले सनातनी पूछ रहे हैं कि हर काम में आगे रहने वाले, इस घोर-गंभीर मसले पर खुद सामने क्यों नहीं आए, अपने से पीछे वाले को आगे क्यों कर दिया, क्या इसमें भी ये सोचकर साजिश की गई है कि 'महापाप' के दोष और जनाक्रोश से खुद को बचा लो और दूसरे को फंसाकर उससे सफाई दिलवा दो। जो षडयंत्रजीवी रहे हैं अब तो वो आपस में भी एक-दूसरे की मुखबिरी कर रहे हैं। बंटवारे की लड़ाई सारे राज खोल देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि जो शातिर सेंध लगाकर, बोरी भरकर सुरंग के रास्ते बहुत दूर निकल गये हैं, वो 'असली पापी' याद रखें जहां भूमिगत मार्ग खत्म होगा, उस अगले छोर पर 'सत्य' उनके पापों की सजा देने के लिए प्रतीक्षा कर रहा है। इन्हें न अयोध्या क्षमा करेगा, न देश, न वो परम प्रभु, जिसके खजाने को इन्होंने बेरहमी, बेदर्दी और बेशर्मी से लूटा है।

# समर शोकेस में प्रतिभाओं का प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** समर शोकेस-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने शास्त्रीय, फ्यूजन, बॉलीवुड और वेस्टर्न नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिटी स्कूल ऑफ डांस एंड म्यूजिक की ओर से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय थे। विशिष्ट अतिथियों में राहुल गुप्ता, विवेक बदलानी, अनुराग श्रीवास्तव, कला शम्सुर रहमान, अमृत सिन्हा, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, आईएएस चंद्रशेखर, अजय कुमार मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह और सुनीता भटनागर मौजूद रहे। आयोजिका दिव्या शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और कला-संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

# पुरानी जीत को 2027 के चुनाव में दोहराने के मूड में बसपा

## यूपी में पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाने का प्रयास करेंगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पिछले तेरह सालों से प्रदेश की सत्ता से ओझल हुई बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) अगर अगले साल 2027 में होने जा रहे उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुछ खास बड़ा नहीं कर पाती है तो उनकी पार्टी का यहां से सफाया तय है। यह बात बसपा सुप्रीमो मायावती भी अच्छी तरह से समझ रही हैं। इसलिए इस बार वह चुनाव में राजनीति के शतरंज पर वो विशात बिछाना चाहती हैं, जिसकी चल से विपक्षी पार्टियों के नेता चारों खाने चित हो जाएं। इसके साथ ही उनकी निगाहें देश के अन्य राज्यों पर भी हैं, जहां से वो अपनी नई राजनीति की बुनियाद रख सकें। इसलिए वो उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी अपनी पार्टी की जड़ें मजबूत करने में जुटी हुई हैं, जिसके चलते उनकी पार्टी यूपी में नहीं तो देश की राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार में अपनी जगह बना सके। इस दिशा में मायावती पिछले कई चुनावों से जुटी हुई हैं। हालांकि इस बीच उनके हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसके



चलते मायावती यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से एक बार 2007 की तरह यूपी में पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाने का प्रयास कर रही हैं। दरअसल पिछले दिनों भाजपा पार्टी से नाराज ब्राह्मण नेताओं की बात सामने आने के बाद बसपा से जब कई ब्राह्मण नेताओं ने अगले साल यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए संपर्क साधना शुरू किया तो मायावती को अपने पुराने दिनों की याद आ गयी और उन्होंने इस दिशा में अपनी पार्टी के नेताओं से जमीनी स्तर पर ब्राह्मण वोट जुटाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आदेश दिया, जिससे वो 2007 की तरह एक बार फिर से उत्तर प्रदेश के 2027 के विधान सभा चुनाव में अपना परचम लहरा सके। सूत्रों के मुताबिक मायावती ने ब्राह्मण वोट को साधना शुरू कर दिया है। दरअसल ये वही वोट बैंक है जिसके बलबूते बसपा सुप्रीमो ने 2007 के चुनाव में यूपी में अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर पूरे पांच साल अपना राज किया था। इसके साथ ही मायावती की नजर मुस्लिम वोट बैंक पर भी है। इसलिए पार्टी सुप्रीमो इन दोनों वोट बैंकों को तो मजबूत करने में लगी ही हैं। इसके साथ उनका अपना पुराना वोट बैंक दलित, पिछड़े और अनुसूचित जाती के वोट बैंक को भी अपनी पार्टी से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं, जिससे उन्हें इस बार किसी भी पराजय का मुहं न देखना पड़े। फिलहाल पार्टी सुप्रीमो के आदेश पर बसपा के कार्यकर्ता पूरे जोश और उमंग के साथ चुपचाप तरीके से बसपा को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में जुटे हुए हैं।

## चिराग पासवान लखनऊ में आज करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान कल 5 जुलाई को लखनऊ में कार्यकर्ता सम्मेलन करने जा रहे हैं। कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। सम्मेलन 2027 यूपी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की संगठनात्मक ताकत बढ़ाने और रणनीति तय करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। चिराग पासवान इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को चुनावी दिशा देंगे और दलित प्रतिनिधित्व को लेकर पार्टी की रणनीति साझा करेंगे।लोजपा रामविलास को प्रदेश प्रभारी अरुण भारती ने कहा कि विपक्ष ने 2024 लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण खतरे में है। का झूठा नैरेटिव फैलाया था। चिराग पासवान हमेशा स्पष्ट करते आए हैं कि जब तक रामविलास पासवान के विचारों के उत्तराधिकारी मौजूद हैं, तब तक संविधान और आरक्षण को कोई खतरा नहीं है कांग्रेस चुनाव हारने पर दलित चेहरों को आगे करती है।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पहली बार उत्तर प्रदेश आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा के नेतृत्व में लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन पर युवा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों, गगनभेदी नारों और पुष्पवर्षा के बीच बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजयुमो की ओर से कहा गया कि युवा कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति के प्रति युवाओं के समर्थन का प्रतीक है।


# सपा के पास न कोई मुद्दा और न कोई एजेंडा : पूजा पाल

## नितिन नवीन के लखनऊ आगमन पर सपा के हमले पर पूजा पाल ने किया पलटवार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चायल विधानसभा सीट से विधायक और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पाल ने समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के पास न तो कोई मुद्दा है। वे बिना एजेंडे के राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सरकार के कामों की तारीफ की। उन्होंने



कहा कि जनता का सरकार के कामों के प्रति रुझान सकारात्मक है। जनता सरकार से खुश है। ऐसे में समाजवादी पार्टी की ओर से उन्होंने भावनाओं को भड़काने की राजनीति का आरोप लगाया। भाजपा नेता पूजा पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है, कोई एजेंडा नहीं है। सरकार जो काम कर रही है, उसे समाजवादी पार्टी पचा नहीं पा रही है। इसलिए आज नितिन नवीन के आगमन पर ऐसी टिप्पणी की जा रही है। मैं यही कह सकती हूं कि जिस तरह से भाजपा सरकार ने आम जनता के लिए काम किया है, उससे जनता खुश है। उनके(समाजवादी पार्टी) पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रदेश दौरे पर भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश आ रहे हैं, उन्हें हार्दिक बधाई। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानती हूं कि उनके साथ काम करने का मुझे अवसर मिल रहा है। उनके मार्गदर्शन में हम 2027 में फिर से सरकार बनाएंगे। दरअसल, नितिन नवीन के लखनऊ आगमन पर सपा के हमले पर पूजा पाल ने पलटवार किया है।





# नितिन नवीन ने लखनऊ में किया 18 किमी लंबा रोड शो

■ एयरपोर्ट पर सीएम योगी ने किया स्वागत ■ क्रेन से पहनाई गई 25 फीट की माला ■ मुस्लिम महिलाएं और पुरुष भी रोड शो में हुए शामिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को लखनऊ में रोड शो किया। एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक 18 किलोमीटर लंबा यह रोड शो सुबह साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुआ और दोपहर दो बजे समाप्त हुआ। एयरपोर्ट से निकलने के बाद वह प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ विशेष रथ पर सवार होकर रोड शो के लिए रवाना हुए।

### ■ पादरियों और ननों ने भी किया स्वागत

पूरे मार्ग में जगह-जगह कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और जमकर नारेबाजी की। रोड शो के दौरान नितिन नवीन ने समर्थकों का अभिवादन करते हुए तलवार भी लहराई। बड़ी संख्या में बुर्का पहने मुस्लिम महिलाएं और टोपी पहने मुस्लिम पुरुष भी रोड शो में शामिल हुए। वहीं, पादरियों और ननों ने भी उनका स्वागत किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने उन्हें क्रेन की मदद से 25 फीट की विशालकाय माला पहनाई। नितिन नवीन शनिवार सुबह 11 बजे लखनऊ पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, महामंत्री धर्मपाल सिंह, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित राज्य सरकार के मंत्रियों और भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उनके स्वागत के लिए राजधानी में एक लाख से अधिक पोस्टर-बैनर लगाए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह नितिन नवीन का पहला लखनऊ दौरा है। वह करीब 36 घंटे लखनऊ में रहेंगे। इस दौरान सांसदों, विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक के अलावा आरएसएस पदाधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले वह 25 जनवरी 2026 को मथुरा गए थे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बांके बिहारी जी के दर्शन किए थे।



## लखनऊ पूर्वी विधायक ने भी किया भव्य स्वागत



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रथम लखनऊ आगमन पर शनिवार को लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। विधानसभा मार्ग स्थित स्वागत मंच पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ विप्र समाज ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि की, जबकि स्कूली बच्चों के बैंड तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यकर्ताओं के लिए पेयजल, मट्ठा और जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, पार्षद, पदाधिकारी और हजारों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण और अनुशासन ही भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकत है तथा इसी शक्ति के बल पर पार्टी जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

## नितिन नबीन के स्वागत में सिख व पंजाबी समाज ने की पुष्पवषा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम लखनऊ आगमन पर शनिवार को सिख एवं पंजाबी समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। पूर्व सह मीडिया प्रभारी अवध क्षेत्र भाजपा सतबीर सिंह राजू ने बताया कि स्वागत के दौरान फूलों की तोप से पुष्पवर्षा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का उत्तर प्रदेश आगमन वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की डबल इंजन सरकार बनेगी। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, निर्मल सिंह, लखविंदर सिंह, राजिंदर सिंह बग्गा, तेजपाल सिंह बग्गा, गुरविंदर सिंह छाबड़ा, परविंदर सिंह, सनी आनंद, सुधाकर त्रिपाठी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लखनऊ में नितिन नबीन ने कार्यकर्ताओं संग पी शर्माजी की चाय

**कहा- चायवाले का मजाक उड़ाने वाले राजनीतिक हाशिए पर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शनिवार को लखनऊ की प्रसिद्ध शर्माजी की चाय की दुकान पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ चाय की चुस्की ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने की जरूरत है। नितिन नबीन ने कहा कि कभी चायवाले का मजाक उड़ाने वाले लोग आज राजनीतिक हाशिये पर हैं, जबकि देश की जनता ने सेवा और विकास की राजनीति को स्वीकार किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। उनके इस दौरे के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। शर्माजी की चाय की दुकान पर नितिन नबीन की मौजूदगी को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक सक्रियता के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

# यूपी माध्यमिक विद्यालयों के लिए जुलाई का शैक्षणिक कैलेंडर जारी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए जुलाई माह का शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार इस कैलेंडर का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षा तक सीमित न रखकर उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

### ■ डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

जुलाई माह में नियमित पठन-पाठन के साथ बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया, सतत एवं समग्र मूल्यांकन, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियों और करियर मार्गदर्शन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में डिजिटल माध्यम से शिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ दिलाने, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा करियर काउंसलिंग, व्यक्तित्व विकास और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर भी विशेष जोर रहेगा। नियमित शिक्षण कार्य के साथ सीखने की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक कौशल को मजबूत करने के लिए विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश सरकार का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का समग्र विकास है। इसी दृष्टि से जुलाई माह का यह शैक्षणिक कैलेंडर शैक्षणिक, तकनीकी, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का संतुलित समावेश प्रस्तुत करता है।

# 8 जुलाई को वाराणसी से मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे : सीएम




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 8 जुलाई को वाराणसी में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे। बड़ालालपुर स्थित टीएफसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वयं 10 शिक्षकों को स्वास्थ्य कार्ड वितरित करेंगे। इस योजना के तहत बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को उनके परिवार सहित 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध

### ■ शिक्षकों को मिलेगा स्वास्थ्य कार्ड

कराई जाएगी। वाराणसी में इस योजना का लाभ 12,407 शिक्षक और कर्मचारी प्राप्त करेंगे। अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार योजना का लाभ परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, अनुदेशक, रसोइया, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डेन, पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षक, सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक तथा अन्य पात्र शिक्षणेत्तर कार्मिकों को मिलेगा। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञ, मानदेय शिक्षक तथा उनके परिवार के सदस्य भी योजना के दायरे में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्कूल बैग और यूनिफॉर्म हेतु 1,200 रुपये की धनराशि भी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से जारी करेंगे। राज्य सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षकों और कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा इलाज पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है।

हालांकि, दोनों नेताओं की व्यक्तिगत मुलाकात के राजनीतिक मायनों को लेकर विभिन्न तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन भाजपा की ओर से इसे नियमित संगठनात्मक कार्यक्रम और मिशन-2027 की तैयारियों का हिस्सा बताया जा रहा है। भाजपा नेतृत्व का फोकस आगामी चुनाव से पहले संगठन को सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दो दिवसीय दौरा पार्टी के लिए अहम माना जा रहा है।

## चंपत राय के समर्थन में उतरा अयोध्या का संत समाज

**ट्रस्ट से इस्तीफा स्वीकार न करने की अपील**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अयोध्या का संत समाज उनके समर्थन में खुलकर सामने आया है। शनिवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में संतों ने ट्रस्ट से अपील की कि चंपत राय का इस्तीफा स्वीकार न किया जाए। संतों ने कहा कि वे लंबे समय से चंपत राय को जानते हैं और उनकी ईमानदारी, निष्ठा तथा कार्यशैली पर उन्हें पूरा विश्वास है। उनका कहना था कि चंपत राय के खिलाफ लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं और बिना तथ्यों के किसी की छवि धूमिल करना उचित नहीं है। संत समाज ने यह भी कहा कि चंपत राय ने स्वयं पूरे प्रकरण की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया था, जो उनकी पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच में विश्वास को दर्शाता है। सरकार द्वारा एसआईटी गठन के निर्णय का भी संतों ने स्वागत किया। प्रेस वार्ता में संतों ने कहा कि आरोपों के बावजूद चंपत राय ने संयम बनाए रखा और सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा कि अयोध्या के संत समाज का आशीर्वाद उनके साथ है। इस दौरान संतों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरि से भी कुछ सवाल उठाए। उन्होंने ट्रस्ट के कोष की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई और पूछा कि 11 जुलाई को प्रस्तावित ट्रस्ट बैठक निर्धारित समय से पहले क्यों आयोजित की गई।

# गुलजारीलाल नंदा की 129वीं जयंती पर मनाया गया सदाचार दिवस



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारत के पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा की 129वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को लखनऊ में गुलजारीलाल नंदा स्मृति संस्थान के तत्वावधान में सदाचार दिवस-2026 का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने नंदा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके आदर्शों को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। संस्थान के सचिव ज्ञानी त्रिवेदी ने कहा कि गुलजारीलाल नंदा भारतीय राजनीति में सादगी, ईमानदारी और नैतिकता के प्रतीक थे। दो बार देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और तीन प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में गृह मंत्री रहने के बावजूद उन्होंने कभी सत्ता या संपत्ति को अपना लक्ष्य नहीं बनाया। उन्होंने बताया कि संस्थान गांव-गांव में सदाचार समितियों का गठन कर नैतिक शिक्षा, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देगा। साथ ही तंबाकू निषेध अभियान चलाकर युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा नंदा के जीवन और विचारों पर आधारित साहित्य का प्रकाशन भी जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस गोपबंधु पटनायक ने कहा कि नंदा का पूरा जीवन सादगी, सत्यनिष्ठा और श्रमिक हितों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और उच्च आदर्शों की स्थापना के लिए उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। विशिष्ट अतिथि आनंद वर्धन सिंह ने कहा कि नंदा भ्रष्टाचार मुक्त भारत और स्वस्थ सामाजिक व्यवस्था के समर्थक थे। वहीं डॉ. मोहम्मद कामरान ने कहा कि आज के युवाओं को नंदा के नैतिक मूल्यों और सत्यनिष्ठा से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। शरद प्रकाश अग्रवाल ने समाज में सदाचार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता जताई। सुल्तान शाकिर हाशमी ने कहा कि दो बार प्रधानमंत्री बनने के बावजूद नंदा सत्ता के मोह से दूर रहे और इसी कारण उन्हें संत तुल्य सम्मान मिला। संस्थान के उपाध्यक्ष गंगा सिंह ने देश में नेतृत्व संकट के समय नंदा द्वारा निभाई गई जिम्मेदारियों को याद किया, जबकि वरिष्ठ पत्रकार संजीव श्रीवास्तव ने उनके आध्यात्मिक जीवन और श्रीकृष्ण भक्ति पर प्रकाश डाला। समारोह में तीर्थराज मिश्रा, सयैद जरीन, अजय वर्मा, रेन निगम, अनिल सैनी, सुजीत द्विवेदी, विवेक तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। अंत में लालबहादुर राय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुलजारीलाल नंदा के आदर्श आज भी समाज और राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## निष्कलंकर रहा सार्वजनिक जीवन

गुलजारी लाल नंदा भारत के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और कुशल राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और श्रम सुधारों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। वे दो बार भारत के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने—पहली बार 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद और दूसरी बार 1966 में लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद। उन्होंने योजना आयोग, सिंचाई तथा बिजली परियोजनाओं के विकास में भी अहम योगदान दिया। सादगी, ईमानदारी और निष्कलंक सार्वजनिक जीवन के लिए वे प्रसिद्ध रहे। उनके उत्कृष्ट राष्ट्रीय योगदान के सम्मान में भारत सरकार ने उन्हें 1997 में भारत रत्न से सम्मानित किया।

# यूपी के राजस्व में 1,568 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार के राजस्व संग्रह में वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान उल्लेखनीय बढ़ोतरी

### ■ पहली तिमाही में 73.4 फीसदी लक्ष्य हासिल
### ■ राज्य कर, आबकारी और परिवहन विभाग का प्रदर्शन बेहतर; जून में 19,551 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह

दर्ज की गई है। जून 2026 में प्रमुख कर एवं गैर-कर राजस्व मदों से राज्य को 19,551 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो जून 2025 की तुलना में 1,568 करोड़ रुपये अधिक है। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अप्रैल से जून 2026 की पहली तिमाही में प्रमुख कर राजस्व मदों से कुल 60,825.60 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो निर्धारित लक्ष्य का 73.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में राज्य कर से 31,928.64 करोड़ रुपये, आबकारी विभाग से 15,812.21 करोड़ रुपये (लक्ष्य का 95.8 प्रतिशत) तथा परिवहन विभाग से 3,667.98 करोड़ रुपये (लक्ष्य का 100.9 प्रतिशत) राजस्व प्राप्त हुआ। परिवहन विभाग ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व जुटाकर बेहतर प्रदर्शन किया है। जून माह के दौरान जीएसटी से 7,279 करोड़ रुपये, वैट से 3,197 करोड़ रुपये, आबकारी से 5,174 करोड़ रुपये, परिवहन विभाग से 1,123 करोड़ रुपये तथा भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग से 428 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। हालांकि, स्टांप एवं निबंधन विभाग से जून में 2,350 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 316 करोड़ रुपये कम रहा। राज्य सरकार का कहना है कि कर संग्रह में लगातार सुधार से विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और वित्तीय संसाधन अधिक मजबूत होंगे।

# राजस्व परिषद में जमीन संबंधित मामलों के निस्तारण करेगी तीन सदस्यीय विशेष पीठ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े

### ■ योगी के निर्देश पर सुधार में कवायद

मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति (यदि कोई हो) से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ (थ्री मेंबर बेंच) द्वारा की जाएगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

**नई व्यवस्था लागू-** राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा राजस्व न्याय प्रणाली को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष बल देते रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई व्यवस्था लागू की गयी है। इसका उद्देश्य इन संवेदनशील मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता, न्यायिक गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करना है। यह व्यवस्था तत्काल लागू कर दी गई है, जिसके तहत लखनऊ एवं प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद न्यायालयों में इन श्रेणी के सभी लंबित और नए वाद अब विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। नई व्यवस्था के अनुसार आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई अब परिषद की एकल पीठ अथवा सर्किट कोर्ट द्वारा नहीं की जाएगी।


**विशेष पीठ प्रत्येक बुधवार को करेगी सुनवाई-** परिषद की अध्यक्ष ने बताया कि राजस्व परिषद ने लखनऊ और प्रयागराज दोनों न्यायालयों के लिए अलग-अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे सरकारी और सार्वजनिक भूमि से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण संभव होगा। साथ ही पूरे प्रदेश में निर्णय प्रक्रिया में एकरूपता भी स्थापित होगी। वहीं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस श्रेणी के सभी लंबित एवं नए वादों की पहचान कर उन्हें निर्धारित विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कराया जाए।

**राजस्व व्यवस्था बनी उत्तरदायी-** योगी सरकार पहले ही राजस्व प्रशासन में व्यापक सुधारों की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल कर चुकी है। डिजिटल भू-अभिलेख, ऑनलाइन नामांतरण एवं अन्य राजस्व सेवाएं, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से भूमि पैमाइश, पारदर्शी न्यायिक प्रक्रिया तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा जैसे कदमों ने राजस्व व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी बनाया है। अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ का गठन इसी सुधार श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है।

# अगले सप्ताह बने यूपी में भारी बारिश के आसार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश तो कई जगह गर्मी हो रही है। वहीं, मौसम विभाग की तरफ से आने वाले दिनों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही, देश के मध्य हिस्सों समेत यूपी में मानसून की सक्रियता बढ़ने वाली है। इसके चलते पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में अगले एक सप्ताह में भारी बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में अगले एक सप्ताह में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। जबकि प्रदेश के कई हिस्सों में लोग गर्मी से परेशान हैं। वहीं, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के हिस्से में 4 से 6 जुलाई के दौरान हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 7 से 10 जुलाई के बीच मॉनसून के सक्रिय होने से अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिस्से में 4 से 7 जुलाई के दौरान बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके बाद 8 से 10 जुलाई के बीच भी बारिश हो सकती है। वहीं, 4 जुलाई, 7-8 जुलाई और 9-10 जुलाई को भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कई हिस्सों में 7-8 जुलाई को बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली कड़कने की संभावना है। वहीं, 8 से 10 जुलाई को भारी बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी।



# सरोजनीनगर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का भव्य स्वागत

## डॉ. राजेश्वर सिंह बोले—२०२७ में फिर खिलेगा कमल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम प्रदेश आगमन पर सरोजनीनगर में भव्य स्वागत किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में आयोजित रोड शो के दौरान हजारों कार्यकर्ताओं, किसानों और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद रहे।



रोड शो के दौरान पूरे मार्ग पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन की भीड़ देखने को मिली। स्वागत कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रतीक बताया।

सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों और आमजन का जो समर्थन और विश्वास दिखाई दे रहा है, वह इस बात का संकेत है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का पहला उत्तर प्रदेश दौरा संगठन के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा लेकर आया है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर के कार्यकर्ताओं, मंडल अध्यक्षों, बूथ पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों का स्वागत समारोह को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# पुलिस परिवार के बच्चों में व्यक्तित्व को बढ़ावा देने की पहल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार की ओर से वामा सारथी, की ओर से पुलिस लाइन लखनऊ में पुस्तक मेला, रीडिंग रूम शुभारंभ व साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पुलिस परिवारों के बच्चों, महिलाओं एवं युवाओं में अध्ययन की आदत विकसित करने, साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन वामा सारथी की अध्यक्ष व डीजीपी की धर्मपत्नी मीनाक्षी सिंह, कमिश्नर लखनऊ अमरेंद्र सेंगर की पत्नी श्वेता सेंगर और एडीजी सुरक्षा तरुण गाबा की पत्नी चारू गाबा ने दीप प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में पुस्तक मेला, रीडिंग रूम लेखक संवाद, साहित्यिक परिचर्चा, निबंध लेखन, क्रिएटिव राइटिंग, हैंडराइटिंग वर्कशॉप, ओपन माइक, एक्सटेम्पोर, कोलाज मेकिंग, क्विज प्रतियोगिता, विशेष पुस्तक छूट तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी हुई।अध्यक्ष मीनाक्षी ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी उसके शिक्षित, जागरूक और संस्कारित बच्चे होते हैं। यही बच्चे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक, संवेदनशील समाजसेवी, सफल वैज्ञानिक, कुशल प्रशासक, उत्कृष्ट खिलाड़ी और राष्ट्रनिर्माता बनते हैं। बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, विचार विस्तार और जीवन में सही दिशा चुनने की क्षमता विकसित करने में पुस्तकों की भूमिका अत्यंत अहम है। आज के डिजिटल युग में सूचना सहज उपलब्ध है, लेकिन गहन अध्ययन, चिंतन, एकाग्रता और पुस्तकों से जुड़ाव की संस्कृति को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम में ज्वाइंट पुलिस आयुक्त अपराध अपर्णा कुमार समेत निहारिका सिंह, मानिनी श्रीवास्तव, वीना सिंह आदि मौजूद रही।

## क्या सीबीआई को सौंपी जा सकती है राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच?

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानपात्रों से चढ़ावा चोरी के आरोपों वाले मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में दाखिल जनहित याचिका (पी आई एल) पर संभवतः सोमवार को सुनवाई होगी। मामले की सी बी आई से जांच कराने समेत चढ़ावे की संपत्ति का कैग से ऑडिट कराने की मांग वाली यह पी आई एल को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में इसी 12 जून को दाखिल हुई थी। समय की कमी की वजह से ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान इसपर सुनवाई नहीं हो सकी। अब यह जनहित याचिका 6 जुलाई की वाद सूची में न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक ने व्यक्तिगत रूप से यह जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें, कथित गबन मामले की जांच समेत केस दर्ज करने के निर्देश सी बी आई को देने का कोर्ट से आग्रह किया गया है। साथ ही श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों में चढ़ावे के रूप में मिलने वाली नकद धनराशि, सोने चांदी के आभूषणों व अन्य कीमती वस्तुओं का आडिट महालेखा परीक्षक नियंत्रक( कैग) से कराने की मांग भी की गई है।

# मुठभेड़ में चार टप्पेबाज गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फिरोजाबाद जिले की थाना उत्तर पुलिस व एसओजी टीम ने शुक्रवार देर रात टप्पेबाजी की घटना करने वाले आगरा के चार शातिर अपराधियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल दो अभियुक्तों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि बीते दिनों पीड़ित कृष्णा ने शिकायत दी कि उसके पिता टहलने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान बहला फुसलाकर अज्ञात अभियुक्त उनके पिता से सोने की माला व सोने की अंगूठी उतरवाकर फरार हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश कर ही रही थी उसी दौरान



थाना प्रभारी उत्तर अंजीश कुमार टीम के साथ देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में मोटर साइकिलों से पुलिया के निकट एकत्रित हो रहे हैं। वहां पहुंची पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग की। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में दो अभियुक्तों के पैर में गोली लग गई, जिन्हे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आगरा निवासी जग्गू उर्फ जगदीश, सुभाष, तनुज और दिनेश चन्द्र बताया।

अभियुक्तों के कब्जे से टप्पेबाजी किये गये आभूषण बेचकर प्राप्त किये गये डेढ़ लाख रुपये नकद, 03 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस, घटना करने में प्रयुक्त 03 मोटर साइकिल बरामद की है।

## पीएसी के सीओ की इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र में बीते 12 जून को तेलीबाग के पास सड़क हादसे में घायल हुए 35वीं वाहिनी पीएसी में तैनात सीओ की शनिवार तड़के उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। हादसा 12 जून को तेलीबाग के पास हुआ था, जब उनकी सरकारी गाड़ी आगे चल रहे डाला से टकरा गई थी।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मूल रूप से बाराबंकी निवासी मायाराम (59) पीएसी की 35वीं वाहिनी में सीओ के पद पर तैनात थे। वह गुडंबा के कल्याणपुर में पत्नी ज्ञानवती, बेटे अभिषेक और बेटी कविता के साथ रहते थे। बेटे अभिषेक ने बताया कि 12 जून को उनके पिता सरकारी वाहन से एक रिश्तेदार को देखने ट्रॉमा सेंटर गए थे। लौटते समय तेलीबाग के पास आगे चल रहे डाला चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे सरकारी गाड़ी के चालक ने भी तत्काल ब्रेक लगाया। अचानक झटका लगने से मायाराम का सिर चालक की सीट के पीछे वाले हिस्से से टकरा गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम लक्ष्य भसीन (LAKSHAY BHASIN) पुत्र हरीश भसीन (HARISH BHASIN) है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0 9308 4443 4174 में उसका नाम हरीश भसीन (HARISH BHASIN) अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम लक्ष्य भसीन (LAKSHAY BHASIN) पुत्र हरीश भसीन (HARISH BHASIN) के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।
**हरीश भसीन पुत्र तिलक राज भसीन, 52- इंद्रपुरी रेलवे रोड एटा उ0प्र0 207001**

**सी.आर.- 650/D**

**सूचना**

[illegible] ... KIFS Housing Finance Ltd. ... लखनऊ- 226016 ... मो. 8957262992, मो. 7985579594

**सी.आर.-655/ L**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त प्रथम देवी पाटन मंडल गोण्डा**
**वाद संख्या- सी199008000000004**
**सरकार प्रति श्याम तुलश्यान**
**ता. पेशीः 07-07-2026**

बनामः 1. श्याम तुलश्यान पुत्र सन्तलाल (संरक्षिका श्रीमती रुकमणि देवी माता) निवासी रिसिया बाजार परगना व तहसील नानपारा जनपद बहराइच।

चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह निवेदन किया है कि अंर्तगत अत एव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक-07-07-2026 को पूर्वान्ह 10 बजे स्वयं या सम्यकरूपेण अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में सफल न रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक-04-07-2026 को निकाली गई।

**न्यायालय**
**अपर आयुक्त प्रथम देवी पाटन मंडल, गोण्डा**

**सी.आर.-652/ L-CN**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/**
**साधारण प्रारूप**
**न्यायालय नायब तहसीलदार माल, मलिहाबाद, लखनऊ**
**वाद सं.-टी 20251046010 6593**
**धारा : 209 (ज) उ.प्र.रा.सं. 2006**
**परमहंस शुक्ला ... वादी**
**बनाम**
**संतोष कुमार ... प्रतिवादी**

ग्रामः शंकरपुर मलिहाबाद लखनऊ।
चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 13/07/2026 के दिवस को 10: 00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्सजाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 25 मई, 2026 के दिवस को निकाला गया।
**तारीख पेशी- 13-07-2026**
**नायब तहसीलदार माल, लखनऊ**

**सी.आर.-653/ L-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 05.07.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 179 वर्ष 2026 चंदन सक्सेना बनाम दीपिका श्रीवास्तव आदि बनामः-1- दीपिका श्रीवास्तव पुत्री स्व.मधुप सक्सेना पत्नी रविमोहन श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला हुसैनपुरा तह.सदर जिला शाहजहांपुर 2-सोनिया श्रीवास्तव पुत्री स्व.मधुप सक्सेना पत्नी धीरज श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला हुसैनपुरा तह.सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी चंदन सक्सेना वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. श्रीमती नीलिमा सक्सेना पत्नी स्व.मधुप सक्सेना निवासी मोहल्ला घुरनतलैया पर.व तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी चंदन सक्सेना वादी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 05.07.2026 वास्ते समा अत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 05.07.2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरतं इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 04-07-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।

**सी.आर.- 651/D-CN**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/**
**साधारण प्रारूप**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पी-2, मलिहाबाद, लखनऊ**
**वाद सं.-टी 20251046010 6875**
**धारा : 38(1) उ.प्र.रा. संहिता 2006**
**राम दुलारी ... वादी**
**बनाम**
**उ.प्र. सरकार ... प्रतिवादी**

ग्रामः पहाड़पुर, परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ।
चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 09/07/2026 के दिवस को 10: 00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्सजाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 30 मई, 2026 के दिवस को निकाला गया।
**तारीख पेशी- 09-07-2026**
**उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पी-2, मलिहाबाद, लखनऊ**

**सी.आर.-653/ L-CN**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/**
**साधारण प्रारूप**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पी-2, मलिहाबाद, लखनऊ**
**वाद सं.-टी 20251046010 9378**
**धारा : 116 उ.प्र.रा. संहिता 2006**
**अजय कुमार आदि ... वादी**
**बनाम**
**अमरेश कुमार आदि ... प्रतिवादी**

ग्रामः बिशुनपुर, परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ।
चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 06/07/2026 के दिवस को 10: 00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्सजाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 30 मई, 2026 के दिवस को निकाला गया।
**तारीख पेशी- 06-07-2026**
**उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पी-2, मलिहाबाद, लखनऊ**

**सी.आर.-653/ L-CN**

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

पहले मेरा नाम अनिल कुमार था, अब मैंने उसमें अपना उपनाम गुप्ता लगा कर, अनिल कुमार गुप्ता कर लिया है। भविष्य में मुझे अनिल कुमार गुप्ता के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्व. संतोष कुमार गुप्ता, निवासी-116/656, रावतपुर गाँव, कानपुर, पिन-208019.
**सी.आर.- 654/L-42**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अजय कुमार के गलत आचरण के कारण समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। हरी प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद, नि.- अहमदपुर कमलापुर माती लखनऊ।
**सी.आर.- 652/L-37**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रोहित सरीन व पुत्रवधू नीहारिका के गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। अशोक कुमार S/o स्व. राजकुमार, नि.- 3/5 लाजपत नगर, चौक, लखनऊ।
**सी.आर.- 649/L-40**

**सूचना**

आधार में मेरा नाम गवदे अंकित हो गया है जो गलत है। सही नाम हेमराज है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। हेमराज पुत्र रामसरन नि.ग्रा.व पोस्ट अमौरा थाना कांट, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 651/D-25**

**सूचना**

मैंने पुत्री क्षमा पत्नी पटवारीलाल को गलत चाल-चलन के कारण चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिया है। अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार है। हरिमोहन नि. मो.खेड़ा, जलालाबाद, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 651/D-25**


**NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)**
Nafed Warehousing Complex, Chatta Mile Chauraha, (6th Mile) Sitapur Road, Bakshi Ka Talab, Lucknow-226201 UP, Email: [illegible]

NAFED is undertaking sale of Bharat Brand Products (Bharat Rice) as per directives of Department of Consumer Affairs, Govt. of India. Interested buyers may visit near by Reliance Stores for purchase of Bharat Brand Products at following location :-

State Head : NAFED Uttar Pradesh

Address : Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatta Mile Chauraha, Sitapur Road, Bakshi Ka Talab, Lucknow-226201 (U.P.)



**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं. 13-DYCEGA-2026
[illegible] ... कुल योग: ₹ 13,14,89,965.11 ... www.ireps.gov.in ... उप मुख्य इंजीनियर/गो.डि., गोरखपुर



**पूर्वोत्तर रेलवे**
[illegible] ... निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: 02-2026-Mech-FRT-DM ... www.ireps.gov.in ... वरि० मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम, फ्रेट एवं डीएम/लखनऊ ... लखनऊ



**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
[illegible] ... www.ireps.gov.in ... वाराणसी



**उत्तर रेलवे**
ई-ऑक्शन सूचना

| | |
|---|---|
| एकॉमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (प्रथम लॉट) | 16.07.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.07.2026 at 11:30 hrs |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2277/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
[illegible] ... 27.07.2026 & 31.07.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है ...
निविदा सूचना संख्या 00602026 दिनांक 03.07.2026 ... [illegible] ... www.ireps.gov.in ... 2294/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in
**सार्वजनिक सूचना**
[illegible]
सचिव

# यूपी एटीएस ने जाली नोट तस्कर को किया गिरफ्तार

## तस्कर पर 25 हजार रुपये का इनाम था



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने भारतीय जाली नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार रुपये के इनाम था। एटीएस ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कुछ दिनों से यह सूचनाएं मिल रही थीं कि बांग्लादेश में छपी भारतीय जाली नोटों की तस्करी पश्चिम बंगाल के रास्ते उत्तर प्रदेश समेत भारत के अन्य राज्यों में की जा रही है। मामले को संज्ञान लेकर एटीएस ने जांच शुरू की और बीते दिनों वाराणसी से सुलेमान अंसारी और इदरीश को दो लाख के जाली नोटों के साथ पकड़ा था। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि बांग्लादेश में छपी भारतीय जाली नोटों को पश्चिम बंगाल में मालदा जिला के रहने वाल जाकिर उन्हें उपलब्ध कराता था। जाकिर तक यह नोट बांग्लादेश निवासी रफीकुल पहुंचाता था। इसके बाद यह भारतीय जाली नोट जाकिर हम लोगों की मदद से उत्तर प्रदेश समेत भारत के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई करवाता था। एटीएस ने शुक्रवार को मालदा पहुंचकर आरोपित जाकिर को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत वाराणसी लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। एटीएस का कहना है कि अभियुक्त के पास से मिली जानकारी के आधार पर अन्य सदस्यों के संबंध में और अधिक जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कार पेड़ से टकराई चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नैनी कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित शिवाला पार्क के समीप शनिवार को अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने की घटना में चालक की मौत हो गई। हादसे में उसका साथी घायल हो गया। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि सड़क हादसे में नैनी थाना क्षेत्र के खरकौनी गांव निवासी अनुज भारतीय (22) पुत्र कुलदीप कुमार की मौत हो गई है। जबकि हादसे में घायल एक युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भांजा शनिवार सुबह अपने दोस्त की कार लेकर घर से निकला। रास्ते में शिवाला पार्क के समीप कार अचानक एक पेड़ में जा भिड़ी। हादसे में कार चला रहा भांजे अनुज भारतीय की मौत हो गई और कार में सवार उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर परिवार को खबर दी और हादसे में घायल एक युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

# साढ़े चार वर्षीय मासूम की संदिग्ध मौत, शरीर पर चोट के निशान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र में साढ़े चार साल के एक मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मां का कहना है कि 3 जुलाई को शाम 6 बजे वह बाथरूम में नहा रहा था। तभी पैर फिसलने से उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उसे तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मौत की जानकारी मिलने के बाद महिला बच्चे को अस्पताल में छोड़कर चली गई थी और सुबह वापस आई। बच्चे के शरीर पर कई चोटों के निशान मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से बीघापुर उन्नाव निवासी दिनेश कुमार मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया उनकी पत्नी पूनम सबसे छोटे बेटे अहम के साथ लखनऊ में रहती हैं। शुक्रवार रात लालगंज गांव के शिव शंकर ने आकर बताया बेटे की मौत हो गई है। इस पर परिवार के साथ लखनऊ पहुंचे। दिनेश ने बताया उनकी शादी पूनम से करीब 15 साल पहले हुई थी। दोनों के तीन बेटे प्रदीप, अभिषेक और अहम हैं। दिसंबर महीने में पत्नी पूनम तीनों बच्चों के साथ लखनऊ के मड़ियांव इलाके में अपनी बहन के पास आकर रहने लगी। कुछ दिन बाद उन्नाव वापस लौटकर बच्चों को ससुराल में छोड़कर खुद बंधु खेड़ा उन्नाव स्थित अपने मायके चली गई। अप्रैल महीने में अचानक से बीघापुर थाने पहुंची और बच्चों की कस्टडी मांगने लगी। इस पर पुलिस के सामने समझौता होने के बाद पूनम बेटे अहम को लेकर साथ चली आई। वह लखनऊ में बेटे के साथ रहने लगी। इस दौरान मौसी ने वापस जाने के लिए कहा तो उसको छोड़कर अलग किराए का कमरा लेकर रहने लगी। शुक्रवार रात अचानक से बेटे की मौत की खबर मिली। वहीं अस्पताल सूत्रों की मानें तो महिला मौत की जानकारी होते ही बच्चे को अस्पताल में छोड़कर भाग गई थी। इसके बाद काफी संपर्क करने के बाद सुबह आई। बच्चे के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। वहीं मामले में मां का कहना है डॉक्टर ने सुबह आने के लिए कहा था। इस वजह से चली गई थी। मामले में मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट पर जवान की कार्बाइन से चली गोली

## पत्थर से टकराकर उड़े छर्रे और गिट्टियां, घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर-4बी के पास शनिवार सुबह करीब 7 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ड्यूटी पर तैनात पीएसी के एक जवान की लोडेड कार्बाइन हाथ से फिसलकर जमीन पर गिर गई। कार्बाइन गिरते ही उससे अचानक फायर हो गया। गोली सीधे किसी व्यक्ति को नहीं लगी, लेकिन सड़क और पत्थर से टकराने के बाद उसके छर्रे व गिट्टियां आसपास मौजूद लोगों पर जा गिरीं, जिससे तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद एहतियात के तौर पर गेट और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों और दर्शनार्थियों ने उन्हें जानकारी दी कि सुबह मंदिर के गेट नंबर-4बी के बाहर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो चुकी थी और फूल-माला की दुकानें भी खुली थीं। इसी दौरान पीएसी जवान की कार्बाइन हाथ से फिसलकर जमीन पर गिर गई और उससे अचानक गोली चल गई। गोली सड़क पर लगी, जिससे पत्थर और गिट्टियां उछलकर आसपास खड़े लोगों के साथ फूल-माला की दुकान लगाने वाले निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव घायल हो गए। तीनों को मामूली चोटें आईं जिन्हें मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मंडलीय चिकित्सालय, कबीरचौरा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य बताते हुए उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में कुछ देर के लिए दहशत फैल गई। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने आनन-फानन में स्थिति को नियंत्रित कर लिया, जिससे भगदड़ नहीं होने के साथ ही हालात सामान्य हो गए। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए किये गये और संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध ने बताया कि संबंधित पीएसी जवान से पूछताछ के साथ प्रारंभिक जांच में मामला आकस्मिक फायरिंग का प्रतीत हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि गोली किन परिस्थितियों में चली और क्या सुरक्षा मानकों के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही हुई है। उन्होंने बताया जांच पूरी होने और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद किसी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के बाद मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सामान्य है और श्रद्धालुओं का दर्शन-पूजन सुचारु रूप से जारी है।

# फौजी की पुत्री ने पिता के लाइसेंसी असलहे से खुद को उड़ाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंसुआ में शुक्रवार देर शाम सेना के एक जवान की 20 वर्षीय पुत्री ने घर में रखी लाइसेंसी राइफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्यों को संकलन कर लाईसेंसी राइफल को पुलिस को सौप दिया वहीं पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक ग्राम धंसुआ निवासी राजेश कुमार पाल पंजाब के भटिंडा में भारतीय सेना में सिपाही के पद पर तैनात हैं। घर पर उनकी पत्नी रागिनी, पुत्री अंजली (20) और पुत्र ललित (18) रहते हैं। मृतका के भाई ने बताया कि वह बढ़पुर स्थित अपने प्रतिष्ठान पर शुक्रवार की सुबह करीब 9:30 बजे चला गया था। दोपहर करीब 1 बजे उसकी मां भी घर से बाहर चली गई थीं रात करीब 11 बजे जब वह वापस घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। वह पड़ोसी की छत के रास्ते घर में पहुंचा, जहां उसने देखा कि उसकी बहन अंजली बेड पर खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके पास ही पिता की लाइसेंसी राइफल पड़ी हुई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अंजली ने गले में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजन आत्महत्या के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके। इंस्पेक्टर ने बताया कि सेंट्रल जेल चौकी प्रभारी शिव कुमार को भेजा गया उनके मुताबिक आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर ने सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी को रौंदा, मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के व्यस्ततम जेसीज चौराहे पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि एक मिट्टी खाली करके लौट रहे डंपर ने जेसीज चौराहे पर एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर सड़क हादसे के चलते बाधित यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। कोतवाली सदर प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्दुघटना में मृतक की पहचान भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवान सुरेश सिंह सेंगर (55) के रूप में हुई है। वर्तमान में मृत सैन्य कर्मी एनटीपीसी में कार्यरत थे।दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा डंपर चालक की तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# प्रेमी ने प्रेमिका का मुंह दबाकर की थी हत्या, गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले की थाना पुलिस ने बीते दिनों हुई युवती की हत्या का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कोई और नहीं युवती का प्रेमी निकला। आरोपित कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने बताया कि एक जुलाई को रणवीरनगर मजरे जंगल रामनगर स्थित खेत में काजल (19) का शव मिला था। सूचना पर स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता अमरजीत सिंह की तहरीर पर थाना अमेठी में हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। स्वाट, सर्विलांस समेत पुलिस की 10 टीमें मामले की जांच कर रही थी। एक सूचना के बाद थाना पुलिस ने स्वाट एवं सर्विलांस की मदद से प्रतापगढ़ जिले के पूरे नेवली निवासी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह काजल से प्रेम करता था और उसे अपने साथ चलने के लिए बुलाया था। जब काजल ने साथ जाने से इनकार किया तो गुस्से में उसने उसका मुंह दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपित ने शव को खेत की मेड़ के किनारे रखकर यूकेलिप्टस की झाड़ियों से ढककर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन बरामद कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है।

# बीएमडब्ल्यू से 26 लाख की नकदी बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के आशियाना थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बीएमडब्ल्यू कार से 26 लाख रुपये की संदिग्ध नकदी बरामद की है। नकदी के संबंध में मौके पर मौजूद युवक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके, जिसके बाद पुलिस ने आयकर विभाग को सूचना देकर जांच शुरू करा दी। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव अपनी टीम के साथ स्मृति उपवन के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बीएमडब्ल्यू कार और एक स्कॉर्पियो संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। दोनों वाहनों के पास मौजूद तीन युवकों से पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान बीएमडब्ल्यू कार की डिग्गी में बने लॉकर से 500 रुपये के नोटों की 52 गड्डियां बरामद हुई, जिनकी कुल कीमत 26 लाख रुपये है। युवकों से नकदी के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर वे कोई संतोषजनक जवाब या दस्तावेज नहीं दे सके।पुलिस का कहना है कि मामले में आयकर विभाग की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला के हत्यारे गिरफ्तार, युवक ने बताया कि उसके पिता का महिला ने किया था अपमान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जायघा में घर के बाहर चारपाई पर सो रही महिला की निर्मम हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर शनिवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दावा किया है कि यह ब्लाइंड मर्डर 15 साल पुरानी रंजिश का है।आरोपित ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वर्षों पहले मृतक महिला ने उसके पिता की चप्पलों से पिटाई की थी। इसी बेइज्जती का बदला लेने के लिए उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने बताया कि मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरुवार देर रात जायघा गांव निवासी मीना देवी घर के बाहर चारपाई पर सो रही थीं। इसी दौरान हमलावरों ने उन पर कुल्हाड़ी और बांस के डंडे से ताबड़तोड़ वार कर उनकी हत्या कर दी थी। शुक्रवार सुबह जब परिजनों और ग्रामीणों ने महिला का रक्तरंजित शव देखा तो पुलिस को सूचित किया। रामपुरा पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। मृतका के पुत्र देवेंद्र सिंह ने गांव के ही दो लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते मां की हत्या कराने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और चेकिंग अभियान के दौरान दोनों आरोपित रन सिंह और लला उर्फ सहदेव को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में मुख्य आरोपित रन सिंह ने बताया कि करीब 15 वर्ष पहले किसी विवाद के दौरान उसके पिता की गांव में मृतका मीना देवी ने चप्पलों से पिटाई कर दी थी। पिता की उस बेइज्जती का बदला लेने की भावना उसके मन में लगातार बनी रही। वहीं, दूसरे आरोपित लला उर्फ सहदेव की भी मृतका से पुरानी रंजिश थी। उसने बताया कि उसके रिश्तेदार के दहेज हत्या के मामले में मृतका समझौता करने को तैयार नहीं थी, जिससे वह भी नाराज था। इसके बाद दोनों ने योजना बनाकर गुरुवार रात महिला के सो जाने का इंतजार किया। इसके बाद एक आरोपित ने बांस के डंडे से और दूसरे ने कुल्हाड़ी से महिला के सिर पर कई वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद दोनों आरोपित हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और डंडे को नदी किनारे झाड़ियों में फेंक आए। पहचान छिपाने और सबूत मिटाने के लिए घटना के समय पहने कपड़ों को भी ठिकाने लगा दिया। रामपुरा पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और बांस का डंडा बरामद कर लिया। शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस की कई टीमें गठित की गई थीं। वैज्ञानिक साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ यात्रा को ध्यान रख 178 पुलिसकर्मियों के किए तबादले

## एक थाना प्रभारी, 33 चौकियों को मिले नए प्रभारी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। मेरठ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अविनाश पांडेय ने जिले में आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर मेरठ पुलिस ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। उन्होंने एक थाना प्रभारी और 33 चौकी प्रभारियों समेत 178 पुलिसकर्मियों के तबादले करते हुए उन्होंने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को अपनी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। जारी आदेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कई चौकी प्रभारियों में सुनील सिंह को बेगमबाग चौकी से जाकिर कॉलोनी चौकी, कृष्ण कुमार को थाना जानी से भलसोना चौकी, हेमंत सागर को रेलवे रोड चौकी से सदर बाजार रेलवे रोड चौकी और प्रशांत चौधरी को हस्तिनापुर थाना से हस्तिनापुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह जितेंद्र कुमार को मेडिकल थाना से रिठानी चौकी, बॉबी को मेडिकल थाना से मेडिकल कॉलेज चौकी, हुकुम आकाश सिंह को रेलवे रोड थाना से एल-ब्लॉक चौकी और चंदन यादव को मेडिकल थाना से कांति पैलेस चौकी भेजा गया है।राजकुमार सागर को परतापुर थाना से बेगमबाग चौकी, विकास सिंह को कंकरखेड़ा थाना से माधवपुरम चौकी, संजीव कुमार को मवाना थाना से विवेक विहार चौकी, विकास सिंह (परतापुर) को मवाना के खुर्द चौकी, संदीप सिंह को लोहियानगर थाना से हस्तिनापुर चौकी तथा शिवम सिंह को परतापुर थाना से मोहिउद्दीनपुर चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है।इनके अतिरिक्त, अवधेश कुमार को रोहटा का एसएसआई, शिवनारायण सिंह को बरनावा का एसएसआई, गजेंद्र सिंह को जानी थाना, रघुपाल को सदर बाजार का एसएसआई, अमित मलिक को सिविल लाइन थाना और आदेश कुमार को मवाना थाना में तैनाती मिली है। अरुण कुमार को मेडिकल थाना, मानवी सिंह को परतापुर थाना, अर्चना भारती को रेलवे चौकी, शुभम वर्मा को पीआरवी/रेल, सुबोध कुमार को पुलिस लाइन तथा रेनू शर्मा को स्वाट टीम नगर में पदस्थ किया गया है।

> यह फेरबदल कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। **-डॉ अविनाश पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**

# हनीमून पर गई लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार इंस्टाग्राम ने खोला ठिकाना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मेरठ जिले के सरधना क्षेत्र में पेटीएम कंपनी के टीम लीडर से हुई लूट के मामले में फरार चल रही आरोपी महिला ज्योति चौधरी को पुलिस ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर फिल्मी अंदाज में पुलिस को चुनौती देने वाली यह आरोपी लगातार इंस्टाग्राम पर सक्रिय थी, और इसी डिजिटल गतिविधि ने उसकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई। क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी की पहले बुलंदशहर जिले के ककोड़ थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर जाट निवासी सुनील उर्फ नीतू से भी शादी हो चुकी थी। वह कार्यक्रमों में नृत्य करती थी और महंगे शौक पूरे करने के लिए अपने वर्तमान पति के साथ मिलकर लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देती थी। ज्योति चौधरी ने बीते 23 जून को मोहित नागर निवासी छुछाई गांव थाना किठौर शादी हुई थी। उसके कुछ दिनों बाद वह अपने पति के साथ हरिद्वार घूमने गई थी उसने घटना को अंजाम देकर फरार हो गई थी। इसी दौरान पुलिस ने तकनीकी निगरानी और सोशल मीडिया ट्रैकिंग के माध्यम से उसकी लोकेशन ट्रेस कर शनिवार सुबह उसे हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। इसी बीच आरोपी महिला के पहले पति ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो लोड किया जिसमें वह कह रहा था- 'शाका मारा जा सकता है, लेकिन पकड़ा नहीं जा सकता' उसकी यही सक्रियता उसके खिलाफ सबूत बन गई और पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# अपर पुलिस उपायुक्त जितेन्द्र कुमार दुबे को डॉ. तारा सिंह साहित्य राष्ट्रीय सम्मान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** खाकी वर्दी के साथ कलम की स्याही का संगम जब होता है तो समाज को जितेन्द्र कुमार दुबे जैसा व्यक्तित्व मिलता है। वाराणसी के मार्कण्डेय महादेव, कैथी निवासी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कवि जितेन्द्र कुमार दुबे को साहित्य और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था स्वर्गविभा परिवार ने 'डॉ. तारा सिंह साहित्य राष्ट्रीय सम्मान-2026' से सम्मानित किया है। वर्तमान में एडीशनल डीसीपी, मध्य कमिश्नरेट, लखनऊ के पद पर कार्यरत जितेन्द्र कुमार दुबे ने प्रशासन और साहित्य दोनों क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से एम.एससी. जियोफिजिक्स में स्वर्ण पदक हासिल किया। विज्ञान का छात्र होने के बावजूद साहित्य के प्रति उनका अनुराग शुरू से ही प्रखर रहा। स्वर्गविभा परिवार द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में उनके साहित्यिक अवदान, सृजनात्मक प्रतिबद्धता और सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना के संवर्धन में किए गए कार्यों की विशेष सराहना की गई है। संस्था ने उनकी सतत साहित्य साधना और उत्कृष्ट रचनाधर्मिता को देखते हुए यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। जितेन्द्र कुमार दुबे की कविताओं में सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाएं और राष्ट्रप्रेम की झलक मिलती है। कानून व्यवस्था संभालने के साथ-साथ वे शब्दों के जरिए समाज को नई दिशा देने का काम भी कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर उनकी पत्नी बीना दुबे समेत साहित्य, शिक्षा और प्रशासनिक जगत की कई हस्तियों ने बधाई दी है। लोगों ने कहा कि यह सम्मान न सिर्फ दुबे परिवार बल्कि पूरे वाराणसी जनपद और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। एक पुलिस अधिकारी का साहित्य के शीर्ष सम्मान तक पहुंचना साबित करता है कि प्रतिभा किसी वर्दी की मोहताज नहीं होती। जितेन्द्र कुमार दुबे का जीवन युवा पीढ़ी के लिए संदेश है कि अगर इरादे मजबूत हों तो प्रशासन और सृजन दोनों एक साथ साधे जा सकते हैं। वर्दी का अनुशासन और कलम की संवेदना जब मिलते हैं तो समाज को एक नई रोशनी मिलती है।



# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उपमुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज महान संत, दार्शनिक, राष्ट्रचिंतक एवं युवा प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि स्मृति दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, आध्यात्मिक चेतना, मानव कल्याण और युवाओं को आत्मविश्वास एवं चरित्र निर्माण की प्रेरणा देने के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी करोड़ों युवाओं के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत हैं। श्री मौर्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सार्वभौमिक मानवता के संदेश को विश्व में प्रतिष्ठित किया। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा था कि राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा आधार जागरूक, शिक्षित, संस्कारित, आत्मविश्वासी युवा है। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से युवा वर्ग, उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार भारत के सभी महापुरुषों, संतों, समाज सुधारकों और राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान का सम्मान कर रही है। पूर्ववर्ती सरकारों ने महापुरुषों के नाम पर राजनीति और सत्ता पाने का काम किया, माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा उचित सम्मान और स्मरण दिया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा प्राप्त कर सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए देश और देशवासी सर्वोपरि हैं। उनकी सरकार का प्रत्येक निर्णय राष्ट्रहित, जनकल्याण, गरीबों के उत्थान और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से प्रेरित है। डबल इंजन सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मौर्य ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रभक्ति, सेवा, समरसता, आत्मानुशासन और मानवता के आदर्शों को अपनाकर विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि यही स्वामी विवेकानंद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# यूपी-टेट परीक्षा : गूगल मैप ने गलत सेंटर पहुंचाया, कईयों की छूटी परीक्षा



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में यूपी-टेट 2026 के तीसरे और अंतिम दिन शनिवार को 46 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में परीक्षा आयोजित की गई। अभ्यर्थियों को थ्री लेयर जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही एग्जॉम हॉल में एंट्री दी गई। इस बीच कुछ अभ्यर्थियों की परीक्षा भी छूट गई। बाराबंकी से आए प्रियांशु यादव गलत गूगल मैप लोकेशन के कारण समय पर केंद्र नहीं पहुंच सके। वहीं आगरा से पत्नी को परीक्षा दिलाने आए राहुल ट्रेन लेट होने के कारण सही समय से सेंटर पर नहीं पहुंच पाए। वहीं ज्यादातर अभ्यर्थियों ने पेपर को आसान और संतुलित बताया, जबकि कुछ को मैथ्स और इंग्लिश टफ लगी। शुक्रवार को दूसरे दिन शहर में करीब पहली पाली में 92.99= और दूसरी पाली में 94.84= उपस्थिति रही। एक महिला पुलिसकर्मी ने एक युवती की परीक्षा छूटने से बचा ली। दरअसल, युवतीकेंवी की जगह गलती से केकेसी परीक्षा केंद्र पहुंच गई। शहर में बने 46 परीक्षा केन्द्रों पर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बायोमेट्रिक सत्यापन और सघन चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। केन्द्रों की निगरानी में लगे 92 मजिस्ट्रेट, 46 सेक्टर मजिस्ट्रेट और इतने स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी सुबह 7 बजे से पहले ही पहुंच गए। कई केंद्रों ने सुबह 7.30 बजे से अभ्यर्थियों को प्रवेश देना शुरू किया।

# पावर कारपोरेशन ने छीनी 12 लाख गरीब विद्युत उपभोक्ताओं से सब्सिडी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के 46.79 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को बगैर कोई नोटिस दिए उनके स्वीकृत विद्युत भार को बढ़ाने के क्रम में पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने लगभग 12 लाख गरीब विद्युत उपभोक्ताओं को सरकार से मिलने वाली सब्सिडी छीनने का काम किया है। भार वृद्धि से अब ये उपभोक्ता सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रही सस्ती बिजली की सुविधा से बाहर हो जाएंगे।इन उपभोक्ताओं का विद्युत भार एक किलोवाट से बढ़ाकर दो किलोवाट कर दिए जाने से अब ग्रामीण क्षेत्र के गरीब उपभोक्ताओं को औसतन 165 रुपये तथा शहरी क्षेत्र के गरीब उपभोक्ताओं को औसतन 435 रुपये अतिरिक्त धनराशि का भुगतान हर महीने करना पड़ेगा।राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपोरेशन की इस मनमानी की शिकायत विद्युत नियामक आयोग में करने के साथ ही प्रदेश सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।बिना पूर्व सूचना बढ़ाए गए सभी स्वीकृत विद्युत भारों की समीक्षा कराने के साथ ही जिन उपभोक्ताओं को सब्सिडी योजना से बाहर किया गया है, उन्हें यथावत सब्सिडी योजना में रखे जाने की मांग की है।परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया है कि पूर्व सूचना दिए बगैर 46.79 लाख विद्युत उपभोक्ताओं का स्वीकृत भार बढ़ाने के क्रम में बिजली कंपनियों ने इसमें लगभग 25 प्रतिशत गरीब विद्युत उपभोक्ताओं को सब्सिडी योजना से बाहर कर दिया है।अधिक बिजली उपयोग करने का भेज रहे मैसेजबिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से अधिकतम मांग का जुर्माना वसूलने के साथ ही विद्युत भार बढ़ाने का काम भी किया गया है। बिना कोई सूचना दिए विद्युत भार बढ़ाने के बाद बिजली कंपनियां अब उपभोक्ताओं को मोबाइल संदेश भेजकर यह बता रही हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपने स्वीकृत भार से अधिक बिजली का उपयोग किया है, इसलिए स्वीकृत भार बढ़ाया गया है। यह कार्रवाई नियामक आयोग के टैरिफ आदेश के विपरीत है।आदेश में स्पष्ट प्रविधान है कि यदि किसी उपभोक्ता का विद्युत भार निर्धारित अवधि तक अधिक पाया जाता है तो उसे पूर्व सूचना देकर स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए।सब्सिडी से हो सकते हैं वंचितजिन 46.79 लाख उपभोक्ताओं का भार बढ़ाया गया है, उनमें लगभग 50 प्रतिशत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के साथ ही लगभग 25 प्रतिशत ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्हें सरकार की सब्सिडी योजना के तहत लाइफलाइन विद्युत उपभोक्ता होने के नाते रियायती दरों पर बिजली दी जाती है। गरीब उपभोक्ताओं का विद्युत भार एक किलोवाट से दो किलोवाट किए जाने मात्र से सभी सब्सिडी योजना के लाभ से स्वतः वंचित हो जाएंगे।वर्मा ने बताया है कि ऊर्जा मंत्री ने लोकसभा में लिखित उत्तर देकर स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से अधिकतम विद्युत मांग के आधार पर किसी प्रकार का जुर्माना नहीं वसूला जाएगा। इसके बावजूद प्रदेश में पहले स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से जुर्माना वसूला गया और अब विद्युत भार भी बढ़ा दिया गया है।

## नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** ाजधानी में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने शनिवार को व्यापक अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में सड़क, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों और नालों के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य यातायात को सुचारु बनाना तथा नागरिकों के लिए सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराना बताया गया।नगर निगम के अनुसार जोन-3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में 296 टीम ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर सड़क और सार्वजनिक भूमि पर किए गए अस्थायी कब्जों को हटाया। इस दौरान कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों को हटाकर मार्गों को व्यवस्थित कराया गया।भियान के दौरान जानकीपुरम थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन पार्क के दोनों ओर लगने वाली सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने मंडी को वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित करने की संभावनाओं का आकलन किया। निगम का मानना है कि मंडी के स्थानांतरण से सड़क पर लगने वाली भीड़ कम होगी और यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा।नगर निगम की टीम ने हनुमान सेतु से इंदिरा ब्रिज तक विशेष अभियान चलाते हुए सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए करीब 25 से 30 ठेले और छह गुमटियों को हटाया। अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई से मार्ग पर आवागमन अधिक सुगम होगा और जाम की समस्या में कमी आएगी।

## ओवैसी के निशाने पर मुस्लिम बाहुल्य सीटें



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विधानसभा चुनाव की डुगडुगी से पहले आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने उत्तर प्रदेश की राजनीतिक जमीन में अपनी जड़ें मजबूत करने का प्रयास तेज कर दिया है। उसकी ओर से न सिर्फ मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर संगठन मजबूत करने का प्रयास हो रहा बल्कि पार्टी अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की जनसभा कराने की तैयारी भी चल रही है।इस श्रंखला में 18 को सहारनपुर देहात और 25 को मुरादाबाद देहात में रैली प्रस्तावित है। पार्टी 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रही है।बहराइच जिले की मुस्लिम बहुल मटेरा विधानसभा और उसके बाद नजीबाबाद में चुनावी जनसभाएं करने के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने अब सहारनपुर देहात और मुरादाबाद देहात में चुनावी जनसभा करने जा रहे हैं। ये सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं और यहां पर सपा के विधायक हैं।दावा किया जा रहा है कि पार्टी यूपी में उन सीटों पर प्रत्याशी उतारने की कोशिश में है, जहां मुस्लिम मतदाता जीत या हार तय करने की भूमिका निभाते रहे हैं। इन्हीं सीटों पर बूथ से लेकर जिला कमेटियां गठित करने का प्रयास चल रहा है।

# अब डिजिटल होगी राजस्व न्याय व्यवस्था सुरक्षित रहेंगे मूल अभिलेख

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रशासनिक एवं न्यायिक व्यवस्थाओं को आधुनिक तकनीक से जोडने् की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल करते हुए राजस्व परिषद के न्यायालयों में मूल अभिलेखों के स्थान पर प्रमाणित पूर्ण स्कैन प्रतियों के आधार पर कार्यवाही करने का निर्णय लागू किया है। इस व्यवस्था को राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल के निर्देशों के तहत तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। नई व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब मूल अभिलेखों को बार-बार एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों के क्षतिग्रस्त होने, गुम होने अथवा विलंब से उपलब्ध होने जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा भेजी जाने वाली स्कैन प्रतियों में प्रत्येक पृष्ठ, आदेश पत्रक, नोटशीट, मानचित्र और अन्य समस्त अभिलेख क्रमवार एवं स्पष्ट रूप से शामिल किए जाएंगे। साथ ही संबंधित राजस्व रिकॉर्ड कीपर द्वारा प्रमाणित प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य किया गया है, जिससे व्यवस्था की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनी रहे। राजस्व परिषद ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल विशेष परिस्थितियों में, जब न्यायालय कारण दर्ज करते हुए निर्देश देगा, तभी मूल अभिलेख प्रस्तुत किए जाएंगे। इससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और समयबद्ध हो सकेगी। आरसीसीएमएस पोर्टल से न्यायिक प्रक्रिया होगी और अधिक आधुनिक योगी सरकार लगातार ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही है और यह नई पहल उसी सोच का विस्तार मानी जा रही है। भविष्य में आरसीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से इस पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन संचालित करने की तैयारी भी की जा रही है। इससे न्यायिक कार्यवाही और अधिक सुगम, पारदर्शी तथा प्रभावी बन सकेगी। राजस्व परिषद ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस नई व्यवस्था की जानकारी देने और इसका प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही यह भी तय किया गया है कि यदि कोई अपूर्ण, अस्पष्ट अथवा अप्रमाणित स्कैन प्रति भेजी जाती है, तो संबंधित आरआरके के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## बकाया हवाई किराया 13 जुलाई तक जमा करें यात्री

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति ने हज-2026 के उन यात्रियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया हवाई किराये की राशि जमा करने की अपील की है, जिन्होंने अब तक संशोधित किराये की शेष धनराशि जमा नहीं की है। समिति ने स्पष्ट किया है कि ऐसे सभी यात्रियों को प्रत्येक स्थिति में 13 जुलाई 2026 तक भुगतान करना होगा।उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई ने 3 जुलाई 2026 को जारी सर्कुलर संख्या-42 के माध्यम से यह निर्देश जारी किए हैं। इसमें पूर्व में 28 अप्रैल 2026 को जारी सर्कुलर संख्या-39 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मध्य पूर्व में उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों के कारण अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने हज यात्रियों के हवाई किराये में संशोधन किया था। इसके तहत प्रत्येक हज यात्री को अतिरिक्त 10 हजार रुपये जमा करने के निर्देश दिए गए थे।समिति के अनुसार हज-2026 की सभी वापसी उड़ानें अब पूरी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने अभी तक हवाई किराये की शेष राशि जमा नहीं कराई है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कसया कुशीनगर

पत्रांक: 323 / लेखा / निविदा / 2026–27 दिनांक: 29.06.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्षेत्र पंचायत कसया–कुशीनगर द्वारा पंचम वित आयोग / केन्द्रिय वित (15वीं वित्त) / VBG RAMG / आदि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में क्षेत्र पंचायत कसया की बैठक में अनुमोदित प्रस्तावित परियोजनाओं पर कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री की आपूर्ति जैसे (सीमेन्ट, प्रथम श्रेणी ईंट, द्वितीय श्रेणी ईंट, ईंट की गिट्टी 40एम.एम., सफेद बालु, लोकल बालु, मोरंग बालु, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., रोड वर्क / विल्डिंग वर्क, एम.एस.वार सरिया, टी.एम.टी. 8 एम.एम. / 10 एम.एम. / 12 एम.एम., तार, मुर्गा जाली, सफेद सीमेन्ट, पुट्टी, चुना, समोसम, पेन्ट, एपेक्स पेन्ट, प्राईमर, आयल डिस्टेम्पर, इण्टरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाईप कालर सहित, 1000 एम.एम. / 900 एम.एम. / 600 एम.एम. / 450एम.एम. / 350 एम.एम. / 250 एम.एम. / 200 एम.एम., पी०वी०सी० पाईप 150 एम.एम. डी०आई०ए०, पी०वी०सी० पाईप 100 एम.एम. डी०आई०ए०, प्लास्टिक शीट 125 माईक्रान, आर०सी०सी० ब्रेच, सरिया, टाईल्स, कैरेज गिट्टी, आर०ओ० अवस्थापना कार्य एवं अन्य सामग्री) हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म / आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों के साथ बन्द लिफाफा में खण्ड विकास अधिकारी, कसया के कार्यालय में रखे गये निविदा बाक्स में **दिनांक 17.07.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक** डाल सकते है, उक्त निविदा उसी दिन **अपराह्न 3.00 बजे** विकास खण्ड पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म कार्यालय अवधि में **दिनांक 13.07.2026 से दिनांक 14.07.2026 तक** निधारित मूल्य 590.00 जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है। नियम व शर्ते निम्नवत् है –

1. पंजीकृत फर्म का जी०एस०टी० में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 03 वर्ष का आयकर क्लियरेन्स संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जो दरे प्रस्तुत की जाय उसमें कार्टेज आदि जोड़कर प्रस्तुत किया जायेगा। अलग से कोई भाड़ा आदि देय नहीं होगा।
3. आपूर्तिकर्ता फर्म के बिल से 2.00 प्रतिशत आयकर व 2.00 प्रतिशत जी०एस०टी० की कटौती की जायेगी।
4. प्रस्तुत दरे पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
5. खण्ड विकास अधिकारी / प्रमुख / अवर अभियन्ता / सहायक लेखाकार के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नही की जायेगी। इस आशय का प्रमाण पत्र दस रूपये के स्टैम्प पेपर पर नोटरी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा धरोहर की धनराशि मु० 1,00,000.00 (एक लाख मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ०डी०आर० / एन०एस०सी० / डाक बचत पत्र के रूप में खण्ड विकास अधिकारी, कसया के नाम बन्धक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त खण्ड विकास अधिकारी के आदेश देने के 07 दिन के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करना होगा। अन्यथा की स्थिति में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
8. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
9. सामग्री की मात्रा घटायी अथवा बढ़ाई जा सकती है।
10. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा०अ०वि०) द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा।
11. खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय कसया से निविदा प्रपत्र जिसका मूल्य 590.00 रू० है पर ही स्वीकार किया जायेगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ख०वि०अ० के पास सुरक्षित होगा।
13. खण्ड विकास अधिकारी का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।
14. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र कुशीनगर होगा।

(रीना यादव)
प्रमुख,
क्षेत्र पंचायत कसया

(रवि कुमार रंजन)
खण्ड विकास अधिकारी
कसया – कुशीनगर


## उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक बिलिंग उपलब्ध कराना शीर्ष प्राथमिकता : डॉ. आशीष गोयल

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक बिलिंग व समय से विद्युत बिल उपलब्ध कराना कारपोरेशन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगी। सभी को सही रीडिंग का बिल समय से मिलेगा तभी उपभोक्ता को बिल जमा करने में सुविधा रहती है। इसलिये सभी एजेन्सियॉ ओसीआर बढ़ायें और शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को समय से सही बिल देना सुनिश्चित करें। यह निर्देश शनिवार का अपर मुख्य सचिव एवं यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने समीक्षा बैठक में दिये। ओसीआर एक आधुनिक तकनीक है जिसका उपयोग बिजली के मीटर में दर्ज रीडिंग और आंकड़ों की तस्वीर को सीधे स्कैन करके मशीन द्वारा पढ़े जाने वाले टेक्स्ट में बदलने के लिए किया जाता है। समीक्षा बैठक में खराब परफारमेन्स पर मैसर्स टीडीएस मैनेजमेन्ट कन्सलटेन्स एवं फ्यूएटग्रिड लि. को कार्य से हटाने की सख्त चेतावनी दी गयी। अध्यक्ष ने कहा कि जो लोग निश्चित बिलिंग लक्ष्यों के अनुरूप अपना कार्य नहीं कर पायेंगें, उनके विरूद्ध कार्यवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि उपभोक्ताओं के सही मोबाइल नम्बर दर्ज हो इसके लिये अभियान चलाकर अपडेट कर लीजिए। मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री के सख्त निर्देश है कि उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल उपलब्ध कराया जाये। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बरदास्त नही की जायेगी। इस दौरान डॉ. गोयल ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि किये जा रहे कार्यो की थर्ड पार्टी जाँच भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। जिससे कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में प्रबन्ध निदेशक नितीश कुमार सहित अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा बिलिंग कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत, सेवरही, कुशीनगर।

पत्रांक 145(1) / न0पं0से0 / ई–नि0सू0 / 2026–27 दिनांक 04.07.2026

**ई–निविदा–सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं सम्बन्धितगणों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सेवरही, कुशीनगर में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना वर्ष 2026–27 की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निमार्ण कार्य हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो / व्यक्तियों से ई–निविदा (टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल) निम्नलिखित विवरण के अनुसार बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमन्त्रित किया जाता है तथा ई–निविदा को बेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पंचायत सेवरही, कुशीनगर से कार्य दिवस में सम्पर्क करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर ई–निविदा प्रकाशित होने की तिथि व समय | 04.07.2026 (05:00 PM) |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड करने की प्रारम्भ तिथि व समय | 04.07.2026 (05:00 PM) |
| 3. | ई–निविदा अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि व समय | 04.07.2026 (05:00 PM) |
| 4. | ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | 25.07.2026 (01:00 PM) |
| 5. | ई–निविदा खोले जाने की तिथि व समय | 25.07.2026 (02:00 PM) |

(उत्तम वर्मा)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, सेवरही,
कुशीनगर।

(सोनिया जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत, सेवरही,
कुशीनगर।

# लाठी-डंडों से पीटकर मौत के घाट उतारने वाला हत्यारा गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव में हथियार, लाठी-डंडों, लोहे पटले से हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य

## -केजीएमयू में इलाज करा कर निकला, पुलिस ने दबोचा

आरोपी अखिलेश रावत को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर 23 वर्षीय अभिषेक रावत को पीट-पीटकर मार डाला था। पुलिस ने आरोपी अखिलेश रावत को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर से डिस्चार्ज होते ही गिरफ्तार कर लिया गया वह भी घटना में घायल हो गया इसी के साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। एसीपी ने बताया कि शाम करीब 6:30 बजे मृतक अभिषेक के परिजनों ने पीजीआई थाने के सामने सड़क जाम करने की कोशिश की थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अखिलेश रावत के खिलाफ पहले से ही लूट, डकैती, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में



कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, मृतक की मां पुष्पा रावत की तहरीर पर बेटे की हत्या करने के मामले में आठ नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि अभिषेक को सरथुआ गांव बुलाया गया और धारदार हथियारों, लाठी-डंडों और लोहे के पलटे से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल अभिषेक की इलाज के दौरान पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी अखिलेश रावत ने पुलिस को बताया कि उसका और मृतक अभिषेक का लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई थी । पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अखिलेश रावत के खिलाफ पहले से ही लूट, डकैती, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक अभिषेक का शव गांव पहुंचा। शव लेकर परिजन पीजीआई थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने के सामने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस और परिजनों के बीच बहस भी हुई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात हो गया। भीड़ को पुलिसवाले गांव की तरफ लेकर आगे बढ़े।

# दिल दहला देने वाला हत्याकांड : बाथरूम में दफनाकर बनवा दी फर्श

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आगरा कमिश्नरेट के सिकंदरा के दहतोरा में एक महिला ने पति की हत्या कर दी। इसके बाद शव बाथरूम में दफना दिया और मिस्त्री को बुलाकर फर्श बनवा दिया। पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पत्नी ने पुलिस पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला कि सुरेंद्र की हत्या की आरोपी पत्नी रूबी क्राइम पेट्रोल देखती थी। उसने दृश्यम फिल्म भी देखी है। उसी से उसे हत्या और शव को ठिकाने लगाने का विचार आया। उसने बताया कि पति दो दिन पहले शराब पीकर आया था जिसके विरोध में उससे झगड़ा हो गया उस दौरान उसने उसकी पिटाई कर दी। बेटी ने भी पिता की हरकत को देखा था इससे वह गुस्से में आ गई। उसे पता था कि पति नींद की गोलियां खाता है। उसने बीते 17 मई की रात को खीर बनाई। गोलियां मिलाकर पति को दे दीं। सुबह पति बेड पर सो रहा था। उसने पहले से ही बच्चों और मां को भेजने की प्लानिंग कर दी। जेठ आया तो सुरेंद्र बेड पर पड़ा था। उन्हें यही बताया कि शराब के नशे में है। वहीं बेटियां भी यही समझती रहीं कि पिता सो रहे हैं मगर उसकी मौत हो गई थी। बेटियों और मां के घर से जाने के बाद शव को ठिकाने लगाया।

पुलिस उपायुक्त शहर शैय्यद अली अब्बास ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी रूबी से कई स्तर पर पूछताछ की। वह यही कह रही थी कि पति ने जिंदगी खराब कर दी थी। जो भी वो रुपये कमाती थी, उससे शराब पीकर आ जाता था। इसके बाद झगड़ा करता था। किसी तरह सास को मिलने वाली पेंशन से गुजारा चलता था। उसे भी पति लेने की कोशिश करता था। वह सिलाई का काम करके किसी तरह बेटियों को पाल रही थी।इसके बावजूद वो नहीं मान रहा था। अब उसकी हरकतें ज्यादा बढ़ गई थीं।

# नितिन नबीन के स्वागत में उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के लखनऊ आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर उत्तर विधान सभा के विधायक डा0 नीरज बोरा, सतीश वर्मा, रामसरन सिंह, लवकुश त्रिवेदी, उत्तर विधान सभा से सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ता गाजे बाजे के साथ, भारी उल्लास के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर उत्तर मंडल पांच से मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी व भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी स्वागत करने के लिए निर्धारित स्थल पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका, स्टेशन रोड, निकट केकेसी कालेज लखनऊ में उपस्थित हुए। एक किलोमीटर लंबी कार्यकर्ताओं की श्रृंखला बनाकर स्वागत किया गया। सभी ने जिन्दाबाद के नारे लगाये। मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में झंडे लेकर जिंदाबार के नारे लगाये। इस



मौके पर मंडल महामंत्री सीके वर्मा, मंडल महामंत्री अक्षय मिश्रा, मीडिया प्रभारी ओपी तिवारी, मीरा पाण्डेय, कमलेश्वर सोनी, जया पाण्डेय, सुशांत सार, रवि मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार अग्रवाल, अशोक वर्मा, नितिन जैन, केके पाठक, हरीमोहन यादव, लक्ष्मी कश्यप, सपना तिवारी, प्रद्युम्न मिश्रा, शिवम राजपूत, विकास नरूला, शिखा शुक्ला, बिन्दू श्रीवास्तव, निवेदिता, अंजू शर्मा, अनुपमा, पूनम, आरएन वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सामाजिक विकास पर चर्चा की

**स्वतंत्र भारत निलमथा ।** छात्र इंटर्नशिप, सामाजिक विकास और सोशल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश और किरण फाउंडेशन के बीच। एमओयू पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. हर्षल शाह, डायरेक्टर विशाल श्रीवास्तव और किरण फाउंडेशन की अमृषा श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान डॉ. गुरमिंदर कौर, डॉ. बृजेंद्र सिंह यादव, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. सुधीर कुमार चतुर्वेदी, आयुष मिश्रा, माधव त्रिपाठी और अंकित शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। समझौते के तहत सामुदायिक विकास, सोशल आउटरीच, युवा कल्याण कार्यक्रमों और छात्र इंटर्नशिप को बढ़ावा दिया जाएगा।

# भाई ने बहन को गोली माकर मौत के घाट उतारा, गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मेरठ जिले के लोहियानगर थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग में बीते दो दिन पहले एक भाई ने बहन की गला दबाकर हत्या की थी। शनिवार को एक भाई ने प्रेम प्रसंग की आशंका के चलते बहन की गोली मारकर हत्या कर दी उसकी बहन के लड़कों से बातचीत करने से मना करता था जिससे वह नाराज रहता था उसने हत्या कर थाने पहुंचकर पूरी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम के साथ फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्यों का संकलन करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपित को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी मिलते पुलिस अधीक्षक शहर के साथ क्षेत्राधिकारी समेत स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जाकिर कॉलोनी निवासी नूर मोहम्मद के चार बेटी और एक बेटी रहते थे। जिसकी करीब 13 साल पहले मौत हो चुकी है। शनिवार सुबह घर के सभी सदस्य मौजूद थे उसी दौरान 21 वर्षीय अफ्शा अपने कमरे में सो रही थी। उसके भाई आरिश कमरे में पहुंचा और तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे। वहां युवती खून से लथपथ पड़ी थी जिसे लेकर अस्पताल पहुंचे वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका का भाई मच्छरदानी बनाने का काम करता है।

> हत्यारोपित बहन की हत्या करने के बाद खुद थाने पहुंचकर बताया की वह अपनी बहन की हत्या कर आया है। पुलिस ने उसे आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर परिजनों से पूछताछ की जा रही है। **-विनायक भोसले पुलिस अधीक्षक शहर**

# बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बिजनौर पुलिस और सर्विलांस सेल जोन दक्षिणी की संयुक्त टीम ने बंद घरों में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से भारी



मात्रा में चोरी के सोने-चांदी के गहने और 1320 रुपये बरामद किए हैं। इससे चोरी की दो घटनाओं का खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक पहला मामला बिजनौर के

## -चोरी के सोने-चांदी के गहने और १३२० रुपये बरामद किए

औरंगाबाद जागीर स्थित रॉयल नगर निवासी शिवांगी पांडेय का है। उन्होंने 25 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 मई की रात उनके रिश्तेदारी जाने के बाद चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 10 हजार रुपये और कीमती गहने चुरा लिए। इसी तरह, लक्ष्मी एनक्लेव रॉयल सिटी निवासी राजू राय ने भी शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 मई को घर में ताला लगाकर वह अपने पैतृक गांव गए थे। 25 मई को लौटने पर घर के ताले टूटे और सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। चोर यहाँ से कीमती गहने और 17 हजार रुपये चुरा ले गए थे। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत दर्ज कर चोरों का पता लगाने के लिए 400 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के दौरान मूल रूप से बिहार प्रांत के वैशाली जिले के हाजीपुर थाना अंतर्गत चक सिकंदर और वर्तमान में गोमती नगर के कौशलपुरी छोटा भरवारा निवासी अमित कुमार रस्तोगी की पहचान हुई। पुलिस ने शनिवार तड़के बिजनौर स्थित छुआराखेड़ा मोड़ के पास से अमित रस्तोगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी नरसिंह गौतम (विभूति खंड के बाद भरवारा निवासी) के साथ मिलकर बंद पड़े मकानों की पहले रेकी करता था। बाद में जब उन्हें यकीन हो जाता कि घर में कोई मौजूद नहीं है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता नलकूप मण्डल सीतापुर

पत्रांक: 2647 /न0म0सी0/ई–निविदा, दिनांक : सीतापुर: 30–06–2026

ई–निविदा सूचना संख्या–01/न0म0सी0/निविदा/2026–27, दिनांक–

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से [illegible] http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

[illegible]

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत [illegible] | धरोहर धनराशि (लाख रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | First class brick lining work with 100% new brick and cement pointing on both side wall and or work on canal bed and all required work at Nandi main feeder drainage (565.00 mtr to 1390.00 mtr) including all cost of material, labour, tool and plant etc. All work should be done as per drawing and BOQ of the project at Nandi pump canal in district Amethi. | 78.69 | 1.57 | 120 Days | रु0 300.00 +जीएसटी एवं रु0 2000.00 स्टेशनरी चार्ज | [illegible] |

ई–निविदा से संबंधित [illegible] http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07–07–2026 [illegible] 17–07–2026 [illegible] http://information.up.nic.in [illegible] http://irrigation.up.nic.in एवं www.idup.gov.in पर उपलब्ध है।

(संदीप कटेरिया)
अधीक्षण अभियन्ता
नलकूप मण्डल सीतापुर

उ0प्र0 253305 दिनांक– 03.07.2026
Website: www.upgov.nic.in



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बनीकोडर– बाराबंकी।

email - bdobanibbk@gmail.com

पत्रांक–589/आंकिक/क्षे0पं0नि0का0/निविदा प्रकाशन/बनी0/2026–27 दिनांक– 19.06.2026

### –:: निविदा सूचना ::–

क्षेत्र पंचायत बनीकोडर के द्वारा पंचम राज्यवित्त एवं केन्द्रीय 15वें वित्त योजनान्तर्गत निम्न परियोजनाओं की निविदायें दिनांक **13 जुलाई 2026 अपरान्ह 01 बजे** तक नीचे लिखी शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म विकास खण्ड कार्यालय में **दिनांक 07 जुलाई 2026 से 12 जुलाई 2026** तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित धनराशि जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। मोहरबन्द **निविदायें 13 जुलाई 2026 को प्रातः 10 से 01 बजे अपरान्ह तक** खण्ड विकास अधिकारी बनीकोडर के कार्यालय कक्ष में जमा की जायेगी तथा **13 जुलाई 2026 को ही अपरान्ह 2.00 बजे** सम्बन्धित निविदादाता ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति बनीकोडर के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा (किमी/ई0मे) | लागत जीएसटी सहित (रू0लाख में) | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 06 |
| 01 | राज्यवित्त योजना | विकास खण्ड परिसर में प्रेरणा कैन्टीन का निर्माण कार्य। | 1 नग | 2.17 | 4340 | 590 | 06 माह |
| 02 | तदैव | पिपरिहा सम्पर्क रोड से स्व0 कात्यायिनी प्रसाद मिश्र की समाधि स्थल तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 6.25 | 12500 | 1180 | 06 माह |
| 03 | तदैव | मवैया लिंक रोड से पूजा तिवारी पत्नी दिलीप तिवारी के घर के पास तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 6.20 | 12400 | 1180 | 06 माह |
| 04 | तदैव | जरौली में इस्लाम के घर के पास पुलिया से श्री लाल कश्यप के घर के पास पुलिया तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण एवं अवशेष 25 मी0 नाला निर्माण कार्य। | 75 मी0 | 9.78 | 19560 | 1180 | 06 माह |
| 05 | केन्द्रीय वित्त योजना | ग्राम पूरे रोशन लाल मजरे असेना में संजय रावत के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 50 मी0 | 3.08 | 6160 | 590 | 06 माह |
| 06 | तदैव | पूरे सुर्खई में सत्यनाम रावत के घर के पास से गड्ढे तक नाला एवं रैम्प निर्माण कार्य। | 15 मी0 | 1.23 | 2460 | 590 | 06 माह |

शर्तों एवं प्रतिबन्धों का विवरण :–

01– धरोहर एवं निविदा शुल्क की धनराशि कालम संख्या 06 एवं 07 के अनुसार देय होगी। निविदादाताओं को निविदा के साथ 02 प्रतिशत जमानत जमा करना होगा, शेष 08 प्रतिशत भुगतान से काटी जायेगी।
02– ठेकेदारों को आयकर, जीएसटी, जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र एवं अनुभव प्रमाण–पत्र सलंग्न करना होगा।
03– पंजीकृत ठेकेदारों को पंजीकरण/नवीनीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति निविदा के साथ लगाना होगा।
04– ठेकेदार कोकार्य के तीनों चरणों क्रमशः कार्य प्रारम्भ से पूर्व, कार्य के प्रगति एवं कार्यपूर्ण होने के चरणों के फोटोग्राफी कराकर अभिलेखार्थ कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
05– सशर्त निविदा/ओवर राइटिंग कटिंग निविदा मान्य नही होगा।
06– कार्य को गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक विशिष्टियों के अनुसार निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण कराना होगा।
07– ठेकेदार को उसके द्वारा कराये गये कार्य की गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
08– प्रस्तावित कार्य केन्द्रीय वित्त योजना एवं राज्यवित्त योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्त के अन्तर्गत एवं समय–समय पर जारी मार्गदर्शक सिद्धान्त/आदेश के विपरीत यदि कोई परियोजना प्रकाश में आती है, तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
09– प्रत्येक निविदा के साथ 10.00 रूपये का स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में शपथ–पत्र निविदा के साथ सलंग्न करना होगा।
10– निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों मे करना होगा।
11– ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से अस्वीकृत ठेकेदारों की निविदा मान्य नही होगी।
12– निविदा सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि किसी अन्य विभाग द्वारा पूर्व निर्मित/प्रस्तावित/निर्माणाधीन अथवा स्वीकृत कर ली गई है, तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
13– निविदादाता के द्वारा उक्त कार्यों पर लगे श्रमिकों/मिस्त्रियों से सम्बन्धित ई0पी0एफ0/श्रम विभाग/अन्य किसी विभाग से सम्बन्धित दावे/आपत्तियों का निस्तारण स्वयं के व्यय पर किया जायेगा।
14– प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि में संशोधन का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बनीकोडर में निहित होगा।
15– समस्त निविदादाता निविदा खोलने के निर्धारित स्थान/तिथि/समय पर उपस्थित रहें अन्यथा किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।
16– निविदा की स्वीकृति/अनुबन्ध धनराशि की उपलब्धता के अनुसार ही जायेगी।
17– निविदा की स्वीकृति/अनुबन्ध सक्षम स्तर से प्रशासनिक एवं वित्तीय/तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही की जायेगी।
18– निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित निविदादाता को 100.00 रूपये के स्टाम्प पर अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।
19– यदि कोई निविदादाता समय से कार्यपूर्ण नही करता है तो ख0वि0अ0 बनीकोडर द्वारा निर्धारित अर्थ दण्ड देय होगा।
20– निविदा से सम्बन्धित कार्य/कार्ययोजना ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर फीड होने के पश्चात् कार्यादेश जारी किये जायेगें।
21– निविदा के किसी अथवा सभी कार्यों को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बनीकोडर में निहित होगा।
22– समस्त विवादों का निपटारा न्याय क्षेत्र जिला बाराबंकी होगा।

(हरिकेश गौतम)
अवर अभियन्ता (ग्राअवि)
बनीकोडर–बाराबंकी।

(संस्कृता मिश्रा)
खण्ड विकास अधिकारी
बनीकोडर–बाराबंकी।

(उर्मिला देवी)
ब्लाक प्रमुख–बनीकोडर
जनपद–बाराबंकी



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 30वां (वि0/यां0) वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक:- 1597/202CB-30/2026 दिनांक:- 01.07.2026

### ई- निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर पर https://etender.up.nic.in के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता 30वां(वि./यां.) वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ द्वारा दिनांक 22.07.2026 से दिनांक 30.07.2026 तक अपराह्न 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 30.07.02026 को अपराह्न 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मों के प्रतिनिधियों के समक्ष अधीक्षण अभियन्ता 30वां(वि./यां.) वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में टेक्निकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत है–

| क्रम स. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत कर सहित (रु0 लाख में) | धरोहर धन राशि (रु0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु0) | फर्म के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोकभवन सचिवालय में स्थापित 4 Nos. X 550-2200 TR क्षमता के केन्द्रीय वातानुकूलन संयंत्र के वार्षिक कम्प्रेहेन्सिव अनुरक्षण एवं संचालन का कार्य। | 125.88 | 8.30 | 12 माह | 2714 | लोक निर्माण विभाग में विद्युत कार्यों हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार अथवा विशेष एजेंसी/फर्म जो समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखते हों, वही निविदा के पात्र होंगे जिन्हें लोकभवन सचिवालय में स्थापित केन्द्रीय वातानुकूलन संयंत्र के चिलर के ओ.ई.एम. (M/s Dunham-Bush) /अधिकृत सेवा एजेंट को संबद्ध करना होगा। |

1. सभी निविदादाता को चिलर के ओ.ई.एम (M/s Dunham-Bush) /अधिकृत सेवा एजेंट से संबद्ध कर MOU की प्रति ई-टेण्डर साइट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
3. निविदा से सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(मुनेश्वर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत अनुरक्षण खण्ड-1
लो.नि.वि., लखनऊ

(अभय कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्
30 वां (वि./यां.) वृत्त,
लो.नि.वि., लखनऊ

उ0प्र0 253337 दिनांक- 03.07.2026 Website: www.upgov.nic.in

# दुराग्रही तत्व ही करते हैं गोहत्या की बात



- हृदयनारायण दीक्षित

तमिलनाडु सरकार भारतीय संस्कृति पर लगातार हमलावर है। सरकार हाई कोर्ट के उस फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट गई है, जिसमें कोर्ट ने गहिंत्या पर पाबंदी लगाई थी। सरकार की तरफ से कहा गया है कि गाय वध किए जाने योग्य है। लेकिन गाय भारतीय संस्कृति में मां की तरह आदरणीय हैं। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक गाय की प्रतिष्ठा है। लेकिन विचारधारा के प्रति दुराग्रही तत्व गोहत्या की बातें करते हैं।

मंत्रों के अर्थार्थ में अपनी-अपनी दृष्टियाँ होती हैं। वैदिक समाज गाय को अघन्या/अवध्य मानता था। ऋग्वेद (1.164.27) में वह अघन्या है (वध न किए जाने योग्य), सौभाग्यदायिनी है। गाय सम्पूर्ण वैदिक साहित्य की श्रद्धा केन्द्र है। अथर्ववेद में वह विराट ब्रह्म है। वह एक सूक्त (9.12) की देवता है, ''गाय का ऊपरी जबड़ा द्युलोक है, निचला पृथ्वी, जीभ विद्युत है, दाँत मरुद्गण हैं, उदर भाग अंतरिक्ष है, दोनों कंधे मित्र और वरुण हैं आदि।'' इसके पहले ऋग्वेद (8.101.215) में कहते हैं, ''यह रुद्रों की माता, वसुओं की दुहिता, आदित्यों की बहन तथा अमृत की नाभि है। यह अवध्य है।'' थोड़े शब्द बदलकर यही मंत्र अथर्ववेद में भी दुहराया गया है। यजुर्वेद भी गाय की महिमा से भरापूरा है। अथर्ववेद (12.4) में गाय को कष्ट पहुँचाने वालों का दण्ड वर्णित है, ''जो गाय के कान को पीड़ा देते हैं वे मानो देवताओं पर प्रहार करते हैं। जो गौ पर परिचय चिह्न बनाते हैं, उनका धन नष्ट होता है। जो साज सज्जा के लिए गौ बाल काटते हैं इस अपराध कर्म से उनकी संतानें मृत्यु को प्राप्त होती हैं। जिस गोपति के सामने कौआ गाय के बाल नोचता है, उसकी संतानें मर जाती हैं आदि।'' फिर गोहत्या के बारे में (अथर्व 12.9) कहा, ''गौघाती इस लोक और परलोक दोनों में दण्डनीय है।'' ऋग्वेद (8.4.11) के एक मंत्र 'उक्षात्राय, वशात्राय, सोमपृष्ठाय वेधसे' के आधार पर मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में आर्यों को गोमांस भक्षी बताया है। यहाँ ऋषि अग्नि की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने उक्षा का अर्थ बैल तथा वशा का अर्थ गाय लगाया। उनके मुताबिक अग्नि देव मांस भक्षी हैं। इन विद्वानों ने उक्षा और वसा के साथ प्रयुक्त 'अन्नाय' (अन्न) शब्दों पर गौर नहीं किया। सातवलेकर ने इसी मंत्र के अनुवाद में कहा, ''अन्न को रस से सिंचित करने वाले, अन्न को रमणीय बनाने वाले सोमपीठ अग्नि की हम उपासना करते हैं।'' भारत में अन्न मांस नहीं था। 10वें मंडल के 27वें सूक्त के मंत्र 17 को भी गोमांस भक्षण के पक्ष में इस्तेमाल किया जाता है। वे मंत्र 17 के 'पीवान मेष' का अर्थ भेड़ का पकाया जाना लगाते हैं। लेकिन लुडविग ने 'पीवान मेष' का अर्थ जल से फूला मेघ किया है। सत्यकेतु विद्यालंकार ने बताया, ''ये मंत्र पहेलियों के रूप में हैं। यहाँ मेष का अर्थ भेड़ न होकर मेघ राशि अभिप्रेत है ...... 'पीवानंमेष' का अर्थ मेष राशि के तारा पुंज को चमकाना है।'' (प्राचीन भारतीय इतिहास का वैदिक युग, पृ. 213)

देवता मनुष्य की श्रद्धा है। मनुष्य अपना प्रिय खाद्य ही देवताओं को अर्पित करता है। गोदुग्ध वैदिक समाज का प्रिय पेय है। एक ऋषि अग्नि को दूध देना चाहते हैं लेकिन उनके पास 'अघन्या गाय' है नहीं। (ऋ 8.102.19) ऋषि इन्द्र से कहता है, 'अघन्या अपना दूध तुम्हें देती है।' (9.1.9) इन्द्र 'अघन्या रक्षक' (8.69.2) हैं तब वह और उनके अनुयायी आर्य अघन्या भक्षक कैसे होंगे? अघन्या अश्विनी देवों को भी दूध देती है। (1.164.27) गाएँ ऋग्वैदिक समाज में ही ऋषित्व की श्रेणी में पहुँच गईं। वे सोम की स्तुति करती हैं। अथर्व. में तो खैर वे देवता हैं ही। घी, अग्नि का अन्न है। वैदिक समाज जौ खाता था। अग्नि को भी जौ खिलाता था। वे गाय के दूध में सोम मिलाकर इन्द्र को भेंट करते थे। एक अन्न था धाना/धान्या। वे इन्द्र को धाना खिलाते थे। (ऋ4.24.7)

ऋषि इन्द्र से कहते हैं, 'प्रतिदिन पधारो, धाना खाओ।' (ऋ3.53.7) खेती के देवता पूषन थे। वे 'करम्भ' प्रेमी हैं। मार्क्सवादी विचारक डॉ. रामविलास शर्मा ने बताया, करम्भ भुना हुआ अनाज था। करम्भ इन्द्र पूषन सबका प्रिय है। लेकिन घी के साथ मिलाकर तैयार 'अपूप' अन्य देवों के साथ मरुतगण भी खाते हैं। (ऋ3.52.7) मैकडनल और कीथ ने एक और वैदिक व्यंजन 'पुरोडास' को 'यज्ञ की रोटी' बताया है। ऋषि इन्द्र से कहते हैं, 'प्रार्थना सुनो, पुरोडाइस खाओ।' (ऋ4.32.16) जो इन्द्र को पुरोडास खिलाता है, उसे इन्द्र पापों से बचाते हैं (ऋ8.31.2)


मिलनाडु सरकार भारतीय संस्कृति पर लगातार हमलावर है। सरकार हाई कोर्ट के उस फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट गई है, जिसमें कोर्ट ने गहिंत्या पर पाबंदी लगाई थी। सरकार की तरफ से कहा गया है कि गाय वध किए जाने योग्य है। लेकिन गाय भारतीय संस्कृति में मां की तरह आदरणीय हैं। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक गाय की प्रतिष्ठा है। लेकिन विचारधारा के प्रति दुराग्रही तत्व गोहत्या की बातें करते हैं। मंत्रों के अर्थार्थ में अपनी-अपनी दृष्टियाँ होती हैं। वैदिक समाज गाय को अघन्या/अवध्य मानता था। ऋग्वेद (1.164.27) में वह अघन्या है (वध न किए जाने योग्य), सौभाग्यदायिनी है। गाय सम्पूर्ण वैदिक साहित्य की श्रद्धा केन्द्र है। अथर्ववेद में वह विराट ब्रह्म है। वह एक सूक्त (9.12) की देवता है, ''गाय का ऊपरी जबड़ा द्युलोक है, निचला पृथ्वी, जीभ विद्युत है, दाँत मरुद्गण हैं, उदर भाग अंतरिक्ष है, दोनों कंधे मित्र और वरुण हैं आदि।'' इसके पहले ऋग्वेद (8.101.215) में कहते हैं, ''यह रुद्रों की माता, वसुओं की दुहिता, आदित्यों की बहन तथा अमृत की नाभि है। यह अवध्य है।'' थोड़े शब्द बदलकर यही मंत्र अथर्ववेद में भी दुहराया गया है। यजुर्वेद भी गाय की महिमा से भरापूरा है। अथर्ववेद (12.4) में गाय को कष्ट पहुँचाने वालों का दण्ड वर्णित है, ''जो गाय के कान को पीड़ा देते हैं वे मानो देवताओं पर प्रहार करते हैं। जो गौ पर परिचय चिह्न बनाते हैं, उनका धन नष्ट होता है। जो साज सज्जा के लिए गौ बाल काटते हैं इस अपराध कर्म से उनकी संतानें मृत्यु को प्राप्त होती हैं। जिस गोपति के सामने कौआ गाय के बाल नोचता है, उसकी संतानें मर जाती हैं आदि।'' फिर गोहत्या के बारे में (अथर्व 12.9) कहा, ''गौघाती इस लोक और परलोक दोनों में दण्डनीय है।'' ऋग्वेद (8.4.11) के एक मंत्र 'उक्षात्राय, वशात्राय, सोमपृष्ठाय वेधसे' के आधार पर मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में आर्यों को गोमांस भक्षी बताया है। यहाँ ऋषि अग्नि की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने उक्षा का अर्थ बैल तथा वशा का अर्थ गाय लगाया।

वैदिक समाज का जौ, धाना, करम्भ, अपूप, पुराडास, दूध और घी प्रेम चारों वेदों में व्याप्त है। गोमांस खिलाने का कहीं जिक्र ही नहीं। गाएं श्रद्धा हैं। अन्न खाद्य है। एक देवता बृहस्पति हैं। उन्होंने गायों को आकाश तक चरने भेजा (ऋ 2.24.14) मैकडनल ने लिखा, 'वह बादलों में जाकर गायों को पुकारते हैं।' (ऋ 10.68.12)

ऋग्वेद से लेकर महाभारत और वर्तमानकाल तक गाय भारतीय संस्कृति और परम्परा में पूज्य है। तुलसीदास ने रामजन्म के कारण में से एक कारण गोसंवर्द्धन बताया, 'विप्र धेनु सुर संतहित लीन्ह मनुज अवतार।' गीता में कृष्ण ने अर्जुन को अपने तमाम रूपों में से एक गाय रूप भी बताया। कृष्ण गोपाल थे। कौटिल्य ने भी गोसंरक्षण को जरूरी बताया।

प्राचीन भारत गोपूजक था। गाय प्रतिष्ठा थी, गाय समृद्धि थी, गाय ऐश्वर्य थी। चैथी सदी के चीनी यात्री फाहियान व 7वीं सदी ह्वेनसांग के निष्कर्ष हैं कि भारत में मांसाहारी नहीं हैं। गोहत्या के विरुद्ध भारत में अनेक आंदोलन हुए। गांधीजी ने गोहत्या बंदी को स्वराज का एक अंग बताया। गाय भारतीय अर्थव्यवस्था की माँ है, समाज व्यवस्था और सांस्कृतिक व्यवस्था का श्रद्धा केन्द्र। बावजूद इसके गोहत्या की पक्षधरता है। ऐसे तत्व गोमांस का पक्ष लेकर न जाने कैसा भारत बनाने का ख्वाब देख रहे हैं। अपने इतिहास, संस्कृति और अतीत को अपमानित करने का ऐसा कृत्य निन्दनीय है। विश्व इतिहास में किसी राष्ट्र में ऐसे आत्मघाती विचार नहीं मिलते। यह भारत का अपमान है। सनातन संस्कृति और परम्परा पर बेहूदा प्रहार है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

(गतांक से आगे)

अन्तर इतना ही है कि आरम्भ में वह द्रष्टा के रूप में था, क्रमशः उत्थान होते-होते परम का स्पर्श कर परमात्मा के रूप में परिणत हो जाता है।

य एवं वेत्ति पुरुषं प्रकृतिं च गुणैः सह। सर्वथा वर्तमानोऽपि न स भूयोऽभिजायते ।। 23 ।। इस प्रकार पुरुष को और गुणों के सहित प्रकृति को जो मनुष्य साक्षात्कार के साथ विदित कर लेता है, वह सब प्रकार से बरतता हुआ भी फिर नहींजन्मता अर्थात् उसका पुनर्जन्म नहीं होता। यही मुक्ति है। अभी तक योगेश्वर श्रीकृष्ण ने ब्रह्म और प्रकृति की प्रत्यक्ष जानकारी के साथ मिलनेवाली परमगति अर्थात् उसका पुनर्जन्म से निवृत्ति पर प्रकाश डाला और अब वे उस योग पर बल देते हैं जिसकी प्रक्रिया है आराधना; क्योंकि इस कर्म को कार्यरूप दिये बिना कोई पाता नहीं।

ध्यानेनात्मनि पश्यन्ति केचिदात्मानमात्मना। अन्ये साङ्ख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे ।। 24।।

हे अर्जुन! उस 'आत्मानम्'- परमात्मा को कितने ही मनुष्य तो 'आत्मना'- अपने अन्तर्चिन्तन से ध्यान के द्वारा 'आत्मनि'- हृदय-देश में देखते हैं, कितने ही सांख्ययोग के द्वारा (अर्थात् अपनी शक्ति को समझते हुए उसी कर्म में प्रवृत्त होते हैं।) और अन्य बहुत से उसे निष्काम कर्मयोग के द्वारा देखते हैं। समर्पण के साथ उसी नियत कर्म में प्रवृत्त होते हैं। प्रस्तुत श्लोक में मुख्य साधन है ध्यान। उस ध्यान में प्रवृत्त होने के लिये सांख्ययोग और निष्काम कर्मयोग दो धाराएँ हैं।

अन्ये त्वेवमजानन्तः श्रुत्वान्येभ्य उपासते । तेऽपि चातितरन्त्येव मृत्युं श्रुतिपरायणाः ।। 25।।

परन्तु दूसरे, जिनको साधना का ज्ञान नहीं है, वे इस प्रकार न जानते हुए 'अन्येभ्यः'- दूसरे जो तत्त्व को जाननेवाले महापुरुष हैं, उनके द्वारा सुनकर ही उपासना करते हैं और वे सुनने के परायण हुए पुरुष भी मृत्युरूपी संसार-सागर से निःसन्देह तर जाते हैं। अतः कुछ भी पार न लगे तो सत्संग करें। सन्तों के सान्निध्य में रहें।

यावत्सञ्जायते किञ्चित्सत्त्वं स्थावरजङ्गमम् । क्षेत्रक्षेत्रज्ञसंयोगात्तद्विद्धि भरतर्षभ ।। 26 ।।

क्रमशः...

# ओक वृक्षों पर बढ़ता संकट : वैश्विक पारिस्थितिक चेतावनी

- कुमार सिद्धार्थ

जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संकट की चर्चा जब भी होती है, तब आमतौर पर ग्लेशियरों के पिघलने, जंगलों की आग, सूखे और बाढ़ जैसे विषय प्रमुखता से सामने आते हैं। किंतु प्रकृति में कुछ संकट ऐसे भी होते हैं जो अचानक नहीं आते, बल्कि वर्षों तक धीरे-धीरे विकसित होते हैं और जब उनके परिणाम स्पष्ट दिखाई देते हैं, तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। ओक (बलूत) वृक्षों के सामने खड़ा संकट ऐसी ही एक धीमी लेकिन गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है। हाल ही में ब्रिटेन में प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट ने इस संकट को नए सिरे से वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला दिया है।एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के कई क्षेत्रों में यह महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजाति अलग-अलग प्रकार के दबावों का सामना कर रही है। भारत के हिमालयी क्षेत्रों में भी ओक वनों का क्षरण पर्यावरणविदों की चिंता का सबब बना हुआ है।

क्या है ओक वृक्ष?

ओक वृक्ष का वानस्पतिक नाम क्वेरकस है। यह फैगेसी कुल का सदस्य है और विश्वभर में इसकी लगभग 500 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यूरोप, उत्तरी अमेरिका और एशिया के समशीतोष्ण क्षेत्रों में इसका व्यापक फैलाव है। भारत में मुख्यतः हिमालयी क्षेत्रों में इसकी अनेक प्रजातियाँ मिलती हैं, जिनमें बांज , तिलौंज, खरसू और मोरू प्रमुख हैं।

ओक वृक्ष अत्यंत दीर्घायु होते हैं। कुछ वृक्ष 300 से 500 वर्ष तक जीवित रह सकते हैं, जबकि कई प्राचीन ओक वृक्षों की आयु इससे भी अधिक दर्ज की गई है। अपनी विशाल छत्राकार संरचना, गहरी जड़ों और दीर्घ जीवन के कारण इन्हें अनेक पारिस्थितिक तंत्रों की आधारशिला माना जाता है।

पारिस्थितिकी का प्रहरी

ओक वृक्षों का महत्व केवल उनकी विशालता या सुंदरता तक सीमित नहीं है। इन्हें जैव विविधता का संरक्षक माना जाता है। ब्रिटेन में किए गए अध्ययनों के अनुसार एक ओक वृक्ष प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 2,300 से अधिक जीव प्रजातियों को आश्रय देता है। इनमें पक्षी, कीट, कवक, काई, स्तनधारी और सूक्ष्मजीव शामिल हैं। भारत के हिमालयी क्षेत्रों में भी ओक वन पारिस्थितिकी की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इन्हें ÷जल संरक्षक वृक्ष÷ कहा जाता है क्योंकि इनकी गहरी जड़ें वर्षा जल को भूमि में संरक्षित करती हैं और झरनों, नालों तथा नदियों के प्रवाह को बनाए रखने में मदद करती हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि जिन क्षेत्रों में ओक वन सुरक्षित हैं, वहां जलस्रोत अपेक्षाकृत अधिक स्थायी बने रहते हैं।

इसके अलावा ओक वृक्ष कार्बन अवशोषण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक परिपक्व ओक वृक्ष अपने जीवनकाल में बड़ी मात्रा में कार्बन संग्रहीत कर सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायता मिलती है।

एशियाई देशों में ओक वनों की स्थिति

भारत में ओक मुख्यतः उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम और पूर्वोत्तर राज्यों के पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। किंतु पिछले कुछ दशकों में इन वनों का क्षेत्रफल और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हुई हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार ओक वनों के क्षरण के पीछे कई कारण हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि और वर्षा चक्र में बदलाव से इनके प्राकृतिक आवास प्रभावित हो रहे हैं। कई क्षेत्रों में ओक वनों की जगह चीड़ (पाइन) के जंगल फैल रहे हैं। चीड़ अपेक्षाकृत कम जैव विविधता का समर्थन करती है और जंगल की आग के प्रति अधिक संवेदनशील होती है। इसके अतिरिक्त ईंधन, चारे और लकड़ी के लिए अत्यधिक दोहन, अनियंत्रित चराई, सड़क निर्माण और शहरी विस्तार भी ओक वनों पर दबाव बढ़ा रहे हैं।

कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आया है कि पुराने वृक्ष तो अभी भी मौजूद हैं, लेकिन नए पौधों का प्राकृतिक पुनर्जनन लगातार घट रहा है। यह स्थिति भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी है।

नेपाल, भूटान और चीन के पर्वतीय क्षेत्रों में भी ओक वनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दर्ज किए जा रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि तापमान बढ़ने के कारण कई ओक प्रजातियाँ ऊंचाई की ओर खिसक रही हैं, जिससे उनकी पारिस्थितिक सीमाएं बदल रही हैं।

ब्रिटेन में ओक वृक्ष केवल प्राकृतिक धरोहर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का भी हिस्सा हैं।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**दूरस्थोअपि न दूरस्थो यो यस्य मनसि स्थितः।**
**यो यस्य हृदये नास्ति समीपस्थोअपि दूरतः।।**

जिसका जिसके प्रति प्रेमभाव होता है, वह दूर होते हुए भी पास रहता हैं, परन्तु जिसके प्रति कोई मानसिक लगाव नहीं होता, वह पास होते हुए भी दूर होता है।

✦✦✦

**यस्माच्च प्रियमिच्छेत्तु तस्य ब्रूयात् सदा प्रियूम्।**
**व्याधो मृगवधं कर्तुं गीतं गायति सुस्वरम्।।**

जिस प्रकार मृग को मारने की इच्छा होने पर शिकारी उसे मोहित करने के लिए मधुर स्वर में बीन बजाता है, उसी प्रकार जिससे किसी प्रकार का लाभ होने की सम्भावना हो, उसके साथ्ज्ञ सदा मधुर व्यवहार ही करना चाहिए।

✦✦✦




## ।। अमृत कलश।।

### नींव का पत्थर

लाल बहादुर शास्त्री हंसमुख स्वभाव के थे। लोग उनकी भाषण देने की कला, निस्वार्थ सेवाभावना जैसे गुणों के कायल थे। लेकिन जब वह लोकसेवा मंडल के सदस्य बने तो संकोची स्वभाव के हो गए थे। वह समाचार-पत्रों में नाम छपवाने, प्रशंसा आदि के इच्छुक नहीं थे। एक दिन उनके मित्र ने पूछा, 'आप समाचार-पत्रों में नाम छपवाने से परहेज क्यों करते हैं?

तब शास्त्रीजी बोले, 'लाला लाजपतराय ने लोकसेवा मंडल के कार्य की सीख देते हुए बताया था कि ताजमहल में दो तरह के पत्थर लगे हैं-एक संगमरमर के, जिनकी प्रशंसा सभी लोग करते हैं। दूसरे वह पत्थर भी हैं जो ताजमहल की नींव में लगे हैं। लेकिन वही ताजमहल का आधार हैं। उनके यह शब्द मुझे आज भी याद हैं, इसीलिए मैं नींव का पत्थर ही बने रहने का इच्छुक हूं।'

## काँव-काँव

✦✦✦

**हलाला और तीन तलाक़ कानूनन अपराध-कोर्ट**

हिंदू समाज की दहेज परंपरा फल फूल रही है!

**क्या सरकारों के गुलाम हैं नागरिक-मुंबई हाईकोर्ट**

राष्ट्रवाद का आधार मानसिक गुलामी है हुजूर!

**महाराष्ट्र में स्कूलों के पास एनर्जी ड्रिंक पर रोक**

बच्चे शॉपिंग माल में जाकर पी सकते हैं!

**आधा किलो का आम देखकर मुस्कुराये योगी**

मलिहाबाद काकोरी में आमों के बाग कट रहे हैं!

**मानसून सत्र में जबर्दस्त टकराव के दिखे आसार**

मानसून मतलब गरज चमक के साथ बरसना!

**हमने तीन दिनों तक ईरान पर किया हमला-ट्रंप**

लेकिन मर्ज बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा की..

**अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई**

ग्लोबल वर्ल्ड की फैंटेसी अब दम तोड़ रही है!

**चढ़ावाचोरी से रामभक्तों की भावना आहत-संघ**

गौ-हत्यारों से चंदा लेने वाले भी रामभक्त हैं?

✦✦✦

# भूमाफियाओं का राज



- निशिकांत ठाकुर

आजादी के समय देश की आबादी करीब 34 करोड़ के आसपास थी, लेकिन वर्ष 1951--52 में देश की जनगणना कराई गई तो आबादी बढ़कर 36.10 करोड़ हो गई थी । अल्प संसाधनों के बावजूद अन्न की कमी नहीं थी। देश में खुशहाली थी। धीरे धीरे जनसंख्या बढ़ती गई और आज डेढ़ सौ करोड़ के करीब पार करने के समीप पहुंच गई है। स्वाभाविक है कई तरह के नफा --नुकसान देश को होने लगे । जमीन का घनत्व तो बढ़ा नहीं, लेकिन बेतरतीब जनसंख्या बढ़ोत्तरी ने लाभ कम कर दिए। इस बीच भूमाफियाओं का एक नया गैंग तैयार हो गया है। वैसे भारत में आधिकारिक तौर पर भू-माफिया की सक्रियता को मापने के लिए कोई केंद्रीय रैंकिंग मौजूद नहीं है, लेकिन राज्य सरकारों द्वारा भू-माफियाओं को चिह्नित करने और उनके खिलाफ दर्ज मामलों के आधार पर, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में भू-माफिया सबसे अधिक सक्रिय और चर्चित है । सबसे पहले आज उस मुद्दे की चर्चा करते हैं कि जिसने देश को गरमा दिया है। वह है राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा किए गए जमीन घोटाले का मुद्दा । आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर कथित जमीन घोटाले और दान की रकम में गड़बड़ी को लेकर विशेष जांच दल को कई दस्तावेज सौंपे है। जिनमें उनके द्वारा दिए गए मुख्य सबूत और आरोप के दस्तावेज शामिल हैं। दान में मिले पैसों से जमीनें खरीदने के लिए उनकी वास्तविक बाजार कीमत से कई गुना ज्यादा दाम दिए गए हैं। उदाहरण के तौर पर, लगभग दो करोड़ की जमीन कुछ ही मिनटों में ट्रस्ट को लगभग 18.5 करोड़ में बेचे जाने और एक मामले में नौ करोड़ की जमीन 55.47 करोड़ में खरीदे जाने का आरोप है। संजय सिंह ने ऐसे दस्तावेज सौंपे हैं जिनमें आरोप लगाया गया है कि नजूल भूमि (जिसे कानूनी तौर पर खरीदा या बेचा नहीं जा सकता) का सौदा ट्रस्ट के पैसों से किया गया। कुछ जमीन सौदों में तत्कालीन अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय और ट्रस्टी अनिल कुमार मिश्रा के नाम सामने आए हैं ,जहाँ एक ही गवाह दोनों पक्षों (खरीदने और ट्रस्ट को बेचने) की रजिस्ट्री में शामिल था। जमीनों की खरीद-फरोख्त के अलावा, उन्होंने मंदिर में आने वाले दान-चढ़ावे, सोने-चांदी और आभूषणों के गायब होने/हेराफेरी के भी सबूत भी देने का दावा किया है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद देश में हंगामा होने लगा है और विपक्षियों द्वारा कहा जाने लगा है कि जब राम मंदिर में जमीन का घोटाला हो सकता है, तो फिर कहां जमीनों का घोटाला नहीं हो सकता। एसआईटी को सौंपे कागजातों को वे जमीन घोटाले का पुख्ता सबूत कहते हैं।

एक दूसरा मामला 'द इंडियन एक्सप्रेस' और 'द हिंदू' की रिपोर्ट्स में उजागर हुआ है, वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से जुड़े उज्जैन भूमि मामले पर केंद्रित हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से जुड़े भूमि विवाद को लेकर इन अखबारों में निम्नलिखित मुख्य जो बातें कही गई वह यह कि दिसंबर 2023 में सीएम बनने के बाद से मोहन यादव के परिवार और उनसे जुड़ी रियल एस्टेट कंपनियों ने उज्जैन में लगभग 168 एकड़ जमीन के कम से कम 137 भूखंड खरीदे हैं। । इसमें से लगभग 111 एकड़ जमीन उन प्रमुख क्षेत्रों में खरीदी गई है, जहां राज्य सरकार द्वारा नई सड़क परियोजनाओं और विकास कार्यों की घोषणा की गई थी । 'द हिंदू' समाचार पत्र ने बताया है कि विपक्षी पार्टी (कांग्रेस) ने इस खुलासे को लेकर मुख्यमंत्री पर 'इनसाइडर ट्रेडिंग' और 'महाकाल की भूमि की लूट' के गंभीर आरोप लगाए है । कांग्रेस इन आरोपों पर मुख्यमंत्री के इस्तीफे और सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज से जांच की मांग कर रही हैं । वहीं दूसरी ओर, बीजेपी ने इन सभी आरोपों को निराधार और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया है। बिहार में भूमि घोटालों, अवैध कब्जों और जमीन से जुड़े विवादों को रोकने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार ने कई सख्त कानून और नियम लागू किए थे। इनमें सबसे प्रमुख बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम कानून है। बिहार सरकार द्वारा जमीन घोटालों से निपटने के लिए उठाए गए मुख्य कदम इस प्रकार बताए जा रहे हैं । बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम 2009 इस कानून के तहत एक त्वरित तंत्र बनाया गया है ताकि रैयतों की जमीन पर अवैध कब्जा या जमाबंदी में गड़बड़ी जैसे मामलों को सुलझाया जा सके। इसके तहत सभी लंबित मामलों का निपटारा अधिकतम तीन महीने के भीतर करने का सख्त निर्देश दिया गया है। जमीन मापने के लिए नए समय-सीमा नियम भी बनाए गए हैं। जमीन के रिकॉर्ड में गड़बड़ी या फर्जीवाड़े से बचने के लिए सरकार ने माप प्रक्रिया को बेहद पारदर्शी बना दिया है। इसके तहत अविवादित जमीन की माप अधिकतम सात दिनों में और विवादित जमीन की माप 11 दिनों में पूरी करना अनिवार्य कहा गया है। बिहार भूमि दाखिल-खारिज अधिनियम, यह कानून जमीन की खरीद-बिक्री के बाद नामान्तरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाता है, ताकि कोई भी जालसाज गलत तरीके से जमाबंदी में हेरफेर न कर सके। भू-माफिया पर नकेल और विशेष अभियान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। सरकारी जमीनों की सूची बनाकर निबंधन कार्यालयों को सौंप दी गई है, ताकि बिना सरकार की अनुमति के सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री न हो सके। आपराधिक कानून (अपराध नियंत्रण विधेयक भू-माफियाओं, अवैध बालू माफियाओं के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए नीतीश सरकार ने सख्त दंडात्मक प्रावधान भी लाई थी, जिसके तहत जिलाधिकारी को असामाजिक तत्वों पर तड़ीपार (जिला बदर) करने जैसी कड़ी कार्रवाई का अधिकार दिया गया है।

भू माफियाओं पर लगाम कसने के लिए निश्चित रूप से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने बड़े ही सराहनीय कानून बनाए, लेकिन भुक्तभोगियों की एक बानगी यहां बताना प्रासंगिक होगा। जैसा कि एक भुक्तभोगी ने बताया कि अपने रोजगार के लिए वर्ष 1978 में वह बिहार से बाहर चला गया। जब कुछ वर्षों बाद वह आया तो देखा कि उसकी सारी जमीन अपनो ने ही हड़प रखी है। बात करने पर उसे बताया गया यहां इसी तरह होता है आप तो बाहर जाकर अपना जीवन यापन करते रहे , लेकिन जिन्होंने आपकी जमीन को कब्जा किया है वे बहुत बड़े भू माफिया हैं। अब आप पुलिस के पास जाएं । लेकिन, यह क्या, पुलिस से मिलने के बाद पुलिस भी उसी सुर में गाने लगी। पुलिस ने उससे कहा कि आप वह जमीन छोड़ दें । यदि आप कानूनी उलझन में पड़ेंगे तो आपको उस पर कब्जा मिलने में वर्षों लग जाएंगे । सच तो यह है कि सरकार ने आम जनता के लिए कानून तो ढेरों बनाए हैं, लेकिन उस कानून को समाज उलझन मानकर उससे बचना चाहता है । अब ऐसी स्थिति में क्या किया जा सकता हैं ! सब चोरी की सजा तो निर्धारित है , लेकिन जमीन चोरी के मामले से निपटने में कई लोग अपना जीवन, अपनी ही संपति बर्बाद कर देते हैं ? इस तरह के भू माफिया सरकार से टकराने और जमीन से अपना कब्जा खोए व्यक्ति के लिए गोली - बंदूक लेकर जान लेने के लिए तैयार घूमते रहते है और बिहार सरकार की इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह उसे कानूनी शिकंजों में जकड़ सके। बिहार को चाहिए कि वह पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा बनाए गए इस नियम को और कठोरता से लागू करे। अन्यथा जो बिहार से बाहर जीवन सवारने के लिए गए हुए हैं वे फिर कभी बिहार के विकास के लिए अपना कोई योगदान दे पाने की स्थिति में नहीं रहेंगे । इस लिए बिहार सरकार के साथ- साथ केंद्र सरकार को भी भू माफियाओं के चंगुल से आम लोगों को निजात दिलाने के लिए सख्त कदम उठाने ही होंगे ।

# इन छोटी-छोटी बातों से आप जीत सकते हैं लोगों का दिल

*आपकी छोटी-छोटी आदतें लोगों के दिल में हमेशा के लिए घर बना सकती हैं। जब आप लोगों के साथ बहुत अच्छी तरह से पेश आते हैं तो वह जिंदगी भर आपको याद रखते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप हमेशा उन आदतों को अपनाए जो लोगों के दिलों में आपकी इज़्ज़त को और बढ़ा देती हैं।*



◆ **हमेशा चेहरे पर मुस्कान :** मुस्कान एक ऐसी चीज है जो लोगों का दिल जीतने में मदद कर सकती है। जब आप मुस्कुराते हैं, तो आप दूसरों को भी मुस्कुराने के लिए प्रेरित करते हैं। हमेशा आपके चेहरे की मुस्कान लोगों के दिलों पर छाप छोड़ती है।

◆ **शुक्रिया अदा करना :** शुक्रिया अदा करना एक ऐसी चीज है जो लोगों का दिल जीतने में मदद कर सकती है। जब आप किसी को धन्यवाद कहते हैं, तो आप उन्हें यह महसूस कराते हैं कि आप उनकी परवाह करते हैं। आपकी इस आदत से लोग बहुत प्रभावित होते हैं।

◆ **हमेशा दूसरे को सुनना :** सुनना एक ऐसी चीज है जो लोगों का दिल जीतने में मदद कर सकती है। जब आप किसी को सुनते हैं, तो आप उन्हें यह महसूस कराते हैं कि आप उनकी बातों को महत्व देते हैं। दूसरा इंसान भी आपको सम्मान देता है उसे लगता है कि आपने उसकी बात को गौर से सुना।

◆ **हमेशा मदद करना :** मदद करना एक ऐसी आदत है जो लोगों का दिल आपकी तरफ झुका देती है। जब आप किसी की मदद करते हैं, तो वे इंसान जीवनभर आपका एहसान नहीं भूलता। हमेशा आपको याद रखता है। आपके अच्छे कामों को याद रखता है।

◆ **दूसरों को समय देना :** समय देना और लोगों से बात करना एक ऐसी आदत है जो लोगों का दिल जीतने में मदद कर सकती है। जब आप किसी को समय देते हैं, तो आप उनके दिल में एक खास सम्मान पा लेते हैं। क्योंकि यह महसूस कराना दूसरे को कि आप उनकी परवाह करते हैं काफी अहम है।

◆ **तारीफ करना :** तारीफ करना एक बेहतरीन कला है। जो बहुत लोगों को नहीं आती। यह एक ऐसी चीज है जो लोगों का दिल जीतने में मदद करती है। जब आप किसी की प्रशंसा करते हैं तो उसका दिल सम्मान के तौर पर आपके लिए झुक जाता है।

◆ **माफी मांगना :** माफी मांगना बड़प्पन जाहिर करता है। माफी मांगने से आप कभी छोटे नहीं होते। माफी मांगना आपको ऊंचा उठाता है। जब आप किसी से माफी मांगते हैं, तो आप उन्हें यह महसूस कराते हैं कि आप उनकी परवाह करते हैं। इन आदतों को अपनाकर, आप लोगों का दिल जीत सकते हैं और अपने रिश्तों को मजबूत बना सकते हैं।

# नए स्कूल से लौटने पर बच्चे से रोज पूछें ये जरूरी सवाल

बच्चे के जीवन में नए स्कूल की शुरुआत एक बड़ा बदलाव होती है। नया माहौल, नए शिक्षक, नई कक्षा और नए दोस्त, ये सब उसके लिए उत्साह के साथ-साथ घबराहट भी ला सकते हैं। कई बच्चे शुरुआत में अपनी भावनाएं खुलकर व्यक्त नहीं कर पाते। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल स्कूल भेजने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि बच्चे की भावनात्मक सुरक्षा, आत्मविश्वास और स्कूल के अनुभवों को समझना भी उतना ही जरूरी होता है।

अक्सर माता-पिता स्कूल से लौटते ही पूछते हैं, ÷आज क्या पढ़ाया?÷ या ÷होमवर्क मिला?÷ जबकि ऐसे सवालों के जवाब अक्सर ÷ठीक था÷ या ÷कुछ नहीं÷ तक सीमित रह जाते हैं। यदि आप बच्चे से खुले और सकारात्मक सवाल पूछते हैं, तो वह अपने अनुभव, खुशियां, डर और परेशानियां आसानी से साझा करने लगता है। इससे न केवल माता-पिता और बच्चे के बीच भरोसा मजबूत होता है, बल्कि अगर स्कूल में किसी तरह की परेशानी, अकेलापन, बुलिंग या पढ़ाई से जुड़ी दिक्कत हो, तो उसका पता भी समय रहते चल सकता है। यहां जानिए वे जरूरी सवाल जो हर माता-पिता को नए स्कूल जाने वाले बच्चे से रोज पूछने चाहिए, साथ ही यह भी कि इन सवालों से बच्चे के मानसिक और भावनात्मक विकास में कैसे मदद मिलती है



**बच्चे से रोज पूछें ये जरूरी सवाल-**

**आज स्कूल में सबसे अच्छा क्या लगा-** इस सवाल से बच्चे की सकारात्मक यादों को जानने में मदद मिलती है। स्कूल के प्रति उत्साह बढ़ता है। बच्चा खुलकर बातचीत करना सीखता है। आत्मविश्वास बढ़ता है।

**क्या फायदा होगा-** बच्चा खुशी के पल साझा करेगा। उसकी रुचियो का पता चलेगा। स्कूल के अनुभव बेहतर समझ आएंगे।

**आज तुमने किसके साथ खेला या बात की-** नए दोस्तों के बारे में जानकारी मिलती है। बच्चे की सामाजिक समझ का पता चलता है। अकेलेपन या घुलने-मिलने में हो रही परेशानी समझी जा सकती है।

**ध्यान दें-** अगर बच्चा कहे कि उसने किसी से बात नहीं की, तो धैर्य रखें। उस पर दोस्त बनाने का दबाव न डालें। उसकी भावनाओं को सुनें और समझें।

# शाकाहारी लोगों के लिए वेज बिरयानी की रेसिपी



**वेज बिरयानी बनाने की विधि-** सबसे पहले एक माइक्रोवेव राइस कुकर लें। 1 कप भीगे हुए चावल और 2 कप पानी डालें। इसमें 1/4 छोटी चम्मच नमक और 1/2 छोटी चम्मच नींबू का रस मिलाएं। ढक्कन लगाकर 9 मिनट के लिए माइक्रोवेव करें। फिर एक ग्राइंडर जार लें, उसमें कटे हुए 2 प्याज, 1 हरी मिर्च डालें। इसे पीस कर चिकना पेस्ट बना लें। अब एक माइक्रोवेव बाउल लें। पिसा हुआ पेस्ट डालें। सभी कटी हुई सब्जियां डालें। नमक डालें और अच्छी तरह मिलाएँ। इसे 4 मिनट के लिए माइक्रोवेव करें। काजू को भी माइक्रोवेव में 2 मिनिट के लिए भून लीजिए। 4 मिनिट बाद, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, गरम मसाला, धनिया पाउडर, बिरयानी मसाला, हरी मिर्च डालिये। मिक्स करें और 1 मिनट के लिए माइक्रोवेव करें। 1 मिनिट बाद हंग कर्ड डालकर हल्का सा मिक्स कर लीजिए। पके हुए चावलों में केसर का पानी डाल दीजिए। हल्का मिला लें। यह भी पढ़ें- दक्षिण भारत में बेहद ही लोकप्रिय सांभर हर घर में बड़े ही चाव से खायी जाती है, आप भी अपने घर पर आसानी से बनायें और इसके मजे लें अब एक और कटोरी लें। चावल के बाद पकी हुई सब्जियों की परत एक-एक कर लगाएं। इसके ऊपर घी डालें। इसके ऊपर काजू, हरा धनिया, पुदीने के पत्ते डालें। इसे टमाटर के स्लाइस और पुदीने की पत्तियों से गार्निश करें। स्वादिष्ट 'वेज बिरयानी' परोसने के लिए तैयार है।

**सामग्री**

● बासमती चावल - 1 कप धोकर 30 मिनट के लिए भिगो दे, प्याज - 2+1 टमाटर - 1, कटा हुआ फ्रेंच बीन्स,1/2 कप कटी हुई गाजर,1/2 कप कटी हुई हरे मटर, 1/2 कप हरी मिर्च - 2 शिमला मिर्च,1/2 कप कटी धनिया पत्ती, पुदीने के पत्ते,फूलगोभी के फूल,1/2 कप नींबू का रस - 1/2 छोटा चम्मच अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट - 1 छोटा चम्मच दही - 1/2 कप काजू - 10 से 15 घी/मक्खन - 1 बड़ा चम्मच लाल मिर्च पाउडर - 1 छोटी चम्मच हल्दी पाउडर - 1/2 छोटी चम्मच गरम मसाला - 1/2 छोटी चम्मच बिरयानी मसाला - 1 छोटी चम्मच केसर का पानी 10 से 15 धागे पानी में भीगे हुए धनिया पाउडर 1 छोटी चम्मच नमक - स्वादानुसार

# संगीत याददाश्त को बनाता है मजबूत

## रोज 20 मिनट गाने सुनना दिमाग के लिए जिम करने जैसा है



आज डिमेंशिया, अल्जाइमर और अकेलापन बुजुर्गों की सबसे बड़ी चुनौतियां बन रही हैं। इनका इलाज भी आसान नहीं होता है, लेकिन डब्ल्यूएचओ से लेकर हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन सहित कई संस्थानों के शोध में पाया है कि इन बीमारियों के इलाज में संगीत ÷नॉन-ड्रग थैरेपी' की तरह काम करता है। रोज 20 मिनट गाने सुनना दिमाग के लिए जिम में कसरत करने जैसा है।

**संगीत का विज्ञान - बढ़ती उम्र में लाभदायक-** वैज्ञानिकों के अनुसार जब कोई व्यक्ति संगीत सुनता है, तो यह दिमाग के सिर्फ सुनने वाले हिस्से को ही नहीं, बल्कि तीन अन्य भागों को भी फायदा पहुंचाता है। ये हिप्पोकैंपस यानी याददाश्त केंद्र, अमिग्डाला-भावनाओं का केंद्र व तीसरा प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स यानी निर्णय और सोच केंद्र को सक्रिय करता है। इसे डिमेंशिया का प्रभावी इलाज माना जाता है।

**म्यूजिक थेरेपी क्या है?**

म्यूजिक थेरेपी एक वैज्ञानिक और संरचित प्रक्रिया है, जिसमें प्रशिक्षित थेरेपिस्ट संगीत, ध्वनि, और लय का उपयोग करके व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सुधारते हैं। इसमें गाने सुनना, गाना गाना, वाद्य यंत्र बजाना, या संगीत रचना शामिल हो सकता है। यह थेरेपी मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करती है, जो भावनाओं, स्मृति, और तनाव प्रबंधन से जुड़े होते हैं।

**बुजुर्गों के लिए इस तरह काम करता है म्यूजिक- 1. समय और मात्रा-** रोजाना सुबह योग के साथ 20 से 30 मिनट का संगीत दिनभर की स्फूर्ति देता है। खाना खाने के वक्त 10 मिनट का सॉफ्ट म्यूजिक तनाव हार्मोस कार्टीसोल को कम करता है। वहीं रात के वक्त 15 से 20 मिनट अपने पसंदीदा गाने सुनने से नींद बहुत अच्छी आती है।

**2. बैलेंस बेहतर होता है-** गाने सुनने के साथ गुनगुनाने या संगीत की ताल पर पैर हिलाने या हाथों से ताली बजाने से बैलेंस बेहतर होता है और गिरने का खतरा घटता है। दिमाग भी सक्रिय रहता है।

**3. याददाश्त बढ़ाता है-** पुराने गाने सुनने से दिमाग का वह हिस्सा सक्रिय रहता है, जो यादों को संभालकर रखता है। डिमेंशिया व अल्जाइमर के मरीजों में भी यह स्मृति जगाने में मदद करता है।

**4. डिप्रेशन और अकेलेपन की दवा-** समूह में गाना गाने या पसंदीदा संगीत सुनने से खुशी का हार्मोन (डोपामाइन) बढ़ता है। इससे अकेलेपन की भावना काफी हद तक घटती है और उदासी दूर होती है।

# मुख्य दरवाजे पर भूलकर ना रखें जूता रैक



वास्तु के अनुसार मुख्य दरवाजे के पास जूता रैक रखने से नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है। यह घर के अंदर सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित करता है और परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और समृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। मुख्य दरवाजे के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। दरवाजे के पास कूड़ा-कचरा या गंदगी जमा न होने दें, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। मुख्य दरवाजे पर अच्छी रोशनी होनी चाहिए। अंधेरा या मंद रोशनी घर में नकारात्मक ऊर्जा को प्रवेश करने देती है। रोशनी से भरा प्रवेश द्वार घर में सकारात्मकता और शुभता लाता है। दरवाजे पर मंगलकारी चिन्ह जैसे स्वस्तिक या ओम का प्रतीक लगाना शुभ माना जाता है। यह सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और घर में शांति और समृद्धि बनाए रखता है। मुख्य दरवाजे की दिशा का विशेष ध्यान रखें। वास्तु के अनुसार, मुख्य दरवाजा उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में होना सबसे शुभ माना जाता है। यह दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा और प्राकृतिक रोशनी को घर में लाने में सहायक होती हैं। मुख्य दरवाजे के पास ताजगी और सुगंध बनाए रखने के लिए वहां ताजे फूलों का गुलदस्ता या सुगंधित अगरबत्ती जलाना शुभ होता है। यह घर के वातावरण को सकारात्मक और ऊर्जावान बनाए रखता है।

# आपकी ये गलत आदतें बन सकती है काले घेरे का कारण

आंखों के नीचे काले घेरे न सिर्फ आपकी खूबसूरती को कम करते हैं, बल्कि आपको थका हुआ और बीमार भी दिखाते हैं। ये कई कारणों से हो सकते हैं, जिनमें से कुछ आपकी रोजमर्रा की आदतें भी शामिल हैं। आइए जानते हैं उन आदतों के बारे में, जो डार्क सर्कल्स का कारण बनती हैं। **नींद की कमी** - क्यों- पूरी नींद न लेने से आंखों के आसपास की त्वचा पतली हो जाती है और ब्लड वेसल्स ज्यादा दिखाई देने लगती हैं। क्या करें- रोजाना 7-8 घंटे की नींद जरूर लें। **ज्यादा स्क्रीन टाइम** - क्यों- स्मार्टफोन, लैपटॉप या टीवी की ब्लू लाइट आंखों को थकाती है और डार्क सर्कल्स को बढ़ावा देती है। क्या करें- सोने से कम से कम एक घंटे पहले स्क्रीन देखना बंद कर दें। दिन में कम से कम स्मार्टफोन आदि का इस्तेमाल करें। **पानी की कमी-** क्यों- शरीर में पानी की कमी से त्वचा ड्राई हो जाती है और डार्क सर्कल्स दिखाई देने लगते हैं। क्या करें- दिन भर में भरपूर मात्रा में पानी पिएं। **स्मोकिंग और शराब-** क्यों- ये दोनों ही आदतें त्वचा को नुकसान पहुंचाती हैं और ब्लड सर्कुलेशन को कम करती हैं, जिससे डार्क सर्कल्स बनते हैं। क्या करें- सिग्रेट और शराब पूरी तरह छोड़ दें।**तनाव-** क्यों- तनाव से शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। **क्या करें-** योग, मेडिटेशन या अन्य तनाव कम करने वाली एक्टिविटीज को रूटीन में शामिल करें।

**गलत स्किन केयर-** क्यों- आंखों के आसपास की त्वचा बहुत नाजुक होती है। गलत स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से या त्वचा को रगड़ने से डार्क सर्कल्स बढ़ सकते हैं। क्या करें- आंखों के लिए खास रूप से तैयार किए गए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें और त्वचा को हल्के हाथों से रगड़ें।

**मेकअप न हटाना-** क्यों- सोते समय मेकअप लगा रहने से त्वचा के पोर्स ब्लॉक हो जाते हैं और डार्क सर्कल्स बनने की संभावना बढ़ जाती है।

**क्या करें-** सोने से पहले हमेशा मेकअप अच्छी तरह साफ करें।

# डार्क सर्कल से इन घरेलू नुस्खों से पाएं छुटकारा

अगर आप भी बाजार की महंगी क्रीम और दवाइयों से बचाव करना चाहते हैं और घर में बैठे ही डार्क सर्कल से छुटकारा पाना चाहते हैं, को कुछ मामूली चीजों के इस्तेमाल से ही डार्क सर्कल को कम कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे घर में रखी सामान्य चीजों से होममेड तरीके से गायब करें डार्क सर्कल- **दूध और हल्दी-** दो चम्मच दूध में आधा चम्मच हल्दी डालें और इसमें कॉटन पैड डिप कर के आंखों के नीचे रखें। दस मिनट छोड़ने के बाद धुल लें। फिर एलोवेरा से मसाज करें और चेहरा धुलें। हल्दी के एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण डार्क सर्कल को खत्म करने में मददगार होते हैं। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड आंखों के नीचे बने काले घेरे को नेचुरल तरीके से साफ करता है और साथ ही ये पफी आइज को भी ठीक करता है। एलोवेरा जेल स्किन को ठंडक पहुंचाता है और डार्क सर्कल को लाइट करता है। **आलू और हल्दी-** आलू को कद्दूकस करें। इसका जूस हाथ से दबा कर निकालें। इसमें हल्दी डालें और कॉटन पैड डिप कर के आंखों के नीचे रखें। आलू में एंटी-पिगमेंटेशन गुण पाए जाते हैं, जो कि डार्क सर्कल को लाइट करता है। **खीरा और आलू-** खीरा की गोल स्लाइस काटें। आलू को कद्दूकस कर के इसका जूस निकाल लें। इसमें विटामिन ई कैप्सूल तोड़ कर डालें। खीरा की स्लाइस आलू के जूस में डिप करें और इसे आंखों के ऊपर रख कर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। खीरा की स्लाइस हटाने के बाद आंखों से अंडर आई एरिया का मसाज करें जिससे स्किन आलू और विटामिन ई के गुण अच्छे से सोख सके।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**रविवार, 5 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, पंचमी तिथौ रवि वासरे 13/31/ शतभिष नक्षत्रे 15/13/ आयुष्मान योग 16/40/ तैतिल करणे 13/31/ कुम्भ राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**कर्क :** आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# अमरनाथ गुफा में क्यों अमर हुआ कबूतर का जोड़ा?

**अमरनाथ धाम भगवान शिव को समर्पित है। पहले के समय में अमरनाथ गुफा को अमरेश्वर नाम से जाना था। इस पवित्र स्थल पर बर्फ के शिवलिंग बनने से बाबा बर्फानी भी कहा जाता है। यह धाम 51 शक्तिपीठों में शामिल है। धार्मिक मान्यता है कि जो व्यक्ति अमरनाथ गुफा में विराजमान बाबा बर्फानी के दर्शन करता है उसे मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है।**

अमरनाथ गुफा में शिव जी ने मां पार्वती को अमर होने की कथा सुनाई थी। कबूतर का एक जोड़ा भी मौजूद है, जिसके श्रद्धालु दर्शन कर अपने आपको भाग्यवान मानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं अमरनाथ गुफा में विराजमान इस कबूतर के जोड़े के रहस्य के बारे में। अगर नहीं पता, तो ऐसे में चलिए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे इस विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें।

**अमरनाथ गुफा का रहस्य**

पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान शिव ने एक बार मां पार्वती को मोक्ष की प्राप्ति के लिए रास्ता दिखाया था। ऐसे में शंकर और मां पार्वती के बीच एक बात को लेकर बातचीत हुई। मां पार्वती ने महादेव से मोक्ष का रास्ता जानने के लिए उत्सुकता जाहिर की । ऐसे में महादेव ने उनकी बात को माना और देवी पार्वती को एकांत जगह यानी अमरनाथ गुफा में ले गए, जहां और कोई अमृतज्ञान की कथा न सुन सके। जब शिव जी पार्वती को अमृतज्ञान की कथा सुना रहे थे, तो वहां पर मौजूद कबूतर के जोड़े ने भी अमृतज्ञान की कथा सुनी।



कथा को सुनने के बाद कबूतर को जोड़ा अमर हो गया और आज के समय में भी में कबूतर को जोड़ा गुफा में मौजूद है, जिसके श्रद्धालु दर्शन का लाभ उठाते हैं।

ऐसा माना जाता है कि अमरनाथ गुफा में शिवलिंग के दर्शन करने के बाद कबूतर के जोड़े का दर्शन करना बेहद शुभ माना जाता है।

**अमरनाथ यात्रा कब तक?**

अमरनाथ यात्रा का शुभआरंभ 3 जुलाई से हो चुका है और इसका समापन 28 अगस्त 2026 को होगा। यानी इस साल यात्रा 57 दिनों तक चलेगी। इससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दर्शन का पर्याप्त समय मिल सकेगा।

# न्यू सहारा हॉस्पिटल सवालों के घेरे में लाइसेंस निरस्त करने की मांग

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** शहर के खोया मंडी के पास संचालित न्यू सहारा हॉस्पिटल एक बार फिर विवादों में आ गया है। रामनगर निवासी अजय पांडेय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अस्पताल में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी पाए जाने पर अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अस्पताल का संचालन निर्धारित स्वास्थ्य मानकों के विपरीत किया जा रहा है। भवन की संरचना सुरक्षित नहीं है और भूतल पर व्यावसायिक दुकानें संचालित होने से आपातकालीन स्थिति में मरीजों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। यह भी आरोप है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित मौजूदगी नहीं रहती और अधिकांश



समय मरीजों का इलाज प्रशिक्षित डॉक्टरों के बजाय स्टाफ के भरोसे चलता है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि अस्पताल में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है। एक नर्स के भरोसे बड़ी संख्या में मरीजों की देखभाल कराई जाती है। साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, अग्निशमन सुरक्षा, जीवनरक्षक उपकरण, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव बताया गया है। अस्पताल की पार्किंग, शौचालय और पेयजल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए हैं।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मरीजों से मनमाने ढंग से मोटी रकम वसूली जाती है। साथ ही स्थानीय स्तर पर आशा बहुओं के माध्यम से कमीशन के आधार पर मरीज भेजे जाने की भी चर्चा है। इसकी पुष्टि के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की गई है।शिकायत में यह भी मांग की गई है कि अस्पताल किसके नाम से पंजीकृत है, वास्तविक संचालक कौन है और उसकी शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय योग्यता निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं, इसकी भी जांच कराई जाए। अजय पांडेय ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ तथा जिलाधिकारी और सीएमओ से अस्पताल की आकस्मिक और निष्पक्ष जांच कर दोष सिद्ध होने पर लाइसेंस निरस्त करने तथा संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद के बड्डूपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर में एस0टी0एफ0 एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बाराबंकी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए चाय की पत्ती को रंग द्वारा अपमिश्रित करने के कारोबार का भण्डाफो? किया गया। मौके पर मौजूद शकील पुत्र मो0 यूनुस निवासी ग्राम शाहपुर, थाना बड्डूपुर, जनपद बाराबंकी ने बताया कि यह कारोबार उसके द्वारा किया जा रहा है। टीम द्वारा सघन निरीक्षण के दौरान लगभग 800 किलो रंगी हुई चायपत्ती व 05 किलो रंग तथा 15 किलो पैकिंग मैटेरियल बरामद किया गया। खुली हुई रंगीन चाय पत्ती को फास्ट टी और गार्डेन फ्रेश के नाम से पैकिंग करते हुए पाया गया। चाय की पत्ती तथा अपमिश्रक के रूप में रंग का नमूना लेते हुए शेष चाय की पत्ती जिसकी कीमत लगभग 1,60,000/-रूपये सी? कर दिया गया। इसके अतिरिक्त पैकिंग में प्रयोग होने वाले उपकरण जैसे-इलेक्ट्रॉनिक मशीन व सीलिंग मशीन को भी सील कर दिया गया। शकील पुत्र मो0 यूनुस निवासी ग्राम शाहपुर, थाना बड्डूपुर, जनपद बाराबंकी के विरूद्ध थाना कोतवाली बड्डूपुर में अभियोग भी पंजीकृत कराया जा रहा है। प्रवर्तन टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, अरूण कुमार, सलिल कुमार सिंह, डा. अंकिता यादव के साथ एस0टी0एफ0 टीम में राजेश कुमार सिंह पुलिस उप निरीक्षक व हेड कॉस्टेबिल चेतन सिंह, श्री कृष्ण, शैलेन्द्र उपाध्याय, रमाशंकर चैधरी, सुनील मिश्रा सम्मिलित रहे। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी व अर्शी फारूकी द्वारा अयोध्या-लखनऊ रोड पर स्थित महेश रेस्टोरेन्ट पर कार्यवाही करते हए पिसी लाल मिर्च का नमूना गुणवत्ता जॉच हेतु लिया गया। परिसर में पायी गयी कमियों को दूर करने के लिए नोटिस निर्गत की गयी। नोटिस का अनुपालन न करने की स्थिति में लाइसेंस को निरस्त करते हुए प्रतिष्ठान को बन्द करा दिया जाएगा।

## खबर एक नजर

### युवती संदिग्ध परिस्थितियों में मरणासन्न

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा गांव से शनिवार शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाई गई एक 22 वर्षीय युवती को गम्भीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। परिजन जहां छत से गिरकर घायल होने की बात कह रहे हैं वही गले पर चोट के निशान फाँसी लगाकर आत्महत्या के प्रयास की कहानी बया कर रहे हैं।गांव निवासी सिरातुलनिशा पुत्री तकी 21 वर्ष को शनिवार शाम परिजनों द्वारा काफी गंभीर अवस्था में सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया। जहां पर परिजनों ने पेड़ से गिरकर घायल होने की बात कही। गंभीर अवस्था के चलते डॉक्टरों द्वारा तत्काल इलाज शुरू कर दिया गया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने पाया कि गले पर चोट के निशान है। जो फांसी के प्रयास की ओर इंगित करते हैं। जिसकी सूचना उन्होंने पी आई के जरिए कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस के आने के पहले ही परिजन गंभीर अवस्था के कारण युवती को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लेकर चले गए।

### दुर्घटना को दावत दे रहा है जर्जर विद्युत पोल

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर उपखंड क्षेत्र अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला छोटी बाजार में जर्जर और झुके हुए विद्युत पोल से संभावित हादसे की आशंका को देखते हुए भाजपा नेता नदीम जैदी ने संबंधित विद्युत विभाग के जेई को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि जर्जर एवं झुके हुए विद्युत पोल आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। तेज हवा या बारिश के दौरान इनके गिरने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।शिकायत का संज्ञान लेते हुए जेई ने मौके की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जर्जर एवं झुके हुए विद्युत पोलों के मरम्मत या प्रतिस्थापन का कार्य कराया जाएगा।स्थानीय निवासी जफरुल हसन, असद, अजय नाग, जीशान हैदर, नामित सभासद रितेश मौर्य आदि लोगों ने भी विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समय रहते समस्या का समाधान होने से किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सकेगा।

### मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन, 11 जुलाई तक आमजन दे सकेंगे सुझाव एवं आपत्तियां

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद बाराबंकी के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 266-कुर्सी, 267-रामनगर, 268-बाराबंकी, 269-जैदपुर (अ.जा.), 270-दरियाबाद एवं 272-हैदरगढ़ (अ.जा.) के मतदेय स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट (प्रथम) द्वारा मतदेय स्थलों की शत-प्रतिशत जांच उपरांत निर्धारित प्रारूप में सूचियां तैयार कराई गई हैं। उक्त आलेख्य सूचियां 04 जुलाई 2026 से 11 जुलाई 2026 तक जनसामान्य के निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी।उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों की आलेख्य सूचियां संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालयों, तहसील कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, बाराबंकी में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त यह सूचियां जनपद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची के संबंध में कोई सुझाव अथवा आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो वह 11 जुलाई 2026 तक संबंधित तहसील अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, बाराबंकी

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कारीगरों को मिलेगा 10 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** पारम्परिक कारीगरों को स्वरोजगार और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से ÷विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना÷ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि योजना के तहत बढ़ई,नाई,दर्जी, कुम्हार, लोहार, सोनार, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी ट्रेड के पारम्परिक कारीगरों को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।इच्छुक कारीगर 18 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो,बैंक पासबुक, स्व हस्ताक्षर और नगर पालिका अध्यक्ष-जिला पंचायत अध्यक्ष-सदस्य-ग्राम प्रधान से पारम्परिक कारीगरी होने का प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कारीगर सौमैया नगर,देवा रोड स्थित जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं। फोन नं. 05248-297051 और ई-मेल पर भी जानकारी ली जा सकती है। उपायुक्त ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र,सांसद आदर्श ग्रामों और आकांक्षात्मक विकासखण्डों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक आवेदन कराएं।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग दुकानदार की मौत

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।**रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग दुकानदार की स?क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार की शाम बाइक की टक्कर से घायल हुए बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तो? दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरे राम बख्श मजरे गुलौनी निवासी मोहम्मद शब्बीर मनिहार (65) मोहम्मदपुर चौराहा के पास प्लास्टिक का सामान बेचते थे। मृतक के भाई असगर अली मनिहार ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 4 बजे शब्बीर साइकिल से चाय पीने गए थे। चाय पीकर जब वह वापस अपनी दुकान लौट रहे थे, तभी मो? के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# सार्वजनिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ग्राम पंचायत चिलौकी में सार्वजनिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आरक्षण व्यवस्था और सहभागिता को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से सुझाव प्राप्त किए। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने लिखित एवं मौखिक रूप से अपने सुझाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने पंचायतों में ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधित्व, वर्तमान आरक्षण व्यवस्था की प्रभावशीलता, सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों का राजनीतिक भागीदारी पर पड़ने वाले प्रभाव तथा पंचायत स्तर पर प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आयोग ने यह भी जानकारी जुटाई कि पंचायतों में




ओबीसी वर्ग का राजनीतिक प्रतिनिधित्व उनकी जनसंख्या के अनुपात में है या नहीं तथा विभिन्न पिछड़ी जातियों की राजनीतिक भागीदारी की वास्तविक स्थिति क्या है। साथ ही स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों की सहभागिता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर भी सुझाव लिए गए।जनसुनवाई के दौरान ग्राम प्रधानों ने जिले के सभी ब्लाकों के ओबीसी वर्ग की अधिक जनसंख्या का हवाला देते हुए पंचायत चुनावों में आरक्षण की वर्तमान 27 प्रतिशत सीमा बढ़ाने की मांग रखी। इसके अलावा पंचायत स्तर पर प्रतिनिधित्व को और प्रभावी बनाने संबंधी कई अन्य सुझाव भी आयोग को सौंपे ।बैठक में पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने कहा कि आयोग का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का समकालीन अध्ययन कर तथ्यपरक एवं न्यायसंगत रिपोर्ट तैयार करना है। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों से प्राप्त सुझावों, आपत्तियों, आंकड़ों और अनुभवों का गहन विश्लेषण कर विस्तृत अनुशंसाएं शासन को भेजी जाएंगी, ताकि वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लिए जा सकें।इस अवसर पर आयोग के सदस्य बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया, एस.पी. सिंह, जिला विकास अधिकारी प्रभारी डीपीआरओ भूषण कुमार , खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रामआसरे, जिला समन्वयक उद्धव राय, हर्षित मिश्रा, एडीओ आर डी मदन गोपाल कनौजिया, प्रभारी एडीओ पंचायत संजीव कुमार ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत, अजय कुमार वर्मा, संदीप कुमार सिंह, मो0 आलम सहित ग्रामीण एवं ग्राम प्रधान गण मौजूद रहे।

# दो सदस्यीय गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** जनपद में चोरी की घटनाओं में संलिप्त बताए जा रहे दो सदस्यीय गिरोह के खिलाफ हैदरगढ़ पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना वीरेन्द्र कुमार कहार है, जो लंबे समय से अपने सहयोगी के साथ मिलकर चोरी और चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त जैसे अपराधों में संलिप्त रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जुलाई 2026 को प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिरों एवं स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि वीरेन्द्र कुमार कहार पुत्र रमाशंकर कहार निवासी ग्राम कछ्वा, थाना सुबेहा एक संगठित आपराधिक गिरोह संचालित करता है। गिरोह का दूसरा सदस्य जय विश्वकर्मा पुत्र कृष्णानंद विश्वकर्मा निवासी मदारपुर तिराहा, थाना कोठी तथा वर्तमान निवासी देवीगंज भिटरिया रोड, थाना असंद्रा बताया गया है।पुलिस के अनुसार यह गिरोह आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से चोरी की वारदातों को अंजाम देने तथा चोरी के सामान की खरीद-बिक्री जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त रहा है। गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध हैदरगढ़, असंद्रा एवं रामसनेहीघाट थानों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं।पुलिस का कहना है कि गिरोह की गतिविधियों के कारण आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। दोनों आरोपियों को अध्याय-17 में वर्णित अपराधों का अभ्यस्त अपराधी मानते हुए उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा तैयार गैंग चार्ट को जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी ने 30 जून 2026 को अनुमोदित किया था।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक पलट जाने से चालक व क्लीनर घायल



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी 29 पर शनिवार की शाम ट्रक पलट जाने से चालक व क्लीनर घायल हो गये। शनिवार शाम दिल्ली से गोरखपुर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर ककरी गांव के समीप डिवाइडर से टकराकर पलट गया।हादसे में बदायूं जनपद निवासी ट्रक चालक शेर आलम 30 वर्ष व क्लीनर फुरकान 24 वर्ष घायल हो गये। दोनों घायलों को यूपीडा कर्मी राजकुमार सिंह एवं रमेश कुमार द्वारा तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को गम्भीर अवस्था के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया

# नहीं थम रहा हरे पेड़ों का अवैध कटान

**स्वतंत्र भारत** बाराबंकी। सुबेहा थाना क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिन पहले सड़क किनारे स्थित प्रतिबंधित आम के बाग को दिनदहाड़े काटकर लकड़ी गायब करने का मामला सामने आया था, जिसमें वन विभाग ने जांच के बाद संबंधित ठेकेदार पर जुर्माने की कार्रवाई की थी। अभी यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि उसी क्षेत्र से फिर अवैध कटान का नया मामला सामने आ गया। इस बार बिना वैध अनुमति के एक विशालकाय हरे-भरे गुलर के पेड़ और तीन शीशम के पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी मौके से गायब कर दी गई। जानकारी के अनुसार, कमेला गांव में एक ठेकेदार ने चोरी-छिपे बिना किसी वैध परमिट के पेड़ों की कटाई कर दी। कटान के बाद लकड़ी को तत्काल मौके से हटा लिया गया, जिससे वन विभाग को घटनास्थल पर केवल कटे हुए पेड़ों की टहनियां और अन्य अवशेष ही मिले। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग को दी।

# 115 रुपये के बंटवारे को लेकर हुआ खूनी संघर्ष

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधईपुरवा में 115 रुपये के बंटवारे को लेकर हुई मारपीट एवं खूनी संघर्ष में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए जिनमें से एक व्यक्ति का सिर फट गया। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई।ग्राम कंधईपुरवा शहजादे आलम पुत्र शराफत अली मुन्ना पुत्र खैराती सानू पुत्र कल्लू जामुन तोड़कर बाजार में बेचने गए थे। देर रात सभी लोग वापस लौटे तो जामुन बिक्री से मिले 115 रुपये के बंटवारे को लेकर आपस में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया मुन्ना एव सानू के साथ छोटे मुन्ना एव इकलाख ने शराफत अली, शहजादे आलम, साइमा पत्नी तुफैल तथा शबाना पर लाठी-डंडों से हमला कर हमले में सहजादे आलम का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। साइमा गंभीर रूप से घायल



हो गईं, जबकि सबाना और जावेद को भी काफी चोटें आई हैं। मारपीट और चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।सूचना मिलते ही सफदरगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही विपक्षी फरार हो गए थे। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। हल्का प्रभारी रिषभ सिंह चंदेल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने जनपद में की सार्वजनिक सुनवाई

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक पिछड़ेपन के समकालीन एवं अनुभवजन्य अध्ययन के उद्देश्य से सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की गई।सार्वजनिक सुनवाई की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य बृजेश कुमार (सेवानिवृत्त डीएनजे), संतोष कुमार विश्वकर्मा (सेवानिवृत्त एडीजे), डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया (सेवानिवृत्त आईएएस) एवं एस.पी. सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) उपस्थित रहे।सुनवाई के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संबंधित पक्षों ने स्थानीय ग्रामीण



निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक पिछड़ेपन से संबंधित अपने सुझाव, अभिमत एवं तथ्य आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए। आयोग ने सभी पक्षों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्राप्त सुझावों एवं तथ्यों का परीक्षण कर उन्हें अपनी संस्तुतियों में समुचित रूप से सम्मिलित किए जाने का आश्वासन दिया।आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गठित आयोग का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक पिछड़ेपन का निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं अनुभवजन्य अध्ययन करना है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न मंडलों में सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जा रही है, ताकि सभी संबंधित पक्षों के विचारों, सुझावों एवं तथ्यों के आधार पर आयोग अपनी संस्तुतियां तैयार कर सके।सार्वजनिक सुनवाई के उपरांत आयोग द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को सुनवाई की कार्यवाही, आयोग के अध्ययन तथा आगामी कार्ययोजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# नाला सफाई को लेकर अर्धनग्न होकर बैठे समाजसेवी

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** नाला सफाई को लेकर अर्धनग्न होकर स्थल पर धरना देकर बैठे समाजसेवी को मिले आश्वासन के बाद समाजसेवी ने खजूर खाकर पानी पीने के बाद धरने को



समाप्त कर दिया है।मामला ग्राम पंचायत अनूपगंज का है फ़ैज़ानुल उलूम जूनियर हाई स्कूल से पुतनहिया तालाब तक जाने वाले नाले की सफाई की मांग को लेकर ग्राम पंचायत अनूपगंज निवासी अताउर्रहमान शनिवार को नाले पर ही अर्धनग्न होकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ कर भूख हड़ताल शुरू कर दी। धरने पर बैठे अताउर्रहमान अंसारी का कहना था कि जब तक नाली की साफ सफाई नहीं कराई जाएगी तब तक उनका धरना और भूख हड़ताल जारी रहेगी। उनका आरोप था कि लंबे समय से नाली की सफाई न होने के कारण क्षेत्र में जलभराव और गंदगी की समस्या बनी हुई है जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने की जानकारी सहयोगियों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने नाली की शीघ्र साफ-सफाई कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद ग्राम विकास अधिकारी ने धरने पर बैठे समाजसेवी अताउर्रहमान अंसारी को खजूर खिलाकर और पानी पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। इसके साथ ही धरना एवं भूख हड़ताल भी समाप्त हो गई।

## खबर एक नजर

### खेत जोतने जा रहे युवक पर हंसिया से हमला, तीन नामजद पर मुकदमा दर्ज

**सलोन रायबरेली।** थाना नसीराबाद क्षेत्र में खेत जोतने जा रहे एक युवक के साथ मारपीट और हंसिया से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नसीराबाद क्षेत्र के बिरनावा मजरे पूरे देवीदीन निवासी रऊफ पुत्र मोहम्मद शब्बीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 30 जून की सुबह लगभग 11 बजे वह ट्रैक्टर लेकर अपने खेत की जुताई करने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में जयकरन सिंहए गोकरन सिंह और रामकरन सिंह ने उनका ट्रैक्टर रोक लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान रामकरन सिंह ने हंसिया से हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ के अंगूठे में गंभीर चोट लग गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल रऊफने थाना नसीराबाद पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### समाज में शांति, सुरक्षा और पारदर्शिता कायम करने में सहयोगी बने पत्रकार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली में नवागत कोतवाल ओम प्रकाश राय ने पदभार ग्रहण करने के बाद स्थानीय पत्रकारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और समाज में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए पत्रकार बंधुओं का सहयोग मांगा। कोतवाल ओम प्रकाश राय ने कहा कि पुलिस और मीडिया दोनों का उद्देश्य समाज में शांतिए सुरक्षा और पारदर्शिता कायम करना है। अपराध नियंत्रण और जनजागरूकता के लिए पत्रकारों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने अपील की कि छोटी-छोटी घटनाओं को समय रहते साझा कर पुलिस को सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके और अफवाहों पर लगाम लगाई जा सके। पत्रकारों ने भी नवागत कोतवाल को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र में सकारात्मक खबरों को बढ़ावा देंगे और पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग करेंगे। बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 02 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत निरीक्षक क्षेत्र-1 प्रशांत कुमार मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा सदर तहसील के थाना गुरुबक्शगंज अंतर्गत ग्राम.घाटमपुर व बसिंगवा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों, संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 300 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।

### 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, नामजद युवक पर मुकदमा दर्ज

**सलोन रायबरेली।** थाना नसीराबाद क्षेत्र के ग्राम पूरे बंशी मजरे थौरी निवासी सिद्धनाथ की तहरीर पर पुलिस ने उनकी 17 वर्षीय पुत्री के कथित अपहरण के मामले में गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनकी नाबालिग बेटी 29 जून की सुबह करीब 4 बजे घर से लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद जानकारी मिली कि गांव निवासी मोनू पुत्र जवाहिर लाल उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर नसीराबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की तलाश के साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### जनपद के 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की गई उ0प्र0 शिक्षक पात्रता यूपीटीईटी की परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केन्द्रों पर 02, 03 व 04 जुलाई 2026 को प्रत्येक दिवस को पांच पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई तथा अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उ0प्र0 शिक्षक पात्रता की परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 8544 अभ्यर्थियों में से 7481 अभ्यर्थी उपस्थित व 1063 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### समाधान समारोह विशेष लोक अदालत की सफलता हेतु किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**रायबरेली।** न्याय को सरलए सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आमजन तक पहुँचाने तथा आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशन में समाधान समारोह 2026 के अतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में विशेष लोक अदालत अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों का निस्तारण सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी समाधान समारोह 2026 विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गयी है। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के निर्देशन में विभिन्न स्तरों पर अभियान चलाया जा रहा है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा के द्वारा बताया गया कि विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से पुलिस व पराविधिक स्वयं सेवकों के सहयोग से नोटिस तामील कराई जा रही है। साथ ही प्री-सिंटिग आयोजित कर पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पराविधिक स्वयं सेवकों को पक्षकारों से सम्पर्क कर उन्हें विशेष लोक अदालत में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये गये है। विशेष लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए न्यायालय व तहसील परिसरों सहित सार्वजनिक स्थानों पर बैनरए पोस्टर और पैम्फ्लेट लगाए जा रहे है। इसके आलावा सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार पत्रों, विधिक जागरुकता शिविरों, लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से आयोजित जागरुकता शिविरों के माध्यम से और पराविधिक स्वयं सेवकों के माध्यम से भी लोगों को इसकी जानकारी दी जा रही है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा ने जनपद के वादकारियों से अपील की है कि वे समाधान समारोह-2026 का लाभ उठाकर आपसी सहमति से अपने मामलों का त्वरित, सरल और निःशुल्क निस्तारण कराएं, जिससे समय, धन और श्रम की बचत हो सके। अधिक जानकारी एवं सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# 24वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. राकेश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय प्रेरणा पर्व-2026 में जनसेवा के कई अभियान हुए संपन्न

### राकेश पाण्डेय मार्ग का लोकार्पण, छात्रवृत्ति, साइकिल, पंखे और साड़ियों का वितरणय नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय रहे मुख्य अतिथि




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** समाजसेवा, जनकल्याण और मानवीय मूल्यों को समर्पित स्वर्गीय राकेश पाण्डेय की 24वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को राकेश पाण्डेय प्रेरणा पर्व-2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। शहर के एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में जनसेवा से जुड़े अनेक लोककल्याणकारी कार्य संपन्न किए गए। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय राकेश पाण्डेय के सुपुत्र यश पाण्डेय एवं आरके फाउंडेशन, रायबरेली के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय रहे। उन्होंने मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्वर्गीय राकेश पाण्डेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके संघर्षशील व्यक्तित्व, निर्भीक राजनीतिक जीवन, सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन आमजन की आवाज़ बुलंद करने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत राकेश पाण्डेय मार्ग के लोकार्पण से हुई, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि माता प्रसाद पाण्डेय ने किया। इसके बाद आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को राकेश पाण्डेय छात्रवृत्ति के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र एवं आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिलें वितरित की गईं। भीषण गर्मी को देखते हुए जरूरतमंद परिवारों को पंखों का वितरण किया गया, वहीं महिलाओं के सम्मान और सहयोग के उद्देश्य से साड़ियों का वितरण भी किया गया। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि के कर-कमलों द्वारा किया गया तथा उन्होंने स्वयं लाभार्थियों को सामग्री वितरित कर कार्यक्रम को सेवा और संवेदना का स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में यश पाण्डेय ने कहा कि राकेश पाण्डेय प्रेरणा पर्व केवल एक स्मृति समारोह नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनकल्याण का एक सतत अभियान है। उन्होंने कहा कि उनके पूज्य पिता का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक समरसता स्थापित करने और मानवता के मूल्यों को मजबूत करने के लिए समर्पित रहा। उन्हीं आदर्शों को जन.जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह प्रेरणा पर्व प्रत्येक वर्ष और अधिक व्यापक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, विद्यार्थियों, महिलाओं तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय राकेश पाण्डेय के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा, सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। श्रद्धांजलि के साथ जनहित के विविध कार्यक्रमों ने राकेश पाण्डेय प्रेरणा पर्व-2026 को केवल एक स्मृति आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण और प्रेरणा का उत्सव बना दिया।

## डीएम एवं डीपीआरओ के निर्देशन में ग्राम प्रधान और एनटीपीसी के सहयोग से गेट के बाहर हटाया गया कूड़े का ढेर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** जनपद रकी जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत एनटीपीसी ऊँचाहार के सहयोग तथा ग्राम पंचायत ऊँचाहार देहात के प्रधान धनराज यादव के प्रयासों से एनटीपीसी गेट नंबर-2 के बाहर सड़क किनारे लंबे समय से डंप पड़े कूड़े के ढेर को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। बरसात के मौसम से पहले की गई इस कार्रवाई से एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से जमा कचरे के कारण दुर्गंध फैलने के साथ संक्रमण का खतरा बना हुआ था। बारिश के दौरान कूड़ा सड़क पर फैलने से आवागमन प्रभावित होने की आशंका भी रहती थी। स्वच्छता अभियान के दौरान ग्राम प्रधान धनराज यादव स्वयं मौके पर मौजूद रहे। सफ ाई कर्मियों एवं जेसीबी मशीन की सहायता से कूड़े का उठान कराया गया और इसके बाद पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई कराई गई। इससे एनटीपीसी के मुख्य प्रवेश मार्ग का वातावरण पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित दिखाई देने लगा। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम प्रधान तथा एनटीपीसी ऊँचाहार के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संयुक्त अभियान स्वच्छता, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार प्रशासन, जनप्रतिनिधि और एनटीपीसी मिलकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का कार्य करते रहेंगे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति डीसीडीसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण एवं समितियों को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में रिक्त ग्राम पंचायतों में नई सहकारी समितियों के गठन, उनकी व्यवहार्यता मूल्यांकन, सीएससी, जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पीएमकेएसके, पशु औषधि केंद्र संचालन, समितियों हेतु ग्राम सभा भूमि आवंटन, क्रय केंद्र एवं पीडीएस दुकान संचालन, भंडारण योजना अंतर्गत सुदृढ़ीकरण तथा संपर्क मार्ग उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त बी-पैक्स उन्नयन, निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने, पीओएस मशीन उपलब्ध कराने, बी-पैक्स कंप्यूटरीकरण, जिला सहकारी बैंक द्वारा सीजीटीएमएसई सदस्यता तथा मत्स्य एवं डेयरी समितियों को बैंक से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीण स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विवेक कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 कुलदीप द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ब्रजेश तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाबा लक्खी सराय बंजारा ने किया लोककल्याण-सपा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बाबा लक्खी सराय बंजारा की जयंती पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में जिला अध्यक्ष इं वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गयी। कार्यक्रम में बोलते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि बाबा लखीसराय बंजारा एक महान योद्धा, समाजसुधारक एवं अदम्य साहसी, समाजसेवी व व्यापारी थे उन्होंने लोककल्याण के लिए दिल्ली में अनेकों गाँवों की स्थापना किया जिनमें रायसीना, बारहखंभा, नरेला एवं मालचा शामिल हैं वह लाल क़िले के निर्माण के मुख्य ठेकेदार थे।बाबा लक्खी सराय ने देश के विभिन्न हिस्सों में कुओंएसरायों व तालाबों का निर्माण करवाया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, हसीन अहमद, राजेश मौर्य, महासचिव मो अरशद खान, वरिष्ठ नेता मो सलीम, जिला सचिव सुरजीत सिंह, राजेंद्र सरोज, नरेंद्र मटीहा, एमआई जावेद, अजय यादव, अरविन्द संजय, दारा सिंह यादव, अभिषेक यादव, देवता दीन यादव आदि अनेकों लोगों ने बाबा लक्खी सराय के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गयी।

## अमेठी में किडनी स्टोन जागरूकता कार्यशाला में एम्स के यूरोलॉजी विभाग ने बिखेरी जागरूकता की अलख



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** एम्स रायबरेली का यूरोलॉजी विभाग लगातार जनस्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में विभाग ने अमेठी में आयोजित किडनी स्टोन जागरूकता कार्यशाला में महत्वपूर्ण सहभागिता करते हुए लोगों को किडनी संबंधी रोगों की रोकथाम एवं उपचार के प्रति जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, अमेठी एवं स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज, तिलोई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किडनी स्टोन कारण, बचाव एवं उपचार विषयक कार्यशाला में एम्स के यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ अमित कुमार मिश्रा को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। अपने व्याख्यान में उन्होंने किडनी स्टोन के बढ़ते मामलों, इसके कारणों, लक्षणों, जोखिम कारकों, बचाव के उपायों तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, संतुलित आहार अपनाना तथा समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना किडनी स्टोन की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने युवाओं में तेजी से बढ़ रही मेटाबॉलिक सिंड्रोम की समस्या पर भी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि यही कारण किडनी स्टोन के मामलों में लगभग 10 प्रतिशत तक वृद्धि के लिए उत्तरदायी माना जा रहा है। उन्होंने लोगों से मूत्र संबंधी लक्षणों की अनदेखी न करने तथा समय रहते उपचार कराने की अपील की। कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण एम्स के यूरोलॉजी विभाग के नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्रस्तुत तीन प्रभावशाली जागरूकता नाटक रहे। इन प्रस्तुतियों में किडनी स्टोन से बचाव, मूत्र मार्ग संक्रमण की रोकथाम तथा कैथेटर की उचित देखभाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। स्वास्थ्य शिक्षा पर आधारित इन प्रस्तुतियों को उपस्थित मरीजों, विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मरीजों, मेडिकल, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विद्यार्थियों तथा स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान प्रतिभागियों ने किडनी एवं मूत्र रोगों से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो, डॉ. अमिता जैन के सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संस्थान के चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ नियमित रूप से ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। वहीं उप निदेशक प्रशासन कर्नल अखिलेश सिंह के प्रशासनिक सहयोग एवं निरंतर प्रोत्साहन से संस्थान की सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनहितकारी गतिविधियों को लगातार नई गति मिल रही है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा किडनी एवं मूत्र संबंधी रोगों की समय रहते पहचान और रोकथाम को बढ़ावा देना है। कार्यशाला का लाभ बड़ी संख्या में मरीजोंए विद्यार्थियों एवं आमजन ने उठाया तथा इसे जनस्वास्थ्य की दिशा में एक सार्थक पहल बताया।

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंडित उमाशंकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व.पंडित उमाशंकर मिश्र की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने पूर्व जिलाध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पं.उमाशंकर जब तक जीवित रहे, कांग्रेस पार्टी की सेवा करते रहे, उन्होंने कई बार पार्टी हित में कड़े फैसले लिए जिसे शीर्ष नेतृत्व ने भी माना और सराहा। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि हाई कमान से अपनी बात को कहना और बात को मनवाना उमाशंकर को अच्छे से आता था।

कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि पंडित उमाशंकर मिश्र जी ने अपना पूरा जीवन कांग्रेस को सर्मपित कर दिया था, अपनी बेबाकी के लिए प्रसिद्ध पं.उमाशंकर अपने जीवन के अंतिम समय तक कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करते रहे। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के.शुक्ल, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, राज कुमार दीक्षित, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, अनिल मिश्र, शिवानंद मौर्या, मनोज तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, सूर्य कुमार बाजपेई, शिव नारायण मिश्र, शिव बाबू शुक्ला, विश्वनाथ त्रिपाठी, आशीष द्विवेदी, कमलाकर अवस्थी, गया प्रसाद बाजपेई, सच्चिदानंद अवस्थी, महेश्वर सिंह, घनश्याम शुक्ला, श्रीमती अलका सिंह राजपूत, श्रीमती दया सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## जगतपुर थाने की कमान वागीश मिश्रा को

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत निरीक्षक वागीश मिश्रा को जगतपुर थाने का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह एनटीपीसी चौकी प्रभारी तथा एसओजी स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है। वागीश मिश्रा अपराध नियंत्रणए प्रभावी पुलिसिंग और जनसुनवाई के लिए जाने जाते हैं। एसओजी में रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों के खुलासे में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं एनटीपीसी चौकी प्रभारी के रूप में भी उन्होंने बेहतर कार्यशैली का परिचय दिया था। जगतपुर थाने का कार्यभार ग्रहण करने के बाद वागीश मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। स्थानीय लोगों ने उनके कार्यकाल से बेहतर कानून-व्यवस्था और जनहित में प्रभावी पुलिसिंग की उम्मीद जताई है।

## कार अनियंत्रित होकर नहर में जा पलटी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, बछरावां रायबरेली।** चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास मार्ग पर रामपुर गांव के निकट पश्चिम गांव से चुरूवा की ओर जा रही एक कार अचानक सड़क मार्ग पर कुत्ता सामने आ जाने से अनियंत्रित होकर उछलकर नहर में जा पलटी। गनीमत यह रही की नहर में काफी तेज बहाव होने के बाद भी कार में सवार पिता व पुत्री बाल बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की उक्त घटना में मामूली रूप से घायल पिता व पुत्री अपने निवास स्थान लालगंज से अपनी कार में सवार होकर आलमबाग लखनऊ टेट का पेपर देने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार उक्त घटनास्थल के नजदीक पहुंची, तभी अचानक सड़क मार्ग पर एक कुत्ता आ गया और कुत्ते को बचाने के चक्कर में उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में उछलकर जा पलटी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल सजकता दिखाते हुए कार में सवार दोनों पिता व पुत्री को सुरक्षित बाहर निकाला गया और मौजूद लोगों के द्वारा उक्त मार्ग से गुजर रहे दूसरे वाहनों को रुकवा कर दोनों पिता व पुत्री को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानी जाए तो उनका कहना है की घटना बहुत बड़ी थी, लेकिन गलीमत यह रही कि कार सवार दोनों पिता व पुत्री सुरक्षित हैं।

# अमरनाथ यात्रा 2026 : सुरक्षा के कड़े घेरे में जम्मू से तीसरा जत्था रवाना

**जम्मू।** वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा 2026 ने शनिवार को पूरी रफ्तार पकड़ ली। शनिवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुआ। वहीं, पहलगाम के नुनवान बेस कैंप से श्रद्धालुओं के दूसरे

■ दूसरा जत्था पहलगाम रूट पर आगे बढ़ा

जत्थे ने दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए अपनी पैदल यात्रा शुरू की। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने सुरक्षा इंतजामों की सराहना करते हुए कहा कि व्यापक सुरक्षा प्रबंधों से उन्हें यात्रा के दौरान आत्मविश्वास और सुरक्षा का एहसास हो रहा है। ऊंचाई पर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने और यात्रा के दौरान आपातकालीन स्थितियों को संभालने के लिए, उधमपुर स्वास्थ्य विभाग ने जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (एनएच 44) पर एक मजबूत



मेडिकल सिस्टम तैयार किया है, जो खास तौर पर टिकरी काली माता मंदिर से चेनानी-नाशरी टनल तक के हिस्से को कवर करता है। उधर, वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा 2026 शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बालटाल और पहलगाम, दोनों मुख्य मार्गों से हर्षोल्लास के साथ शुरू हुई। बालटाल मार्ग से सुबह रवाना हुए पहले जत्थे के कई श्रद्धालु बाबा बर्फानी के अलौकिक दर्शन कर बेहद खुशी-खुशी लौट आए। पवित्र गुफा के दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं के चेहरों पर उत्साह और आस्था की अलग ही झलक दिखाई दी।

उन्होंने कहा कि दिव्य दर्शनों से अद्भुत आनंद मिला है। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस वर्ष पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी अपने पूर्ण आकार में विराजमान हैं। पहले दिन दर्शन करने वाले यात्रियों ने खुद को बहुत ही सौभाग्यशाली बताया। उनका कहना है कि उन्हें पहली आरती और प्रथम पूजा के दौरान बाबा बर्फानी के दिव्य स्वरूप के दर्शन का अवसर मिला। उनका कहना है कि यात्रा मार्ग पर मौसम ने थोड़ी परीक्षा जरूर ली लेकिन भोलेनाथ की भक्ति के आगे सारी मुश्किलें आसान हो गईं। उन्होंने कहा कि दर्शन कर जत्थे का हर सदस्य भगवान शिव के रंग में रंग गया। पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालु पंकज सावंत ने बताया कि वे सुबह करीब पांच बजे दर्शन के लिए निकले। यात्रा के दौरान तेज बारिश और घने कोहरे के कारण चढ़ाई कठिन रही लेकिन बाबा भोलेनाथ की कृपा से सभी बाधाएं आसान लगने लगीं। उन्होंने बताया कि सुबह करीब नौ बजे जब वे पवित्र गुफा पहुंचे, तब वहां केवल सात-आठ श्रद्धालु ही मौजूद थे। भीड़ कम होने के कारण उन्हें पांच से दस मिनट तक शांतिपूर्वक पवित्र शिवलिंग के दर्शन और ध्यान का अवसर मिला। वहां का नजारा अद्भुत था, जिससे आत्मिक आनंद मिला।

# अमरनाथ यात्रा में वैध पंजीकरण से ही जाएं

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं से की अपील

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को अमरनाथ यात्रा 2026 की व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में यात्रा की सुरक्षा, श्रद्धालुओं की आवाजाही, यातायात प्रबंधन, ठहरने की व्यवस्था, पंजीकरण और अन्य जरूरी इंतजामों का विस्तृत जायजा लिया गया। बैठक के दौरान यह सामने आया कि बड़ी



संख्या में श्रद्धालु बिना वैध पंजीकरण के जम्मू-कश्मीर पहुंच रहे हैं, जिससे पंजीकृत श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इस पर उपराज्यपाल ने कहा कि यात्रा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन निर्धारित संख्या में ही संचालित की जा रही है, इसलिए पंजीकरण की निर्धारित तिथि का पालन करना सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल उसी श्रद्धालु को पवित्र गुफा की ओर जाने वाले यात्रा मार्ग पर जाने की अनुमति दी जाएगी, जिसके पास निर्धारित तिथि का वैध यात्रा पंजीकरण होगा। बिना पंजीकरण आने वाले श्रद्धालुओं से कुछ दिन यात्रा स्थगित करने और पहले अनिवार्य पंजीकरण कराने की अपील की गई है। उपराज्यपाल ने सभी विभागों और सुरक्षा एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंगर समितियों, सेवा प्रदाताओं और स्वयंसेवी संगठनों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने पर भी जोर दिया, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुचारु और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके।

# उत्तराखंड के 34 ग्रामीण मार्ग बंद



**हरिद्वार।** उत्तराखंड में 34 मार्ग बंद है। इसमें सबसे अधिक चमोली जिला प्रभावित है। यहां दस मार्ग बंद है। मार्गों के बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में हुई बारिश के चलते बृहस्पतिवार को 32 मार्ग बंद हुए थे। बदरीनाथ हाईवे साढ़े 11 घंटे तक बंद रहा था। इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई थी। शुक्रवार को भी प्रदेश के 34 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद रहे। इसमें चमोली के बाद सबसे अधिक प्रभावित सीमांत जिला पिथौरागढ़ प्रभावित रहा, यहां पर आठ मार्ग बंद है। देहरादून छह, टिहरी चार, रुद्रप्रयाग तीन, पौड़ी दो और बागेश्वर जिला में एक मार्ग बंद रहा। इन मार्गों को खोलने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं चमोली जिले के विद्युत खंड नारायण बगड़ के अंतर्गत 20 गांव और विद्युत खंड देवाल के तहत आने वाले पांच गांवों में बिजली आूपर्ति बाधित थी, जिसे सुचारु किया गया है। नारायणबगड़ में शुक्रवार रात साढ़े तीन घंटे की बारिश ने लोगों को डराया। रात साढ़े 11 बजे तक हुई बारिश से बाजार में पानी भरा गया। इंटर कालेज मैदान भी तालाब बन गया। बारिश बंद होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

■ सबसे अधिक चमोली प्रभावित

■ साढ़े 11 घंटे बंद रहा बदरीनाथ हाईवे

# यमुनोत्री हाईवे पर देखते ही देखते नीचे आ गया पूरा पहाड़

**बड़कोट (उत्तरकाशी)।** यमुनोत्री हाईवे पर स्याना चट्टी के पास शनिवार सुबह एक बार फिर भूस्खलन होने से यातायात ठप हो गया। लगातार हो रहे अनियंत्रित कटान और पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण स्यानाचट्टी के पीछे हाईवे

■ वाहनों की लगी लंबी कतार

पर दोनों बैंड क्षतिग्रस्त हो गए। इससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। शनिवार सुबह हाईवे बंद होने के बाद यमुनोत्री धाम जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को घंटों सड़क खुलने का इंतजार करना पड़ा। मार्ग के दोनों ओर दर्जनों छोटे-बड़े वाहन फंस गए, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों में दिनेश राणा, शैलेन्द्र राणा, बलदेव सिंह, जयपाल सिंह, चित्र मोहन सिंह आदि का कहना है कि निर्माण कार्य एजेंसी ने सड़क चौड़ीकरण कार्य मे मनमानी



कर स्याना चट्टी को एक और खतरे की जद में धकेल दिया है।

कहा कि स्यानाचट्टी में हाईवे चौड़ीकरण के दौरान किए गए अनियंत्रित कटान के कारण हाईवे लगातार भूस्खलन की चपेट में आ रहा है। हल्की बारिश होते ही पहाड़ी से मलबा और पत्थर सड़क पर आ गिरते हैं, जिससे आए दिन यातायात बाधित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी की ओर से ढलानों के स्थायी उपचार और सुरक्षा उपायों की अनदेखी की जा रही है। इसका खामियाजा स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और चारधाम यात्रा पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है। बार-बार हाईवे बंद होने की घटनाओं ने चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा प्रबंधन पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से संवेदनशील स्थानों पर तत्काल प्रभावी सुरक्षा कार्य कराने की मांग की है। ताकि मानसून के दौरान बार-बार होने वाली इस समस्या से राहत मिल सके।

# जम्मू कश्मीर में आतंक और नशे पर बड़ा वार

## अवंतिपोरा में आतंकी मददगार पीएसए में बंद

**जम्मू।** आतंकवाद और नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक आतंकी मददगार को पब्लिक सेफ्टी एक्ट (पीएसए) और एक कुख्यात ड्रग तस्कर को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट

■ ड्रग तस्कर को पीआईटी एनडीपीएस में जेल

के तहत बुक किया है। पुलिस के मुताबिक, आतंकी मददगार की पहचान सुहैल फारूक लोन उर्फ साहबा पुत्र फारूक अहमद लोन निवासी लोन मोहल्ला नगींनपोरा रेशीपोरा त्राल के रूप में हुई है। सक्षम प्राधिकारी से हिरासत के आदेश मिलने के बाद उसे पीएसए के तहत बुक कर जिला जेल भद्रवाह भेजा गया। पुलिस ने बताया कि सुहैल फारूक इलाके में सक्रिय आतंकी संगठनों को रसद, पनाह, वाहन और अन्य मदद पहुंचाता था। बार-बार रोकथाम के बावजूद वह राज्य की सुरक्षा के लिए नुकसानदेह गतिविधियों में लगा रहा, जिसके चलते पीएसए के तहत एहतियातन हिरासत जरूरी हो गई। माना टाइगर कोट भलवाल जेल में बंदवहीं, कुख्यात ड्रग तस्कर की पहचान मंजूर अहमद मीर उर्फ माना टाइगर पुत्र अब्दुल खालिक मीर निवासी कादलबल पंपोर के रूप में हुई है। सक्षम प्राधिकारी से आदेश मिलने के बाद उसे पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत बुक कर सेंट्रल जेल कोट भलवाल, जम्मू भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मंजूर अहमद मीर आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस के कई मामले दर्ज हैं। वह पंपोर और पुलिस के अन्य इलाकों में स्थानीय युवाओं को नशा सप्लाई करता था। नशा तस्करी में लगातार लिप्त रहने से समाज को गंभीर खतरा था, इसलिए पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे हिरासत में लिया गया।

# अस्पताल की जगह झाड़-फूंक कराते रहे परिजन

## सांप के डसने के 24 घंटे बाद बुजुर्ग की मौत

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम दोनी में अंधविश्वास के चलते एक 71 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। टरिया कुशवाहा को जहरीले सांप ने काट लिया था, लेकिन परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय करीब 24 घंटे तक अलग-अलग स्थानों पर झाड़-फूंक कराते रहे। हालत गंभीर होने पर जब उन्हें जिला अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, गुरुवार रात टरिया कुशवाहा अपने खेत पर बने मकान की दुगई में सो रहे थे। इसी दौरान उन्हें जहरीले सांप ने काट लिया। होश आने पर उन्होंने खुद परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय ग्राम सिमरदा ले गए, जहां झाड़-फूंक कराई गई। वहां राहत नहीं मिलने पर अन्य जगहों पर भी झाड़-फूंक का सहारा लिया गया। करीब 24 घंटे तक इलाज के बजाय झाड़-फूंक कराने के बाद जब उनकी हालत लगातार बिगड़ने लगी, तब परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# 12वीं के छात्र को आठ माह में चार बार सांप ने काटा

**सागर।** सागर से अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता और विज्ञान की जीत का एक ऐसा अनोखा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर कोई दंग है। यहां बंडा तहसील के ग्राम धुरमार में एक किशोर को पिछले आठ महीनों के अंदर चार बार सांप ने काटा। अमूमन

■ हर बार समय से इलाज से बची जान

ऐसी घटनाओं में लोग झाड़-फूंक और तांत्रिकों के चक्कर में पड़ जाते हैं, लेकिन पीड़ित परिवार ने हर बार अंधविश्वास को दरकिनार कर विज्ञान और डॉक्टरों पर भरोसा जताया। नतीजा यह है कि किशोर चारों बार मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर आ गया। गांव के लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं, तो वहीं डॉक्टर इसे सही समय पर मिले इलाज का परिणाम बता रहे हैं। जानकारी के अनुसार, धुरमार निवासी नारायण चौबे का पुत्र नमन चौबे (12वीं कक्षा का छात्र) बंडा के एक निजी स्कूल में पढ़ाई करता है। नमन के साथ सांप काटने का यह सिलसिला पिछले साल नवंबर महीने से शुरू हुआ था। **पहली बार (नवंबर) :** नमन को सबसे पहले नवंबर माह में सांप ने काटा। परिवार उसे तत्काल अस्पताल ले गया और वह ठीक हो गया। **दूसरी बार (दिसंबर)-** इसके ठीक एक महीने बाद दिसंबर में सांप ने उसे फिर काटा। परिवार फिर अस्पताल भागा और नमन की जान बच गई। **तीसरी बार (जनवरी) :** जनवरी माह में सांप ने नमन को तीसरी बार अपना निशाना बनाया, लेकिन डॉक्टरों ने समय पर इलाज कर उसे फिर स्वस्थ कर दिया। **चौथी बार (मंगलवार रात) :** हाल ही में मंगलवार रात करीब 8 बजे सांप ने नमन के हाथ में चौथी बार काट लिया। मंगलवार रात को सांप के काटने के बाद परिजन बिना एक पल गंवाए नमन को तत्काल बंडा विकासखंड अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां दो दिनों तक प्राथमिक उपचार और निगरानी में रखने के बाद, बेहतर देखभाल के लिए गुरुवार रात 10 बजे उसे सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, नमन को समय पर एंटी-स्नेक वेनम मिल गया था, जिसके कारण उसकी हालत अब बिल्कुल सामान्य और खतरे से बाहर है।

# ईपीएफओ खाताधारकों के लिए राहत की खबर

## मृत्यु दावों का एक दिन में होगा निपटारा

### रिटायरमेंट पर होगा तत्काल भुगतान

**देहरादून।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े खाताधारकों के लिए राहत भरी खबर है। अब मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के क्लेम का निपटान एक ही दिन में किया जाएगा। इसके साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी उनके पीएफ का भुगतान एक दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के लिए सीआईटीईएस को लागू किया जा रहा है। अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजय ने क्षेत्रीय कार्यालय में बताया कि उत्तराखंड में करीब 9,744 अंशदायी प्रतिष्ठान और 7,74,377 सदस्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में सभी दावों का निपटान निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जा रहा है। क्षेत्रीय कार्यालय में स्थापित संवेदना सेल एक महत्वपूर्ण पहल है। यह सेल मृत्यु दावों के त्वरित, संवेदनशील और त्रुटिरहित निपटान के लिए बनाया गया है। यह ईपीएफ, ईपीएस और ईडीएलआई योजनाओं के तहत आने वाले मामलों को एकल संपर्क बिंदु के रूप में संभालता है, जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती। इस व्यवस्था को अब पूरे जोन में लागू करने की तैयारी है।

# निरंजनी अखाड़े से प्रेरित जापानी भिक्षुओं ने ली सनातन धर्म की दीक्षा

**हरिद्वार।** जापानी भिक्षुओं ने सनातन धर्म और निरंजनी अखाड़े से प्रेरित होकर शुक्रवार को पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद से दीक्षा ली। इस धार्मिक समारोह में चार युवा संतों को मंडलेश्वर की उपाधि प्रदान करने की

■ चार युवा बने मंडलेश्वर

संस्तुति की गई। जूना और निरंजनी अखाड़ों से जुड़े जापानी भिक्षुओं ने भारतीय सनातन परंपराओं में विश्वास जताया। इसमें जापान से निरंजनी अखाड़े के पहले महामंडलेश्वर स्वामी बाला कुंभ पुरी के अलावा स्वामी दर्शन भारती ने नेतृत्व किया। शुक्रवार को इस पूरे घटनाक्रम को कई मायनों में देखा जा रहा है। इसमें सनातन धर्म के वैश्विक विस्तार की प्रक्रिया में एक पहल की चर्चा भी हुई। दीक्षा लेने वाले जापानी भिक्षुओं ने भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की। उन्होंने कई वर्षों तक भारत में रहकर सनातन



परंपराओं का गहन अध्ययन किया है। दीक्षा के बाद आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने सभी को आध्यात्मिक नाम दिए और भगवा वस्त्र धारण कराया। इन भिक्षुओं ने अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेकर सनातन की परंपराओं से जुड़ने और आध्यात्म की अलख जगाने के लिए संतों को आश्वस्त किया। मंडलेश्वर के रूप में प्रतिष्ठित किए गए चार युवा संतों को धार्मिक प्रचार और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष अनुष्ठान के बीच देश-विदेश से आए अनेक संत-महात्मा इसमें शामिल हुए। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर ने नवदीक्षित संतों को धर्म के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। इसमें क्रमश- जापानी नाम दाईसाकू नारीता (हिंदी नाम सेंथिल नाथन), केन्ता इशियामा (वल्लालर), हिरोकी ताकाहाशी (कृष्ण कुमार), योशिमा मोरिया (मंग्यारकराशी), मासाकी गोतो (मदुरई वीरन), ताकानोबू (स्वथरा राजन) शामिल रहे।

# सेना का असिस्टेंट गैरिसन इंजीनियर 93 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया

**शिमला।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) शिमला ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) के असिस्टेंट गैरिसन इंजीनियर (एजीई) केके सोनी को 93 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी पर एक ठेकेदार से उसके बिल पास कराने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार ठेकेदार ने रिश्वत मांगने की शिकायत सीबीआई से की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने ट्रैप ऑपरेशन की योजना बनाई। निर्धारित रणनीति के तहत जैसे ही आरोपी अधिकारी ने 93 हजार की रिश्वत की रकम स्वीकार की, टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। यह कार्रवाई सीबीआई शिमला के पुलिस अधीक्षक राजेश चहल के नेतृत्व में की गई। टीम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित पाल और उप पुलिस अधीक्षक गोविंद सोलंकी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। कार्रवाई के बाद आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# मोहम्मद ने धर्म छिपाया राहुल बनकर की शादी

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में धर्म छिपाकर युवती से शादी करने और बाद में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश

■ धर्म बदलने का बना रहा था दवाब, गिरफ्तार

धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, बाणगंगा क्षेत्र निवासी युवती कुछ समय पहले नौकरी के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी गई थी। वहीं उसकी मुलाकात एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम राहुल बताया। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और बाद में युवती इंदौर लौट आई। आरोप है कि युवक भी इंदौर आ गया और अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर युवती से विवाह कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद उसे पता चला कि युवक का वास्तविक नाम राहुल नहीं, बल्कि मोहम्मद है। इस बात की जानकारी मिलने पर जब उसने युवक से सवाल किया तो उसने उसके साथ मारपीट की। साथ ही कथित रूप से धर्म परिवर्तन कर अपना धर्म अपनाने का दबाव भी बनाया। इसके बाद युवती बाणगंगा थाने पहुंची और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रारंभिक जांच की। जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# मेडिकल छात्र कर रहा था वन्यजीव के अंगों का अवैध कारोबार

**उज्जैन।** तंत्र-मंत्र के नाम पर प्रतिबंधित वन्यजीवों के अंगों की तस्कीर का खेल खत्म हो गया। अंधविश्वास की आड़ में वन्यजीवों के अंगों का अवैध कारोबार करने वाले एक युवक को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। आरोपी उज्जैन के हरसिद्धि मंदिर के सामने दुकान चलाकर हठ

■ आरोपी हुआ गिरफ्तार

जोड़ी बेच रहा था। ग्राहक बनकर पहुंची वन विभाग की टीम ने दबिश देकर 7 हठ जोड़ी जब्त कीं और आरोपी का मोबाइल भी जब्त किया, जिसमें तस्करी से जुड़े अहम सबूत मिले हैं। जिला वन मंडल को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि हरसिद्धि क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के नाम पर प्रतिबंधित वन्यजीवों के अंग बेचे जा रहे हैं। इसके बाद वन विभाग ने जाल बिछाया और एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर यश शर्मा की दुकान पर भेजा। सौदा तय होते ही टीम ने दबिश देकर कार्रवाई की।35 वर्षीय आरोपी यश शर्मा, निवासी हरसिद्धि की पाल, की दुकान से सात हठ जोड़ी बरामद हुईं।



वन मंडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि आरोपी का मोबाइल भी जब्त किया गया है। मोबाइल में वन्यजीवों से जुड़े प्रतिबंधित आर्टिफैक्ट्स की तस्वीरें, व्हाट्सएप चैट और लेन-देन से जुड़े शुरुआती सबूत मिले हैं। इससे स्पष्ट है कि आरोपी लंबे समय से इस नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। बरामद हठ जोड़ी को जांच के लिए जबलपुर स्थित वन्यजीव फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट से पता चलेगा कि ये संरक्षित मॉनिटर छिपकली (गोह) के पंजे हैं या नहीं। पुष्टि होने पर आरोपी के खिलाफ और गंभीर धाराएं जोड़ी जाएंगी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी डॉक्टरी की पढ़ाई के साथ-साथ यह अवैध धंधा भी कर रहा था। वन विभाग अब मोबाइल रिकॉर्ड और व्हाट्सएप चैट के आधार पर सप्लायर और खरीदारों की पूरी चेन खंगाल रहा है। आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएफओ अनुराग तिवारी ने लोगों से अपील की है कि तंत्र-मंत्र के नाम पर बेचे जाने वाले ऐसे सामानों के झांसे में न आएं। यह प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है। ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

# बेंगलुरु डे-केयर मामला : पैरेंट्स बोले- बच्चों में डर फैला

## वॉशरूम जाने से डरते हैं

बेंगलुरु। बेंगलुरु के डे-केयर सेंटर में बच्चों से बदसलूकी मामले में नया खुलासा हुआ है। वायरल वीडियो में जिस बच्ची के साथ बेहरमी की गई। पुलिस ने उसके पैरेंट्स से पूछताछ की। मां ने बताया कि उनकी बेटी के मन में डर बैठ गया। वह बाथरूम जाने से मना करती, रोने लगती और वहां से भाग जाती थी। बच्ची में यह बदलाव डे-केयर सेंटर में डालने के दो महीने बाद ही दिखने लगा था। वहीं एक तीन साल के बच्चे के माता-पिता ने बताया कि उनके बेटे के व्यवहार में भी बदलाव दिखा। वह डे-केयर में कुछ केयरगिवर्स की आवाज सुनकर कांप और सहम जाता था। दरअसल 1 जुलाई को बेंगलुरु की आईटी कंपनी कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस स्थित डे-केयर सेंटर का वीडियो सामने आया था। जिसमें बच्चों को टॉयलेट में बंद कर दिया गया था। चेहरे पर जेट स्प्रे से पानी डाला गया और वॉशिंग मशीन में बिठाया गया था। मामले में पुलिस ने पहले पांच महिला केयरगिवर्स के खिलाफ केस दर्ज किया था। एक को अरेस्ट कर लिया है।

# दिल्ली में सजेगा वस्त्र उद्योग का सबसे बड़ा वैश्विक मंच

## भारत मंडपम में आयोजन 14 जुलाई से

**नई दिल्ली।** भारत की वस्त्र परंपरा अब केवल करघों और कपड़ों तक सीमित नहीं रही, बल्कि आधुनिक तकनीक, नवाचार और वैश्विक कारोबार की नई पहचान बन चुकी है। इसी बदलते स्वरूप की सबसे बड़ी झलक 14 से 17 जुलाई तक भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत टेक्स 2026 में दिखाई देगी। चार दिनों तक चलने वाला यह आयोजन देश के वस्त्र उद्योग का अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक मंच बनने जा रहा है, जहां खेत से मिलने वाले प्राकृतिक रेशों से लेकर तैयार परिधान और विदेशी बाजारों तक की पूरी यात्रा एक ही छत के नीचे सिमटी नजर आएगी। करीब 16 लाख वर्ग फीट में फैले इस मेले में 1,600 से अधिक प्रदर्शक, 7 हजार से ज्यादा वैश्विक खरीदार, 1.30 लाख से अधिक व्यापारिक आगंतुक और 20 हजार से ज्यादा उत्पाद शामिल होंगे।

# निफ्टी का जुलाई रिकॉर्ड मजबूत, औसतन 2.19% रिटर्न के साथ तीसरा सबसे बेहतर महीना



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के ऐतिहासिक आंकड़े बताते हैं कि जुलाई का महीना निवेशकों के लिए सबसे बेहतर महीनों में शामिल रहा है। पिछले 25 वर्षों में सेंसेक्स और निफ्टी ने जुलाई में 18 बार सकारात्मक रिटर्न दिया है। इस तरह जुलाई का सक्सेस रेट करीब 72 प्रतिशत रहा है। औसतन इस महीने निवेशकों को 2.19 प्रतिशत का रिटर्न मिला, जो दिसंबर और नवंबर के बाद तीसरा सबसे बेहतर प्रदर्शन माना जाता है। **विशेषज्ञों की राय-** SAMCO सिक्योरिटीज से जुड़े जाहोल प्रजापति के अनुसार, ऐतिहासिक आंकड़े भले ही बाजार के पक्ष में हों, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में निवेशकों को सतर्क रहकर ट्रेडिंग करनी चाहिए। उनका कहना है कि इस बार मानसून सामान्य से कमजोर रहने की आशंका है, जबकि पहली तिमाही के कॉरपोरेट नतीजों में सुधार की उम्मीद बाजार को सहारा दे सकती है। **रिकॉर्ड बिक्री-** वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 53,661 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज होने का दावा किया गया। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने यह जानकारी साझा की। **निफ्टी का ट्रेंड-**जुलाई में निफ्टी का प्रदर्शन अधिकांश वर्षों में मजबूत रहा है। वर्ष 2001 में निफ्टी 3.16 प्रतिशत चढ़ा, जबकि 2002 में 4.56 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद 2003 में 4.56 प्रतिशत और 2004 में 8.42 प्रतिशत की तेजी आई। वर्ष 2005 में 4.13 प्रतिशत, 2006 में 0.48 प्रतिशत, 2007 में 4.88 प्रतिशत, 2008 में 7.24 प्रतिशत और 2009 में 8.05 प्रतिशत का रिटर्न निफ्टी ने निवेशकों को दिया। **कृषि साझेदारी-** उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में जैविक कृषि समाधान पहुंचाने के लिए नई रणनीतिक साझेदारी की गई। इनेरा क्रॉप साइंस और क्रॉपनेक्स्ट सॉल्यूशंस ने इसकी घोषणा की। **बीते वर्षों प्रदर्शन-** बीते 15 वर्षों में भी जुलाई का प्रदर्शन अधिकांश समय सकारात्मक रहा। वर्ष 2010 में निफ्टी 1.04 प्रतिशत चढ़ा। 2011 में तेजी का सिलसिला टूटा, जबकि 2012 में 0.95 प्रतिशत और 2013 में 1.72 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। **निवेश को बढ़ावा-** नोएडा के सेक्टर-43 स्थित आरक्यूब मोनाड मॉल में नया डाइन-इन शुरू हुआ। सागर रत्ना ने यह जानकारी दी। वर्ष 2014 में 1.44 प्रतिशत, 2015 में 1.96 प्रतिशत, 2016 में 4.23 प्रतिशत, 2017 में 5.84 प्रतिशत और 2018 में 5.99 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। **हालिया प्रदर्शन-** वर्ष 2019 में निफ्टी 5.69 प्रतिशत फिसला, लेकिन 2020 में 0.26 प्रतिशत और 2021 में 8.73 प्रतिशत का रिटर्न दिया। इसके बाद 2022 में 2.94 प्रतिशत और 2023 में 3.92 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, 2025 में बिकवाली के दबाव के कारण निफ्टी 2.93 प्रतिशत तक लुढ़क गया। **नेटवर्क विस्तार-** बेहतर संचार सुविधा के लिए नेटवर्क कवरेज का विस्तार किया गया अमरनाथ यात्रा मार्ग पर। भारती एयरटेल ने इसकी जानकारी दी।

# सोना-चांदी में जोरदार उछाल, एक हफ्ते में सोना 6,471 और चांदी 17,317 महंगी



**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में इस सप्ताह जोरदार तेजी देखने को मिली। सोना एक हफ्ते में 6,471 रुपए महंगा होकर 1.46 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 25 जून को इसका भाव 1.40 लाख रुपए था। वहीं, चांदी 17,317 रुपए की बढ़त के साथ 2.34 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई, जो एक सप्ताह पहले 2.17 लाख रुपए प्रति किलो थी। विशेषज्ञों के अनुसार, ऑल टाइम हाई से कीमतें नीचे आने के बाद निवेशकों की खरीदारी बढ़ने से यह तेजी देखने को मिली। **बढ़त की वजह-** अलग-अलग शहरों में सोने की कीमतों में अंतर के पीछे कई कारण हैं। इनमें ट्रांसपोर्टेशन और सुरक्षा खर्च, स्थानीय मांग और आपूर्ति, ज्वेलरी एसोसिएशन द्वारा तय किए जाने वाले रेट तथा ज्वेलर्स के पुराने स्टॉक की खरीद कीमत शामिल हैं। इन कारकों का सीधा असर खुदरा कीमतों पर पड़ता है। **सालभर का हाल-** इस साल अब तक सोना 13,145 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को इसकी कीमत 1.33 लाख रुपए थी, जो अब 1.46 लाख रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए प्रति किलो से बढ़कर 2.34 लाख रुपए प्रति किलो हो गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए प्रति किलो का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। **सरकारी फैसले-** केंद्र सरकार ने मई 2026 में सोने-चांदी के आयात पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी है। इसके तहत 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया गया है। इसके अलावा, सोने, चांदी और प्लेटिनम के आभूषणों को फ्री कैटेगरी से हटाकर रिस्ट्रिक्टेड कैटेगरी में रखा गया है। अब विदेश से ज्वेलरी मंगाने के लिए सरकार से विशेष लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। **खरीदारी में सावधानी-** सोना खरीदते समय हमेशा ब्ल्ब्रुह्स हॉलमार्क वाला प्रमाणित सोना ही खरीदें और खरीदारी से पहले विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों से उस दिन का भाव जरूर जांच लें। वहीं, असली चांदी की पहचान के लिए मैग्नेट टेस्ट, आइस टेस्ट, स्मेल टेस्ट और कपड़े से रगड़कर जांच जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# कमजोर मानसून से बिगड़ सकता है आम आदमी का बजट, इस साल 6 फीसदी रहेगी खाद्य महंगाई



**नई दिल्ली।** इस साल आम आदमी की थाली का बजट और बिगड़ सकता है। रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में देश में औसत खाद्य महंगाई बढ़कर 6 फीसदी के आसपास रह सकती है, जबकि खुदरा महंगाई दर 5 फीसदी पर टिक सकती है। इस चिंता की बड़ी वजह मानसून की शुरुआत में हुई कम बारिश है, जिससे खेती-किसानी और फसलों के उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक से 30 जून के बीच देश में सामान्य से 40 फीसदी कम बारिश हुई?है।?इस भारी कमी ने सरकार और आम आदमी दोनों की चिंता बढ़ा दी है। मई में पहले ही खाद्य तेल की महंगाई दर 9.5 फीसदी के उच्च स्तर पर थी।?ऐसे में कमजोर मानसून खाद्य पदार्थों की कीमतों को और भड़का सकता है। **जुलाई में भी कम बारिश-** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि जुलाई में मानूसन की बारिश लंबी अवधि के औसत के 94 फीसदी से कम हो सकती है। इससे कृषि उत्पादन एवं फसलों की पैदावार को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं। भारत के कृषि क्षेत्र में सालाना होने वाली कुल बारिश का लगभग 70 फीसदी हिस्सा दक्षिण-पश्चिम मानसून से ही आता है। **जून सबसे सूखे महीनों में-** भारत में 1901 के बाद से इस बार जून पांचवां सबसे सूखा महीना दर्ज किया गया है, जहां बारिश सामान्य से 40 फीसदी कम रही। मौसम विभाग ने पहले जून में मानसून की बारिश लंबी अवधि के औसत के 92 फीसदी से कम रहने की भविष्यवाणी की थी। आईएमडी के अनुसार, देश के मध्य, पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों के बड़े इलाकों में औसत से कम बारिश होने का अनुमान है।

# भारतीय कंपनियों को होगा फायदा होर्मुज से आवाजाही शुरू होने से घटी चिंता



**नई दिल्ली।** होर्मुज के आसपास तनाव कम होने से कच्चे तेल की आपूर्ति से जुड़ी चिंताएं लगभग खत्म हो गई हैं। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के निर्यात को सामान्य दरों की ओर बढ़ाने से क्रूड की कीमतों में गिरावट और गहरी हो गई है। चीन की कमजोर मांग और आपूर्ति में वृद्धि से अब बाजार में सप्लाई सरप्लस की संभावना बढ़ गई है। इससे क्रूड में और गिरावट की उम्मीद बढ़ गई है। सिटीग्रुप ने एक रिपोर्ट में कहा, भू-राजनीतिक तनाव कम होने से ब्रेंट क्रूड ने युद्ध के दौरान हुई अपनी सारी बढ़त को गंवा दी है और इसमें 30 फीसदी की गिरावट देखी गई। हालात सामान्य होने की स्थिति में ब्रेंट क्रूड के दाम इस साल के अंत तक गिरकर 60 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकते हैं।?इस राहत से भारत की सरकारी तेल कंपनियों को घाटे की भरपाई करने में मदद मिलेगी, जिन्हें 30 जून तक 74,781 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा है।?सरकार भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने पर विचार कर सकती है।

### खाड़ी देशों से निर्यात युद्ध-पूर्व स्तर का 90% पहुंचा

सऊदी अरब पिछले हफ्ते के अंत में अपने विशाल रास तनुरा टर्मिनल से शिपमेंट को फिर से शुरू करने के बाद पिछले स्तर के करीब 90 फीसदी पर कच्चे तेल को लोड करने में कामयाब रहा। सऊदी अरब की यह वापसी उसके पड़ोसी देश संयुक्त अरब अमीरात जैसी ही है, जिसने पिछले महीने अपने तेल निर्यात को युद्ध-पूर्व स्तर यानी 39 लाख बैरल प्रतिदिन से अधिक पर बहाल कर दिया था। अनुमान है कि होर्मुज के रास्ते अब तेल आपूर्ति एक करोड़ बैरल प्रतिदिन से अधिक हो गई है। इससे बाजार में तेल की बाढ़ आ गई है।?वह भी ऐसे समय जब युद्ध के समय अपनाए कई वैकल्पिक उपाय अब भी लागू हैं। मॉर्गन स्टेनली ने भी हाल के सप्ताहों में कच्चे तेल के मूल्य के अपने अनुमानों में दो बार कटौती की है और उभरते हुए आपूर्ति अधिशेष की चेतावनी दी है।

### ऊर्जा बाजार में धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं हालात

होर्मुज के जरिये आवागमन फिर से शुरू होने के साथ वैश्विक ऊर्जा बाजार धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। इससे निकट अवधि में तेल की आपूर्ति में सुधार हुआ है, जो संघर्ष के दौरान रिफाइनरियों की ओर से वैकल्पिक स्रोतों को सुरक्षित करने की आपाधापी के बाद बड़ी राहत है।

# भारत-पेरू एफटीए फिलहाल नहीं, कनाडा से बातचीत में तेजी, इस्राइल पर क्या बोले पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारत के विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौतों की स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने साफ किया कि भारत और पेरू के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) निकट भविष्य में संपन्न होने की संभावना नहीं है। इसका मुख्य कारण कुछ उत्पादों के लिए बाजार पहुंच से जुड़ी गंभीर चिंताएं हैं। गोयल ने यह भी बताया कि कनाडा के साथ एफटीए वार्ता अच्छी प्रगति पर है। इस्राइल के साथ बातचीत पश्चिम एशिया संकट के बावजूद जारी है, हालांकि उसकी गति धीमी है। गोयल ने टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2026 के मौके पर बातें कही। पीयूष गोयल ने वैश्विक आर्थिक मंदी की चिंताओं पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम में 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विजिटर्स की मेजबानी हुई है। यह भारत की आर्थिक सफलता की कहानी का साफ संकेत है। यह देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग को लगातार गुणवत्ता, स्केल और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। गोयल ने विश्वास जताया कि खिलौना उद्योग का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और यह उल्लेखनीय प्रगति के लिए पूरी तरह तैयार है। **क्या भारत-पेरू एफटीए में देरी क्यों हो रही है-** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पेरू के साथ मुक्त व्यापार समझौते में देरी का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि भारत के कुछ उत्पादों के लिए बाजार पहुंच को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। भारत कई ऐसे उत्पादों के लिए पेरू को बाजार में पहुंच की पेशकश नहीं कर सकता है। दोनों देशों के बीच इन मुद्दों पर अभी भी मतभेद बने हुए हैं। गोयल ने साफ किया कि उन्हें नहीं लगता कि पेरू के साथ एफटीए बहुत जल्द संभव हो पाएगा। यह मुद्दा दोनों पक्षों के लिए एक बड़ी बाधा है। भारत अपने घरेलू उद्योगों के हितों की रक्षा करना चाहता है। **कनाडा और इस्राइल के साथ व्यापार वार्ता की स्थिति क्या है-** पीयूष गोयल ने बताया कि कनाडा के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता अच्छी प्रगति कर रही है। वार्ता का अगला महत्वपूर्ण दौर सोमवार को शुरू होने वाला है। भारत सरकार अगले छह महीनों में इस समझौते को संपन्न करने का प्रयास कर रही है। यह दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को नई गति देगा। इस्राइल के साथ प्रस्तावित एफटीए पर भी बातचीत और चर्चाएं जारी हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण इसकी गति थोड़ी धीमी हो गई है। गोयल ने उम्मीद जताई कि शांति प्रक्रिया समाप्त होने के बाद वार्ता को तेज किया जा सकेगा। भारत दोनों देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। **यूरोपीय संघ के साथ व्यापार संबंधों पर क्या योजना है-**मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि वह विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ब्रुसेल्स जाएंगे। वे यूरोपीय आयोग के साथ भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) संवाद में भाग लेंगे। गोयल ने कहा कि यह संवाद भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए मुक्त व्यापार समझौते का पूरक बनेगा। इसका उद्देश्य समझौते के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। यह एफटीए को लागू करना आसान बनाएगा और उसके लाभों को हासिल करने में मदद करेगा।

# रियल एस्टेट में डिजिटल क्रांति, क्या अगले पांच से 10 साल में बदल जाएगी देश की तस्वीर?



**नई दिल्ली।** भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में अगले पांच से 10 वर्षों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा अध्ययन के विकास पर केंद्रित होगी। भारत के रियल एस्टेट के डिजिटल भविष्य को आकार देने में डेटा केंद्र, एआर और वीआर तकनीक के साथ एआई की अहम भूमिका होगी। राष्ट्रीय निर्माण प्रबंधन एवं अनुसंधान (सीआरआईपी) के निदेशक जनरल तापस कुमार गांगुली ने बताया कि अगले 5 से 10 वर्षों में देश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी आएगी। यह पूरी तरह से रियल एस्टेट में काम करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में देश के हवाई अड्डों, बंदरगाहों और स्मार्ट सिटी में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की पहचान होगी। इन स्थानों पर सौर ऊर्जा, स्मार्ट प्रौद्योगिकी और डिजिटल वास्तुकला तकनीक का उपयोग कर निर्माण होगा। हाल ही में देश का पहला डिजिटल हवाई अड्डा जेवर में तैयार किया गया है। यह एक अत्याधुनिक %डिजिटल-प्रथम% और ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के रूप में विकसित हुआ है। इसमें कई ऐसी विशेषताएं और नियोजित सुविधाएं हैं जो इसे भारत के अन्य प्रमुख हवाई अड्डों से अलग करती हैं।

**क्या जेवर हवाई अड्डा डिजिटल भविष्य का प्रतीक है-** जेवर हवाई अड्डा भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा है जिसे शुरू से ही शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ बनाया गया है। इसमें केवल सौर पैनल लगाए गए हैं। इसके निर्माण में कम कार्बन वाले स्ल्ट3 सीमेंट का उपयोग किया गया है। वर्षा जल को उन्नत तरीके से स्टोर करने और पानी के विभिन्न चक्रों में इस्तेमाल से जुड़ी प्रणालियों को भी लागू किया गया है। ऊर्जा-कुशल भवन डिजाइन और स्मार्ट प्रबंधन प्रणालियों को प्राथमिकता दी गई है। एक एकीकृत भू-परिवहन केंद्र हवाई अड्डे के टर्मिनल से प्रस्तावित विस्तार तक निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह हवाई अड्डा भारत के डिजिटल और हरित निर्माण के संकल्प को दर्शाता है।

**क्या डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से लागत कम होगी और परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी?-** तापस कुमार गांगुली बताते हैं कि भविष्य में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में लागत कम होने की संभावना है। इसमें डेटा जानकारी के साथ स्वचालन बुद्धिमत्ता का उपयोग किया जाएगा। इससे भविष्य के लिए बेहतर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा सकेगा। रियल एस्टेट विशेषज्ञ रंजन दास कहते हैं कि मौजूदा समय में रियल एस्टेट परियोजनाएं कई कारणों से देरी से पूरी होती हैं। हालांकि, डिजिटलीकरण की वजह से परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी। एआई, स्वचालन और ड्रोन सहित कई नई तकनीकों का उपयोग भविष्य में परियोजना में देरी कम करेगा।

### भारत कैसे बन रहा है वैश्विक तकनीकी शक्ति?

रियल एस्टेट विशेषज्ञ पंकज अरोरा कहते हैं कि पिछले एक दशक में भारत सिर्फ एक बड़े डिजिटल बाजार के रूप में नहीं उभरा है। यह दुनिया के सामने एक उदीयमान वैश्विक तकनीकी शक्ति बनकर सामने आया है। आज हमारा देश अपने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), स्वदेशी नवाचारों और दमदार स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के दम पर दुनिया में तकनीक की दिशा तय कर रहा है। सरकार के निरंतर निवेश ने देश की तकनीकी क्षमता को विस्तार दिया है।

# देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी में क्या है खास, कैसे बदलेगी राजस्थान की तस्वीर?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में देश की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित की है। यह भारत के ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यह परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है। 90 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता वाली इस ग्रीनफील्ड रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स को 79,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

### ग्रीनफील्ड रिफाइनरी क्या होती है?

ग्रीनफील्ड रिफाइनरी वह होती है, जिसे पूरी तरह नई जगह पर शुरू से बनाया जाता है। पचपदरा परियोजना भी इसी तरह विकसित की गई है। इसका निर्माण 2018 में शुरू हुआ था और अब यह व्यावसायिक उत्पादन के लिए तैयार है। यह भारत की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी है, जिसे पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के साथ विकसित किया गया है, और यह देश की 24वीं रिफाइनरी भी है। यह अत्याधुनिक कॉम्प्लेक्स रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल उत्पादन को एक साथ जोड़ता है। इसकी पेट्रोकेमिकल उत्पादन क्षमता 2.4 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) है। रिफाइनरी का नेल्सन कॉम्प्लेक्सिटी इंडेक्स (एनसीआई) 17.0 है और इसकी पेट्रोकेमिकल यील्ड 26 प्रतिशत से अधिक है, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है। नेल्सन कॉम्प्लेक्सिटी इंडेक्स किसी रिफाइनरी की तकनीकी क्षमता और आधुनिकता को मापने वाला पैमाना है। इससे पता चलता है कि कोई रिफाइनरी कच्चे तेल को कितनी कुशलता से अधिक मूल्य वाले उत्पादों में बदल सकती है। वहीं पेट्रोकेमिकल यील्ड का मतलब है कि रिफाइनरी में प्रोसेस किए गए कुल कच्चे तेल में से कितना हिस्सा पेट्रोकेमिकल उत्पादों (जैसे पॉलीप्रोपाइलीन, पॉलिमर और अन्य रसायन) के रूप में निकाला जा सकता है।



### रिफाइनरी की प्रमुख विशेषताएं क्या है?

यह रिफाइनरी लगभग 4,400 एकड़ क्षेत्र में फैली है और इसका परिसर करीब 32 किलोमीटर की दूरी तक फैला है। इसकी वार्षिक कच्चा तेल प्रोसेसिंग क्षमता 90 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। इसमें कुल 13 प्रसंस्करण इकाई हैं, जिनमें नौ रिफाइनरी और चार पेट्रोकेमिकल इकाई शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, रिफाइनरी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि कच्चे तेल से अधिकतम मूल्य प्राप्त किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए परिसर में तीन समर्पित फायर स्टेशन बनाए गए हैं। इसे 27 एपीआई ग्रेड के कच्चे तेल को प्रोसेस करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अरब मिक्स सहित अलग-अलग ग्रेड के कच्चे तेल को जरूरत के अनुसार मिलाकर रिफाइन कर सकती है।

### देश की सबसे हाईटेक रिफाइनरी क्यों?

पचपदरा रिफाइनरी की सबसे बड़ी खासियत इसका नेल्सन कॉम्प्लेक्सिटी इंडेक्स लगभग 17 है। तकनीकी भाषा में इसका मतलब है कि यह देश की सबसे उन्नत और हाई-कन्वर्जन रिफाइनरियों में शामिल है। यह दुनिया के किसी भी हिस्से से आने वाले भारी और निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे तेल को भी पेट्रोल, डीजल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों में बदलने की क्षमता रखती है। आत्मनिर्भर भारत के तहत इस रिफाइनरी के अधिकांश रिएक्टर, कॉलम और भारी टैंक भारत में ही बनाए गए हैं। इसके कंट्रोल सिस्टम और हाई-प्रेशर कंप्रेसर के लिए अमेरिका, जापान और यूरोप की तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। वेल्डिंग और फिनिशिंग की गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाए रखने के लिए नीदरलैंड के तकनीशियनों ने भी यहां काम किया। इस मेगा प्रोजेक्ट में इंजीनियर्स इंडिया ने प्रमुख भूमिका निभाई है। वहीं लमस टेक्नोलॉजी, यूओपी और यूनिवेशन टेक्नोलॉजीज जैसी वैश्विक कंपनियों ने पेट्रोकेमिकल और क्रैकर यूनिट की तकनीक उपलब्ध कराई है। इस मेगा प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान 1.5 करोड़ घन मीटर मिट्टी हटाई गई, जो लगभग 15 हजार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल भरने के बराबर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह खुदाई गीजा के पिरामिड के निर्माण से करीब छह गुना अधिक है। रिफाइनरी के निर्माण में 16 लाख घन मीटर कंक्रीट का इस्तेमाल किया गया, जो बुर्ज खलीफा के निर्माण में लगे कंक्रीट से लगभग पांच गुना अधिक है। वहीं करीब 3 लाख मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ, जो एफिल टॉवर में इस्तेमाल स्टील से करीब 40 गुना ज्यादा है। पूरे परिसर में 28 हजार किलोमीटर लंबी केबल बिछाई गई है, जिसकी लंबाई पृथ्वी के व्यास से भी दोगुनी है।

### राजस्थान के लिए कैसे है गेमचेंजर?

विशेषज्ञों के अनुसार, पचपदरा रिफाइनरी सिर्फ एक एनर्जी प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह कई बड़े आर्थिक क्षेत्रों के लिए एक कैटलिस्ट (उत्प्रेरक) का काम करेगी। इसका असर पेट्रोकेमिकल, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, प्लास्टिक, केमिकल और एमएसएमई जैसे कई सेक्टरों पर देखने को मिलेगा। इससे पश्चिमी राजस्थान में औद्योगिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी और एक ऐसा इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम विकसित होगा, जो आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। रोजगार के लिहाज से भी इस परियोजना का असर दो स्तरों पर देखने को मिलेगा। पहला, निर्माण चरण के दौरान हजारों लोगों को सीधे तौर पर काम मिला है। दूसरा, रिफाइनरी के संचालन के साथ हाई-स्किल्ड जॉब्स के नए अवसर तैयार होंगे। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट, सर्विस, कैटरिंग और मेंटेनेंस जैसे क्षेत्रों में भी बड़ा मल्टीप्लायर इफेक्ट देखने को मिलेगा, जिससे लंबे समय में यह पूरा इलाका एक प्रमुख इंडस्ट्रियल एम्प्लॉयमेंट हब के रूप में विकसित हो सकता है। रिफाइनरी के आसपास स्थानीय स्तर पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। बिल्डर और कंस्ट्रक्शन सेक्टर, एजुकेशन, फूड सर्विसेज, सप्लाई चेन तथा छोटे-बड़े सर्विस सेक्टर में नए अवसर पैदा होंगे।

### इस रिफाइनरी से क्या-क्या फायदे होंगे?

यह भारत की ईंधन जरूरत का करीब 9-10 प्रतिशत हिस्सा पूरा करने की क्षमता रखती है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। पेट्रोकेमिकल और प्लास्टिक पार्क के विकास को बढ़ावा मिलेगा। डाउनस्ट्रीम और सहायक उद्योग विकसित होंगे। राजस्थान में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। निर्माण के दौरान करीब एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला, आगे भी रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पश्चिमी भारत ईंधन उत्पादन और वितरण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। राजस्थान केवल कच्चा तेल निकालने वाला राज्य नहीं रहेगा, बल्कि उसे प्रोसेस कर पॉलीप्रोपाइलीन, पॉलिमर जैसे वैल्यू-एडेड उत्पाद बनाने वाला हब बनेगा। इससे स्थानीय स्तर पर प्लास्टिक और केमिकल उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

### कच्चा तेल कहां से आएगा?

रिफाइनरी को हर साल 90 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल की जरूरत होगी। इसमें से करीब 15 लाख टन कच्चा तेल राजस्थान के मंगला टर्मिनल से आएगा। बाकी 75 लाख टन कच्चा तेल गुजरात के मुंद्रा पोर्ट के जरिए आयात किया जाएगा। मुंद्रा से पचपदरा तक कच्चा तेल समर्पित पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए पहुंचाया जाएगा।

# 124 मिनट हाई वोल्टेज ड्रामा

## केप वर्डे ने चौंकाया, उलटफेर से बच गई मेसी की अर्जेंटीना

**नई दिल्ली।** केप वर्डे ने मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को कड़ी टक्कर दी, लेकिन मियामी स्टेडियम में लियोनेल स्कालोनी की टीम 124 मिनट के खेल के बाद 3-2 से जीत गई और अब 2026 फीफा वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 16 में मिस्र का सामना करेगी.'ब्लू शार्क्स' ने लियोनेल मेसी और उनकी टीम को कड़ी चुनौती दी, मैच वे दो बार पिछड़ने के बाद बराबरी पर आए, जब अर्जेंटीना 3-2 से आगे हो गया, तब भी उन्होंने तीसरे बराबरी वाले गोल के लिए बेहतरीन संघर्ष किया, लेकिन डिफेंडिंग चैंपियन ने जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा दी. शुरुआती 15 मिनट तक अर्जेंटीना का बॉल पर कब्ज़ा रहा, वे धैर्यपूर्वक गेंद को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जा रहे थे और ऐसे मौके की तलाश में थे जिससे पहला गोल हो सके. एक शानदार पासिंग क्रम में लियोनेल मेसी बॉक्स के अंदर पहुंचे, लेकिन मुश्किल एंगल से लगाया गया उनका शॉट बाएं पोस्ट के बाहर चला गया. लेकिन पहले हाफ के 29वें मिनट में उन्होंने इसका बदला ले लिया, जब लिसैंड्रो मार्टिनेज ने उन्हें दौड़ते हुए देखा और मेसी को सटीक पास दिया, जिससे स्कोर 1-0 हो गया मेसी ने अब फीफा वर्ल्ड कप में लगातार आठ मैचों में गोल करने का रिकॉर्ड बनाया है।

दूसरे हाफ की शुरुआत में, केप वर्डे को डेरॉय डुआर्टे के लॉन्ग-रेंज शॉट से एक अच्छा मौका मिला, जिसे एमिलियानो मार्टिनेज ने बखूबी बचाया. लेकिन डुआर्टे को दूसरा मौका भी मिला. बॉक्स के पार एक निचले, तेज शॉट से उन्होंने स्कोर 1-1 कर दिया. अर्जेंटीना ने दबाव बनाए रखा, लौटारो मार्टिनेज ने गेंद को आगे बढ़ाया और पहली बार में ही मेसी को पास दिया, लेकिन लियो वोज़िन्हा के



खिलाफ वन-ऑन-वन मुकाबले में चूक गए. कुछ मिनट बाद, केप वर्डे के गोलकीपर को फिर से हरकत में आना पड़ा, इस बार उन्होंने मेसी की फ्री-किक को बचाया जो उनके बाएं पोस्ट की ओर जा रही थी। खेल खत्म होने में 10 मिनट बाकी थे लेकिन स्कोर 1-1 से की बराबरी पर ही रही, ऐसे में स्कोर बराबर होने के बाद, अर्जेंटीना और केप वर्डे को एक्स्ट्रा टाइम में अपनी किस्मत का फैसला करना पड़ा. बाईं ओर से कॉर्नर किक मिलने पर, लिसैंड्रो मार्टिनेज ने दूर वाले पोस्ट पर बॉल को कंट्रोल किया और गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया।

लिसैंड्रो मार्टिनेज के गोल के बाद भी केप वर्डे ने हार नहीं मानी और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ के खत्म होने से ठीक पहले लोपेस कैब्राल ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया. मैच का रोमांच चरम पर पहुंच गया था. फैन्स सांस रोककर इस मुकाबले का लुत्फ ले रहे थे. अर्जेंटीना के खिलाड़ी दबाव में नजर आने लगे थे. दूसरी ओर केप वर्डे की टीम उलटफेर करने के करीब पहुंच रही थी. मैच का रोमांच अपने चरम पर था. लेकिन किस्मत उसी का साथ देती है जो इस खेल में महान होता है. जब मैच 111वें मिनट में पहुंचा तो अर्जेंटीना के अनुभव ने बाजी पलट दी, अर्जेंटीना को मिले एक और कॉर्नर पर कप्तान लियोनेल मेसी ने गेंद को गोल पोस्ट में डालने की कोशिश की, तो डिफेंडर क्रिस्टियन ने हवा में उछलकर एक बुलेट हेडर किया. लेकिन इसके बाद गेंद काबो वर्डे के डिनी बोर्गेस से लगकर सीधे नेट में चली गई, ऐसा लगा कि केप वर्डे के खिलाड़ी से गलती हो गई है. थोड़ी देर के लिए वीएआर किया गया और आखिर में रेफरी ने गोल करार दे दिया और केप वर्डे के इस ओन गोल के साथ अर्जेंटीना 3-2 से मैच जीत गया. आख़िरकार केप वर्डे का सपना टूट गया, अर्जेंटीना 'लास्ट 16' में पहुंच गया. अगले राउंड में अर्जेंटीना का मुक़ाबला मिस्र से होगा. केप वर्डे के खिलाड़ी मैदान पर इमोशनल हो गए।

# कोलंबिया ने घाना को दी मात

**नई दिल्ली।** कोलंबिया ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने अजेय रिकॉर्ड को राउंड ऑफ 32 में भी बरकरार रखा है। टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कैनसस सिटी स्टेडियम में घाना को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही कोलंबिया ने अंतिम 16 का टिकट हासिल कर लिया है। मैच में शुरुआत से ही कोलंबिया ने आक्रामक खेल दिखाया और घाना के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया। टीम को इसका फायदा भी जल्द ही मिला। मैच के 14वें मिनट में जॉन एरियास ने कोलंबिया की ओर से पहला गोल दागा। लुइस जेवियर सुआरेज के असिस्ट पर एरियास ने शानदार गोल दागा पहले हाफ में कोलंबिया ने बढ़त को दोगुना करने के कई मौके बनाए। लुइस डियाज ने बॉक्स के अंदर से एक अच्छा शॉट लगाया, लेकिन वह लक्ष्य से चूक गया। वहीं, जोहान मोजिका के हेडर को घाना के गोलकीपर लॉरेंस अती-जिगी ने शानदार तरीके से बचाया। घाना की तरफ से भी कुछ हमले किए गए, लेकिन टीम कोलंबिया के डिफेंस को पहले हाफ में भेदने में नाकाम रही।

दूसरे हाफ में भी कोलंबिया का दबदबा बना रहा। 56वें मिनट में लुइस डियाज ने एक और बार गेंद को नेट में पहुंचाया, लेकिन यह गोल ऑफसाइड होने के कारण अमान्य घोषित किया गया। इसके बाद भी कोलंबिया ने लगातार हमले जारी रखे, लेकिन टीम को दूसरा गोल करने में सफलता हाथ नहीं लग सकी। घाना की टीम पूरे मैच में कोलंबिया की मजबूत डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो



**निर्णायक गोल**
मैच के 14वें मिनट में लुईस सुआरेज़ के शानदार क्रॉस पर जॉन एरियास ने गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई, जो अंत तक कायम रही।
**घाना का प्रदर्शन**
घाना की टीम पूरे मैच में कोलंबिया के डिफेंस को भेदने में नाकाम रही और एक भी शॉट टारगेट पर नहीं लगा सकी
**राउंड ऑफ 16 (प्री-क्वार्टर फाइनल)**
इस जीत के साथ टूर्नामेंट में अजेय रही कोलंबिया की टीम अगले दौर में पहुंच गई है, जहां उनका सामना 8 जुलाई को स्विट्जरलैंड से होगा

पाई। मैच के दौरान घाना का एक भी शॉट टारगेट पर नहीं लग सका। अंतिम मिनटों में कोलंबिया ने अपनी बढ़त को सुरक्षित रखने पर ध्यान दिया और डिफेंस को मजबूत बनाए रखा। टीम ने संयम के साथ खेलते हुए घाना को कोई बड़ा मौका नहीं दिया और 1-0 की बढ़त को अंत तक बनाए रखा। राउंड ऑफ 16 में अब कोलंबिया का सामना स्विट्जरलैंड से 8 जुलाई को वैंकूवर में होगा। स्विट्जरलैंड ने अपने पिछले मुकाबले में अल्जीरिया को 2-0 से हराकर अंतिम 16 का टिकट हासिल किया है।

# प्रो लीग के अंत में चमकी भारतीय हॉकी टीम

## फुल्टन बोले- गेम प्लान पर अमल करें तो किसी भी टीम को हरा सकते हैं


**नई दिल्ली।** एफआईएच प्रो लीग 2025-26 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन टूर्नामेंट के अंतिम चरण में टीम ने जिस तरह वापसी की, उसने आगामी विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। जर्मनी, नीदरलैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि यदि भारतीय टीम अपने गेम प्लान पर लगातार अमल करे तो दुनिया की किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखती है। फुल्टन ने कहा कि प्रो लीग के दौरान खिलाड़ियों का आत्मविश्वास लगातार बढ़ा है। जर्मनी और नीदरलैंड जैसी शीर्ष टीमों पर मिली जीत तथा इंग्लैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले ने यह साबित किया कि भारतीय टीम बड़े विरोधियों के खिलाफ दबाव झेलने और जीत हासिल करने में सक्षम है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि आने वाले बड़े टूर्नामेंटों में सफलता के लिए प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

मुख्य कोच के अनुसार टीम ने पूरे अभियान में दबाव की परिस्थितियों में बेहतर खेल दिखाया। खिलाड़ियों ने अलग-अलग टीमों की रणनीति के अनुसार खुद को ढाला और करीबी मुकाबलों में संयम बनाए रखा। उनका मानना है कि यही अनुभव अगले साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों में टीम के लिए सबसे बड़ी ताकत साबित होगा। भारतीय टीम के लिए प्रो लीग की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। राउरकेला में घरेलू चरण के दौरान बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद होबार्ट चरण में टीम के खेल में सुधार देखने को मिला। स्पेन के खिलाफ शुरुआती हार के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया से 2-2 और स्पेन से 1-1 की बराबरी की, हालांकि दोनों मैचों के शूटआउट में हार मिली। अभियान के अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-1 की बराबरी के बाद भारत ने शूटआउट 3-1 से जीतकर आत्मविश्वास हासिल किया।

यूरोप चरण में भारतीय टीम ने अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रॉटरडैम में भारत ने जर्मनी को 3-1 और मेजबान नीदरलैंड को 3-2 से हराकर बड़ा संदेश दिया। दुनिया की दो मजबूत रक्षात्मक टीमों के खिलाफ भारत ने चार मैचों में नौ गोल किए, जिनमें पांच फील्ड गोल और चार पेनल्टी कॉर्नर से आए।

# इंग्लैंड ने भारत को चार विकेट से हराया

इंग्लैंड ने शनिवार को मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 मैच में जैकब बेथल की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत को 4 विकेट से हराया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 190 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 6 गेंद रहते मैच अपने नाम किया। इंग्लैंड ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर 191 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से जैकब बेथल ने नाबाद 76 रन की पारी खेली। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए।



भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 190 रन बनाए। टीम के लिए ईशान किशन ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। सैम करन ने तीन विकेट लिए। इसके जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। फिल सॉल्ट पहली ही गेंद पर पवेलियन लौट गए। अर्शदीप सिंह ने उन्हें आउट किया। इसके बाद पांचवीं गेंद पर जोस बटलर भी बिना खाता खोले आउट हो गए। हैरी ब्रूक ताबड़तोड़ पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने 15 गेंद में 39 रन बनाए। कप्तान ने चार चौके और तीन छक्के लगाए। उन्हें अक्षर पटेल ने आउट किया। टॉम बैंटन ने 39 रन की पारी खेली। विल जैक्स 8 गेंद में नौ रन ही बना पाए। सैम करन 5 गेंद में सात रन ही बना पाए। इंग्लैंड की ओर से जैकब बेथल ने सर्वाधिक नाबाद 76 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए। भारतीय टीम को वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा ने दमदार शुरुआत दिलाई। हालांकि दोनों बल्लेबाज पावरप्ले के अंदर ही पवेलियन लौट गए। वैभव सूर्यवंशी को विल जैक्स ने आउट किया। उन्होंने 10 गेंद में 14 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 24 गेंद में 43 रन की बेहतरीन पारी खेली। सैम करन ने उन्हें पवेलियन भेजा। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 22 गेंद में 37 रन की पारी खेली। ऑलराउंडर शिव दुबे 7 गेंद में 5 रन ही बना पाए। अक्षर पटेल रन आउट हुए। तिलक वर्मा ने आखिरी ओवर में नाबाद 24 रन की तेज तर्रार पारी से टीम को 190 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए सैम कुरन ने तीन विकेट लिये।

भारतीय टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। मैनचेस्टर में वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए डेब्यू कर रहे हैं। तिलक वर्मा ने उन्हें भारतीय कैप दी। संजू सैमसन को खराब फॉर्म के कारण बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इंग्लैंड के लिए जोश टंग अपना पहला मैच खेल रहे हैं। जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। रिवरसाइड ग्राउंड में खेला गया पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। हालांकि भारत ने इस मैच में बैटिंग की थी और 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 189 रन बनाए थे लेकिन इंग्लैंड की बैटिंग शुरू नहीं हो पाई और काफी इंतजार के बाद अंपायरों ने मैच को रद्द घोषित कर दिया। इंग्लैंड ने शुक्रवार को इस मैच के लिए प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी थी, जिसमें जोफ्रा आर्चर और जोश टंग को शामिल किया गया है।

### काबिल-ए-तारीफ है बेथेल

'मुझे लगता है कि एक नो-बॉल हुई, लेकिन मुझे यकीन है कि वह और मजबूत होकर वापसी करेंगे। फिर 17वें ओवर में मैच हाथ से निकल गया, उन्हें इससे सीखना होगा। इस पिच पर यह एक जबरदस्त स्कोर था, खासकर आखिरी ओवर में तिलक के शानदार 20 रन। बेथेल ने जिस तरह से गेंदबाजों का सामना किया, वह काबिल-ए-तारीफ था। मुझे लगता है कि सैम करन ने शुरुआत में ही मैदान के आयाम को समझ लिया था और हमारे बाएं हाथ के बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए जगह नहीं दी। बल्लेबाज लेग साइड पर मजबूत हैं, और वह उन्हें वहां खेलने नहीं दे रहे थे।'

# आखिरी दिन प्रज्ञानंद ने मारी बाजी, लगातार तीन जीत के दम पर संयुक्त नंबर-1 बने भारतीय स्टार

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने ग्रैंड चेस टूर के क्रोएशियाई चरण के रैपिड सेक्शन के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आखिरी दिन लगातार तीन मैच जीतकर कुल 12 अंकों के साथ फ्रांस के फिरौज्जा अलीरेजा के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल कर लिया है। दूसरे दिन के खेल के बाद प्रज्ञानंद थोड़ा पिछड़ गए थे, लेकिन उन्होंने आखिरी तीन दौर के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल बचाकर रखा था। उन्होंने क्रोएशिया के इवान सारिक, रोमानिया के डीक बोग्डन-डेनियल और नीदरलैंड के अनीश गिरी को शिकस्त देकर अलीरेजा की बराबरी की। इस प्रतियोगिता के रैपिड सेक्शन में फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी बेहतरीन अंत किया। ये दोनों खिलाड़ी 11 अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद दोनों लीडर्स के बेहद करीब बने हुए हैं। वहीं, भारत के विश्व चैंपियन डी गुकेश और जर्मनी के विंसेंट कीमर भी 10-10 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे मजबूती से डटे हुए हैं।

ब्लिट्ज सेक्शन में अभी 18 दौर के मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। फिलहाल, अनीश गिरी आठ अंकों पर हैं और वह डीक बोग्डन-डेनियल तथा नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से एक पूरा अंक आगे हैं। इसके विपरीत, इवान सारिक के खाते में केवल दो अंक हैं और वह अंक तालिका में सबसे आखिरी स्थान पर हैं। प्रज्ञानंद के लिए दिन की शुरुआत बेहद सकारात्मक रही। टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे इवान सारिक के खिलाफ शुरुआती चालों के बाद ही भारतीय खिलाड़ी मजबूत स्थिति में आ गए थे। कारो-कैन डिफेंस की वजह से प्रज्ञानंद को शुरुआत से ही सक्रिय स्थिति मिल गई थी। हालांकि इसे जीत में बदलने में लंबा समय लगा, लेकिन प्रज्ञानंद का खेल पर पूरा नियंत्रण बना रहा। दूसरे मुकाबले में प्रज्ञानंद ने पेट्रोफ डिफेंस का सामना करते हुए डीक बोग्डन-डेनियल की रक्षापंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। खेल की 15वीं चाल तक ही परिणाम की तस्वीर साफ होने लगी थी। रोमानियाई खिलाड़ी ने जल्द ही अपना एक मोहरा गंवा दिया और वह मुकाबले में दोबारा वापसी नहीं कर सके।

दिन के आखिरी मैच में प्रज्ञानंद ने आम तौर पर मजबूत माने जाने वाले अनीश गिरी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने कैटलन ओपनिंग के जरिए एक प्यादा जीता और फिर बेहतरीन टैक्टिकल सूझबूझ दिखाते हुए मैच को कुशलता से समाप्त किया। यह मुकाबला महज 34 चालों में ही खत्म हो गया।

# विंबलडन में बड़े उलटफेरों की बारिश, स्वियातेक-रायबाकिना बाहर, ज्वेरेव, कीज़ और पाओलिनी अंतिम-16 में

**नई दिल्ली।** विंबलडन 2026 के छठे दिन महिला वर्ग में लगातार बड़े उलटफेर देखने को मिले। मौजूदा चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का अभियान तीसरे दौर में ही समाप्त हो गया। फिलीपींस की 21 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एआला ने स्वियातेक को 7-6 (11-9), 6-2 से हराकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। इस जीत के साथ एआला ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली खिलाड़ी बन गईं। वहीं, दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना भी बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से 7-6 (7-4), 6-1 से हारकर बाहर हो गईं। इन दोनों हार के बाद महिला एकल ड्रॉ पूरी तरह खुल गया है और खिताब की दौड़ अब पहले से कहीं ज्यादा रोमांचक हो गई है।

अमेरिकी स्टार मैडिसन कीज़ ने भी शानदार वापसी करते हुए छठी वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 3-6, 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने मारिया सक्कारी को 6-1, 6-2 से हराया, जबकि यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने एमा नवारो को 6-2, 4-6, 6-1 से मात दी। चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा ने सोराना सिर्स्टिया को कड़े मुकाबले में हराया और मैरी बुज़कोवा ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को शिकस्त देकर अगले दौर का टिकट कटाया। क्वालीफायर एशलिन क्रूगर ने भी डारिया स्निगुर को हराकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

पुरुष एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-2, 7-6, 6-4 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। इटली के फ्लावियो कोबोली ने करेन खाचानोव के खिलाफ पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने जैकेरी स्वाजदा को चार सेट में हराया, जबकि जिरी लेहेका ने जाउमे मुनार को मात देकर अगले दौर में जगह बनाई। ब्रिटेन के आर्थर फेरी ने पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में जीत दर्ज कर घरेलू दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया। दिन की एक और बड़ी खबर अमेरिका की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स से जुड़ी रही। घुटने की चोट के कारण उन्होंने बहन वीनस विलियम्स के साथ महिला युगल मुकाबले से नाम वापस ले लिया। सेरेना ने कहा कि उन्होंने वापसी के लिए पूरी कोशिश की, लेकिन चोट के कारण कोर्ट पर उतरना संभव नहीं था। इससे प्रशंसकों को बहनों की एक और ऐतिहासिक साझेदारी देखने का मौका नहीं मिल सका।

अब विंबलडन दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर रहा है और पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर, सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका पर सभी की निगाहें रहेंगी। रविवार को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की शुरुआत होगी, जहां खिताब की दौड़ और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# सूर्यवंशी ने सचिन-शेफाली का रिकॉर्ड तोड़ा: 15 साल, 99 दिन में भारत के लिए डेब्यू किया

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 15 साल 99 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ पहला इंटरनेशनल मैच खेला। वैभव ने शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शेफाली ने 15 साल 239 दिन और सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेला था। वैभव ने अपनी पहली पारी में 10 गेंदों पर 14 रन बनाए। इसमें दो छक्के शामिल हैं। उन्होंने एक छक्का जोफ्रा आर्चर की गेंद पर और एक छक्का जोश टंग की गेंद पर लगाया। उन्हें विल जैक्स ने स्टंप आउट कराया। मैच से पहले वैभव ने सोशल मीडिया पर भी डेब्यू के संकेत दिए थे। शुक्रवार को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर अपनी तस्वीर शेयर करते हुए न्यू चैप्टर लिखा था।

| खिलाड़ी | उम्र | फॉर्मेट | खिलाफ |
|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 15 साल 99 दिन | टी20 | इंग्लैंड |
| शेफाली वर्मा | 15 साल 239 दिन | टी20 | द. अफ्रीका |
| सचिन तेंदुलकर | 16 साल 205 दिन | टेस्ट | पाकिस्तान |
| जेमिमा रोड्रिग्स | 17 साल 130 दिन | टी20 | द. अफ्रीका |
| पार्थिव पटेल | 17 साल 153 दिन | टेस्ट | इंग्लैंड |
| मिताली राज | 17 साल 205 दिन | वनडे | आयरलैंड |
| स्मृति मंधाना | 17 साल 261 दिन | टी20 | बांग्लादेश |
| हरभजन सिंह | 17 साल 265 दिन | टेस्ट | ऑस्ट्रेलिया |
| पृथ्वी शॉ | 18 साल 165 दिन | टेस्ट | वेस्टइंडीज |

23 जून को बीसीसीआई की ओर से वैभव को टीम इंडिया की 3 नंबर जर्सी मिली। थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट रघु ने उन्हें जर्सी दी। सूर्यवंशी ने पहले रघु के पैर छूकर प्रणाम किया, फिर जर्सी ली। वैभव को आईसीसी की चाइल्ड सेफगार्डिंग पॉलिसी के तहत इंग्लैंड दौरे पर अलग चेंजिंग रूम दिया गया है। उनकी फैमिली को भी टीम होटल में ठहरने की अनुमति मिली है। एक महीने पहले वैभव 15 साल 71 दिन की उम्र में टीम इंडिया के लिए चुने जाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर भी बने थे। उन्होंने इस मामले में शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था। शेफाली पहली बार 15 साल 220 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुनी गई थीं, जबकि सचिन को 16 साल 194 दिन की उम्र में राष्ट्रीय टीम में मौका मिला था। पिछले महीने वैभव ने ट्राई सीरीज के फाइनल में इंडिया-ए की ओर से श्रीलंका-ए के खिलाफ 11 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी, जो लिस्ट-ए क्रिकेट की सबसे तेज फिफ्टी है। आईपीएल 2026 में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए 776 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 237.31 रहा और उन्होंने एक शतक भी लगाया।



# विधिक सेवा व सशक्तिकरण शिविर में लगी विशेष लोक अदालत, वन-जनजाति मामलों का हुआ निस्तारण




स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में शनिवार को हलिया ब्लॉक परिसर में विधिक सेवा व सशक्तिकरण शिविर तथा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य वनवासी एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों के लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करना रहा। कौन-कौन रहे मौजूद मुख्य अतिथि सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक प्राधिकरण लखनऊ डॉक्टर श्रीमती मनु कालिया जिला जज अनुपम कुमार, जिला सचिव विधिक प्राधिकरण मिर्जापुर आनंद कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी सिंह, डीएम पवन कुमार गंगवार,डीएफओ आरुषि मिश्रा,मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मंच पर मौजूद रहे। जिला न्यायाधीश अध्यक्ष अनुपम कुमार के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया गया। इन मामलों का हुआ निस्तारण विशेष लोक अदालत में भारतीय वन अधिनियम 1927, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006, भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 से जुड़े मामलों की सुनवाई कर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। शिविर का उद्देश्य आयोजन का लक्ष्य वन व जनजाति समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और कानूनी विवादों का मौके पर ही समाधान कर त्वरित न्याय उपलब्ध कराना था। शिविर में विधिक सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी व आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोक अदालत आपसी सुलह का बेहतर माध्यम है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है और किसी की हार-जीत नहीं होती। वनवासी समुदाय के लोगों से अपील की गई कि वे अपने विवादों के निस्तारण के लिए लोक अदालत का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, रेंजर संतोष कुमार मिश्रा,सहित बड़ी संख्या में वादकारी, अधिवक्ता, राजस्व व वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जहरीले सांप के काटने से 12 वर्षीय बालिका की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर



स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के जिगना धाम गांव में जहरीले सांप के काटने से 12 वर्षीय बालिका की हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। बालिका को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जिगना धाम निवासी संतोष कुमार की 12 वर्षीय पुत्री अनुष्का को घर में किसी जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी हुई, वे उसे तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी लेकर पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सकों ने बालिका का प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इस बीच परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा को भी सूचना दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. निवेदिता यादव ने बालिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार के लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है। चिकित्सकों ने बताया कि सांप के काटने के मामलों में समय पर अस्पताल पहुंचना बेहद जरूरी होता है, जिससे मरीज का शीघ्र और उचित उपचार किया जा सके।

# जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 4 सुपरवाइजर व 5 प्रगणक को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हलिया द्वारा जनगणना कार्य में सराहनीय योगदान देने वाले सुपरवाइजरों व प्रगणकों की सूची जारी की गई है। प्रशस्ति पत्र हेतु 4 सुपरवाइजर और 5 प्रगणकों के नामों का चयन किया गया है। चयनित सुपरवाइजर मितेश सिंह ब्लॉक क्वालिटी को-ऑर्डिनेटर, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हलिया,विनोद कुमार सहायक अध्यापक, सर्किल 91। टोटल जनगणना मकान 1603, सेंसस हाउस 1305, भस्ठ 11।विनय कुमार सहायक अध्यापक, सर्किल 83। टोटल मकान 1508, सेंसस हाउस 977, भस्ठ 06। सुरजीत बहादुर सिंह सहायक अध्यापक, सर्किल 88। टोटल मकान 1213, सेंसस हाउस 1144, भस्ठ 09। चयनित प्रगणक प्रदीप कुमार मौर्य सहायक अध्यापक, सर्किल 83, 631। मकान 553, सेंसस हाउस 278। लालचंद यादव सहायक अध्यापक, सर्किल 70, भस्ठ 547। मकान 451, सेंसस हाउस 338 ,धीरेन्द्र जायसवाल सहायक अध्यापक, सर्किल 91, भस्ठ 696। मकान 406, सेंसस हाउस 339।रमाशंकर शिक्षा मित्र, सर्किल 42, 348। मकान 386, सेंसस हाउस 313।मोहन लाल सिंह सहायक अध्यापक, सर्किल 76, भस्ठ 583। मकान 369, सेंसस हाउस 281 को विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में इन सुपरवाइजरों व प्रगणकों ने समयबद्धता व सटीकता के साथ कार्य पूर्ण किया है। उत्कृष्ट कार्य के लिए इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।जिस पर ब्लॉक मुख्यालय पर डीएम पवन कुमार गंगवार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है

# जीरो-डोज बच्चों तक टीकाकरण पहुंचाने को लेकर जागरूकता बैठक



स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। आकांक्षी विकास खंड हलिया के बरया प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को जीरो-डोजबच्चों को टीकाकरण से जोड़ने के लिए समुदाय स्तरीय अभिमुखीकरण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संगठनों की टीम ने ग्रामीण महिलाओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया। ब्लॉक में ऐसे बच्चों की पहचान करना जिन्हें जन्म से अब तक टीके की एक भी खुराक नहीं मिली है। इन्हें जीरो-डोज बच्चे कहा जाता है। गावी , यूनिसेफ और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चल रहे प्रीचिंग जीरो डोज चिल्ड्रन इन इंडिया अभियान के तहत इन बच्चों तक पहुंचकर उनका संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना है। महिलाओं को किया जागरुक बैठक में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया। टीम ने टीकाकरण से छूटे बच्चों के स्वास्थ्य जोखिम, नियमित टीकाकरण का शेड्यूल और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। पंफलेट वितरित कर घर-घर सर्वे में सहयोग की अपील की गई। स्टोर रूम के बाहर कुर्सियों पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया। महिलाओं ने भी टीकाकरण को लेकर अपनी शंकाएं साझा कीं, जिनका मौके पर समाधान किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण कराएं। टीके पूरी तरह सुरक्षित हैं और गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। गांव-गांव जाकर जीरो-डोज बच्चों की सूची तैयार की जा रही है ताकि कोई भी बच्चा टीके से वंचित न रहे।

# लालगंज इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लालगंज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर से संबद्ध है। इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यालय से प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।कालेज कोड व संचालित कोर्स कालेज कोड 1002 बी.ए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, भूगोल, शारीरिक शिक्षा बी.एससी जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एम.ए. हिंदी, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान पाठ्येतर गतिविधियां एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स, क्रीड़ा, कैरियर काउंसलिंग, संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाता है। उपलब्ध सुविधाएं वाई-फाई कैंपस, लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी, वाचनालय, स्मार्ट क्लास, प्रयोगात्मक विषयों में प्रयोगशाला, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति, कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष सुविधा व महिला सहायता प्रकोष्ठ उपलब्ध है।संपर्क सूत्रप्रवेश प्रभारी कला संकाय डॉ. अम्बेश्वरी कुमार पाण्डेय - 8318117004 प्रवेश प्रभारी विज्ञान संकाय रामप्रकाश पाल 7007849427 प्राचार्य डॉ. अजीत प्रताप सिंह - 9616397075 कार्यालय संपर्क 8172943276 सुशील कुमार द्विवेदी प्राचार्य डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। छात्र-छात्राएं समय से आवेदन कर प्रवेश सुनिश्चित करें।

# मुकदमा विहीन गांवों की पहल को मिला सम्मान, प्रधान, सचिव व शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में बेहतर प्रशासन, विवादमुक्त वातावरण और जनहित के कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों, अधिकारियों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष एवं पोखड़ौर के ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ को ग्राम पंचायत के प्रभावी संचालन तथा पोखड़ौर को मुकदमा विहीन गांव के रूप में स्थापित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा गलरिया के ग्राम प्रधान गुलाब सिंह पटेल तथा अहुगी कलां की ग्राम प्रधान नगीना देवी को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडीओ (पंचायत) नरेंद्र कानापुरिया, पंचायत सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेंद्र राय एवं मनोज कुमार को पंचायत संचालन एवं जनसेवा में सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों नितेश सिंह, विनोद कुमार, विनय कुमार, सुजीत बहादुर सिंह तथा प्रदीप कुमार मौर्य सहित अन्य शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सम्मान से उत्कृष्ट कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन होता है तथा अन्य लोगों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

# ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित विधिक सेवा शिविर

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। हलिया ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित विधिक सेवा शिविर एवं विशेष लोक अदालत के दौरान कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर के प्रभागीय वनाधिकारी आरुषि मिश्रा ने वन क्षेत्र से सटे गांवों के लोगों को वन संरक्षण एवं वन कानूनों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्यजीव राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं, जिनकी सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी परिस्थिति में वन संपदा को नुकसान नहीं पहुंचना दिया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्र की सीमा से लगे ग्रामीण अनजाने में ऐसे कार्य कर बैठते हैं, जिससे उनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वन कानूनों का पालन करें और ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। इस दौरान ग्राम पंचायत कुसियरा के सुक्खी सिंह ने बताया कि वन एवं काश्त भूमि का स्पष्ट सीमांकन नहीं होने से ग्रामीणों और वन विभाग के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी वन विभाग के मुकदमों से होने वाली परेशानियों का जिक्र करते हुए मामलों के समझौते के आधार पर निस्तारण की मांग उठाई। इस पर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि अधिकांश मामलों में लोगों को वन कानूनों की पर्याप्त जानकारी नहीं होती, जिसके कारण वे अनजाने में कानूनी दायरे में आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती गांवों में वन विभाग की ओर से ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों को वन क्षेत्र की सीमा, वन अधिनियम के प्रावधानों तथा किन कार्यों से बचना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य लोगों को जागरूक कर अनावश्यक मुकदमों से बचाना और वन संरक्षण के प्रति जनसहभागिता बढ़ाना है।

# पीएचसी के औचक निरीक्षण में मिली भारी गड़बड़ी प्रभारी चिकित्साधिकारी व फार्मासिस्ट पर कार्रवाई



स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कीर्ति कुमार मिश्रा के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में भारी गड़बड़ियां व अनियमितताएं मिलने पर डीएम ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अवधेश कुमार बिना किसी अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित मिले। जांच में पता चला कि वह बिना अनुमति के जिला मुख्यालय से भी बाहर हैं। इस पर डीएम ने डा. अवधेश कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया।दवा वितरण कक्ष की जांच में पाया गया कि फार्मासिस्ट अजय कुमार कुशवाहा द्वारा दवा वितरण का कोई इंडेक्स नहीं बनाया गया था और दवा वितरण का कोई हिसाब-किताब भी नहीं रखा जा रहा था। गंभीर लापरवाही मानते हुए डीएम ने फार्मासिस्ट को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने का आदेश दिया। केंद्र पर साफ-सफाई की कमी, मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था न होना, ओपीडी रजिस्टर अपूर्ण और आपातकालीन दवाओं का स्टॉक अपडेट न होने जैसी कमियां भी सामने आईं। डीएम ने सीएमओ को पूरे मामले की विस्तृत जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा।जिलाधिकारी ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक हलिया में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी डॉक्टर व स्टाफ समय से केंद्र पर उपस्थित रहें और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं। सीडीओ विशाल कुमार ने अधीनस्थों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सीएमओ कीर्ति कुमार मिश्रा , एसडीएम लालगंज अजीत कुमार व अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# भटवारी आंगनबाड़ी केंद्र का डीएम-सीडीओ ने किया निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल



स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। आकांक्षी विकास खंड हलिया के भटवारी गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर शनिवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी आईएएस विशाल कुमार ने औचक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने केंद्र पर मौजूद बच्चों से सीधा संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। डीएम पवन कुमार गंगवार ने जमीन पर दरी बिछाकर पढ़ रहे बच्चों के पास जाकर एबीसीडी, गिनती और पहाड़े सुने। बच्चों की कॉपियां भी चेक कीं। दीवारों पर लगे अक्षर, आकृतियों व पहाड़ा चार्ट के जरिए बच्चों के सीखने के स्तर का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ विशाल कुमार ने आंगनवाड़ी केंद्र की साफ-सफाई, पठन-पाठन सामग्री, पोषण आहार वितरण और उपस्थिति पंजिका की जांच की। कार्यकत्री से बच्चों की नियमित उपस्थिति और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।डीएम ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाए ताकि उनका बुनियादी ज्ञान मजबूत हो। समय से केंद्र खोलने, बच्चों को नियमित बुलाने और पोषाहार गुणवत्तापूर्ण देने को कहा। सीडीओ ने सुपरवाइजर को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान बीएसए अनिल कुमार वर्मा,जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय,नायब तहसीलदार राजीव यादव,खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव,सीडीपीओ व सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव,अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में शिक्षा और पोषण के मानकों को ऊपर उठाना प्राथमिकता है।

# ब्लॉक मुख्यालय पर डीएम-एसपी ने किया पौधरोपण, हरियाली का दिया संदेश

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। हलिया ब्लॉक मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य श्रीमती मनु कालिया ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम पवन कुमार गंगवार ने परिसर में पौधा लगाकर कैन से पानी दिया। इस दौरान एसपी अपर्णा रजत कौशिकव विधिक प्राधिकरण सदस्य मनु कालिया साथ खड़ी रहीं। अन्य प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी व स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। एसपी ने कहा कि वृक्ष जीवनदाता हैं और पुलिस विभाग भी हरियाली अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। सदस्य मनु कालिया ने कानूनी सेवा शिविर के साथ पर्यावरण जागरूकता को जोड़ने पर जोर दिया। पौधरोपण के दौरान मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। परिसर में नीम, पीपल व छायादार पौधे लगाए गए। वन विभाग द्वारा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एसडीएम अजीत कुमार बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, रेंजर संतोष कुमार राय व अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

स्वतंत्र भारत श्रावस्ती। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की प्रबन्ध समिति की बैठक जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे संपन्न हुई। बैठक मे उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के दिव्यांगजनों के लिए संचालित इस केंद्र को एकीकृत सुविधा केंद्र के रूप मे चलाया जाये। दिव्यांगजनों के यूनीक आईडी हेतु सारी सुविधायें यहीं पर प्रदान की जायें। उनके और उनके परिजनों के बैठने की समुचित व्यवस्था की जाये।

# डीएफओ आरुषि मिश्रा ने गुर्गी पौधशाला का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



स्वतंत्र भारत हलिया, (मिर्जापुर)। कैमूर वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आरुषि मिश्रा ने शनिवार को शाम 4:50 बजे हलिया क्षेत्र की गुर्गी पौधशाला का औचक निरीक्षण किया। वन महोत्सव व वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों को लेकर उन्होंने पौधों की गुणवत्ता व रखरखाव का जायजा लिया। डीएफओ आरुषि मिश्रा ने पौधशाला में तैयार किए जा रहे सागौन, शीशम, नीम, आंवला, अमरूद व छायादार प्रजातियों के पौधों का निरीक्षण किया। उन्होंने बेडों में लगे पौधों की ऊंचाई, स्वास्थ्य व पानी-सिंचाई व्यवस्था की गहन जांच की। इस दौरान वन विभाग के कर्मी व रेंजर साथ मौजूद रहे। डीएफओ ने निर्देश दिया कि मानसून सीजन में लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पौधे तैयार रखें। पौधों की समय से निराई-गुड़ाई, सिंचाई व कीट नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में आमजन को भी पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, इसलिए प्रत्येक पौधा स्वस्थ व रोपण योग्य होना चाहिए। गुर्गी पौधशाला में हजारों की संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। परिसर में वनकर्मियों द्वारा नियमित देखभाल की जा रही है। डीएफओ ने टूटी बाउंड्री व छाया व्यवस्था दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। वन महोत्सव की तैयारी जुलाई माह में शुरू होने वाले वन महोत्सव व श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान के लिए पौधशाला को नोडल केंद्र बनाया गया है। डीएफओ ने कहा कि विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण सुनिश्चित करेगा।निरीक्षण के समय रेंज अधिकारी संतोष कुमार राय , वन दरोगा राजकुमार वर्मा नीटू शर्मा व पौधशाला प्रभारी समेत अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

**NOTICE FOR INVITATION OF TENDER**

पत्रांकः-789/PRO/नि0वि0 / न0नि0शाह0 / 2026 दिनांक- 02.07.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर में निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ, नगर विकास अनुभाग-6 के शासनादेश संख्याः-1/1332986/नौ-6-2026/ई-2012541-2026 दिनांक-18.05.2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय (CM-VNY) योजनान्तर्गत नगर निगम-शाहजहाँपुर, जनपद शाहजहाँपुर के क्षेत्रान्तर्गत संचालित प्राथमिक / पूर्व माध्यामिक विद्यालयों का कायाकल्प का किये जाने का कार्य स्वीकृत किया गया है। उक्त कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्ते उक्त बेबसाइट पर ही अपलोड की जायेगी। टेंडर को स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्यो एवं महत्वपूर्ण तिथि का विवरण निम्न प्रकार है-

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 06.07.26 - (03.00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 06.07.26-(04.00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि / समय | 27.07.26-(03.00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 27.07.26 - (04.00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**नगर आयुक्त, नगर निगम, शाहजहाँपुर**


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

**स्वतंत्र भारत**

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अतुल शुक्ला द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## पूर्व राजनयिक ने खोली पाकिस्तान की पोल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के पूर्व वरिष्ठ राजनयिक बिलाहारी कौसिकन ने पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व और सरकारी व्यवस्था पर कड़ी

- **बेनजीर भुट्टो के किस्से का जिक्र कर की आलोचना**

टिप्पणी की। उन्होंने दावा किया कि 1991 में विमान अपहरण के दौरान उन्होंने तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से बात करने के उनके घर फोन किया था। लेकिन घर से उन्हें जवाब मिला कि मैडम सो रही है, उन्हें परेशान नहीं कर सकते। इसलिए उनसे बात नहीं कराई गई। इसके बाद कौसिकन ने कहा, आपके नेता समय की बर्बादी करती हैं।

कौसिकन ने पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व और सरकारी संस्थाओं की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने आगाह किया कि पाकिस्तान लंबे समय से विफल



होने की कगार पर खड़ा है। नेशनल प्रेस फाउंडेशन के इंटरनेशनल रिपोर्टिंग फेलोशिप कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक पाकिस्तानी पत्रकार ने सवाल पूछा कि क्या पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति उसकी समस्याओं की जड़ है। कौसिकन ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा, यह सिर्फ एक बहाना है। सच यह है कि पाकिस्तान को शुरू से ही बहुत खराब तरीके से चलाया गया है।

कौसिकन ने कहा, पाकिस्तान की सेना समस्या का भी हिस्सा है और वही किसी तरह देश को एकजुट रखे हुए है। आपके सभी राजनेता समय की बर्बादी हैं, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों। कौसिकन वर्ष 2010 से 2013 तक सिंगापुर के विदेश मंत्रालय में स्थायी सचिव रह चुके हैं। फिलहाल वह सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के मध्य पूर्व संस्थान के अध्यक्ष हैं। अपनी बात समझाने के लिए कौसिकन ने मार्च 1991 में सिंगापुर एयरलाइंस के एक विमान के अपहरण की घटना का जिक्र किया, जिसे पाकिस्तानी आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि अपहरणकर्ताओं ने बेनजीर भुट्टो से बात करने की मांग की थी, जो उस समय पद पर नहीं थीं और सिंध प्रांत में रह रही थीं।

## पेरू में केइको फुजीमोरी बनीं नई राष्ट्रपति

**लीमा।** पेरू में हुए राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की घोषणा हो गई है। रूढ़िवादी नेता केइको फुजीमोरी ने इस कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की है। देश की शीर्ष चुनाव संस्था ने शुक्रवार को उनकी जीत पर मुहर लगा दी। 51 साल की केइको पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी की बेटी हैं। वह चौथी बार राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हुई थीं। चुनाव अधिकारियों के आंकड़ों के अनुसार, केइको को कुल 50.135 प्रतिशत (9,223,000) वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादी सांसद रॉबर्टो सांचेज़ को 49.865 प्रतिशत (9,173,000) वोट मिले। अप्रैल में हुए पहले चरण के चुनाव में 33 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें से केइको और सांचेज ने 7 जून को हुए दूसरे दौर के चुनाव में जगह बनाई थी। पेरू की जनता बढ़ते अपराध और हिंसक गिरोहों की वसूली से परेशान है। केइको फुजीमोरी ने अपराध को कठोरता से कुचलने का वादा किया था।



गर्मी से राहत का सबसे देसी अंदाज - नदी में छलांग, चेहरे पर मुस्कान! (फोटो : प्रणव कुकरेती)

# खामेनेई की अंतिम यात्रा में भावुक हुआ ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम यात्रा की रस्में शनिवार को तेहरान में आधिकारिक तौर पर शुरू हुईं।

- **14 महीने की पोती का छोटा ताबूत भी साथ दिखा**
- **छह दिनों तक सार्वजनिक अंतिम यात्रा समारोह आयोजित होंगे**

इसमें हजारों ईरानी अपने 86 वर्षीय नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। जिनकी 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका- इस्राइल के हमलों में मौत हो गई थी। खामेनेई के ताबूत को इस्लामी गणराज्य के झंडे में लपेटकर और उसके ऊपर उनकी काली पगड़ी



रखकर परिसर में लाया गया। उनके मृत रिश्तेदारों के शव भी उनके बगल में रखे गए। जिनमें उनकी 14 महीने की पोती का छोटा ताबूत भी शामिल था। खामेनेई का पार्थिव शरीर शुक्रवार को तेहरान पहुंचा, जहां ईरान और इराक के कई शहरों में छह दिनों तक सार्वजनिक अंतिम यात्रा समारोह आयोजित किए जाएंगे। उनके पार्थिव शरीर को ईरान और पड़ोसी देश इराक के शहरों से होकर ले जाया जाएगा। इस्लामी गणराज्य के सैकड़ों समर्थक शुक्रवार शाम को ही तेहरान के ग्रैंड मोसाला के बाहर जमा हो गए थे, जिसे आज जनता के लिए खोला गया। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले तीन दिनों में अकेले तेहरान में 15 से 20 मिलियन लोग शामिल होंगे।

अमेरिका मुर्दाबाद का नारे लगे आज जैसे ही द्वार खुले, हजारों शोक संतप्त लोग कार्यक्रम स्थल में प्रवेश कर गए। यहां विशाल परिसर का मुख्य प्रांगण लोगों से भर गया। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार, शोक संतप्त लोगों ने लाल बैनर ले रखे थे, जो प्रतिशोध के आह्वान का प्रतीक है। इसके साथ ही वे अमेरिका मुर्दाबाद और प्रतिशोध, प्रतिशोध के नारे लगा रहे थे। ईरान के शीर्ष अधिकारियों ने शुक्रवार को अपना दुख व्यक्त किया, जिसमें संसद अध्यक्ष और अमेरिका के साथ वार्ता में शीर्ष वार्ताकार मोहम्मद बाकेर गालिबाफ स्पष्ट रूप से भावुक होकर रोते हुए दिखाई दिए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले शीर्ष ईरानी अधिकारियों में अहमद वाहिदी भी शामिल थे, जिन्हें उनके पूर्ववर्ती की उसी हमले में हत्या के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स का प्रमुख नामित किया गया था, जिसमें खामेनेई की भी हत्या हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए ईरान को एक हफ्ते की छुट्टी दी है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने मानवता के नाते ऐसा किया है। कार्यक्रम खत्म होने के तुरंत बाद ईरान को अमेरिकी शर्तें माननी होंगी।

## एक नज़र

### भारत-जापान की दोस्ती देख बौखलाया चीन

बोला- आपसी सहयोग का कोई तीसरा देश निशाना नहीं बनना चाहिए

**बीजिंग।** विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत-जापान 16वां शिखर सम्मेलन बेहद सफल रहा है। दोनों देश अगले साल अपने राजनयिक संबंधों का 75वां वर्ष मनाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि जापानी प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची की यात्रा ने दोनों देशों की साझा प्रगति और समृद्धि के लिए अहम साझेदारी को और मजबूत करने की दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। भारत-जापान साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण आधार है। इस बीच चीन ने भी भारत-जापान सहयोग पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने कहा कि देशों के बीच आपसी सहयोग का मकसद किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाना नहीं होना चाहिए। यह बयान जापान की पीएम सानाए ताकाइची की दिल्ली यात्रा के दौरान भारत और जापान के बीच रक्षा समेत कई अहम समझौतों के एक दिन बाद आया है।

### पाक में दो महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म, चार गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के करीबी रिश्तेदार मोहम्मद रजा डार ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो विदेशी महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म किया है। लाहौर की एक अदालत ने शुक्रवार को मुख्य आरोपी रजा डार और उनके साथियों-हसन रजा, सिकंदर खान और साजिद अली को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नीदरलैंड और वेनेजुएला की रहने वाली इन महिलाओं की मुलाकात अक्तूबर 2025 में सिंगापुर में रजा डार से हुई थी। रजा डार ने उन्हें पाकिस्तान बुलाया और 29 जून को लाहौर में अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म किया।

### ट्रंप के 'ईरान को भोजन चाहिए' बयान पर भड़के गालिबाफ

ईरान संसद के अध्यक्ष बोले- पहले अपने फूड स्टैम्प देखिए

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने शुक्रवार को ईरान की अर्थव्यवस्था और खाद्य आवश्यकताओं पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप पर अमेरिका की घरेलू चुनौतियों को ईरान पर थोपने का आरोप लगाया। यह आरोप तब लगाया गया जब ट्रंप ने कहा कि अमेरिका संभावित राजनयिक सफलता के तहत ईरान को खाद्य पदार्थों का निर्यात करने की उम्मीद करता है। एक्स पर एक पोस्ट में गालिबाफ ने कहा, 'जरा सोचिए, आपके अपने ही चालीस मिलियन से ज्यादा नागरिक फूड स्टैम्प पर निर्भर हैं और आप दूसरे देश को भूखा कह रहे हैं। यह कोई घोषणा नहीं है, यह तो बस एक अनुमान है। अपनी ग्रैप सलाह अपने पास रखिए।' उन्होंने आगे कहा, हमारी संपत्ति, हमारे विकल्प। कुपोषण की दर पर ध्यान दें। ये टिप्पणियां तब आईं जब ट्रंप ने सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में दावा किया कि ईरान की अर्थव्यवस्था बुरी तरह कमजोर हो गई है। ट्रंप ने कहा, वहां 300 प्रतिशत महंगाई है, वे कोई कमाई नहीं कर रहे हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि वह ईरान को खाद्य पदार्थों का निर्यात करेगा। उन्होंने कहा, उन्हें भोजन की आवश्यकता है। उन्हें मक्का, गेहूं और सोयाबीन की आवश्यकता है, और हम केवल अपने अमेरिकी किसानों के माध्यम से इसकी आपूर्ति करेंगे। बशर्ते हम उस स्थिति तक पहुंच जाएं जहां हमें पहुंचना चाहिए।

### न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट फेक न्यूज : इस्राइल

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने उस मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि अमेरिका को आशंका थी कि इस्राइल ईरान के शीर्ष वार्ताकारों को निशाना बना सकता है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस रिपोर्ट को फेक न्यूज और हकीकत से पूरी तरह अलग बताते हुए कहा कि इसमें किए गए दावे वास्तविकता पर आधारित नहीं हैं। इस बयान के बाद एक बार फिर मध्य पूर्व की कूटनीतिक हलचल और इस्राइल-ईरान संबंध चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। मामला उस रिपोर्ट से जुड़ा है, जिसमें दावा किया गया कि इस साल इस्लामाबाद वार्ता के दौरान अमेरिकी अधिकारियों को यह आशंका थी कि इस्राइल ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ को निशाना बना सकता है। रिपोर्ट के अनुसार कुछ मौजूदा और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों का मानना था कि 8 अप्रैल के युद्धविराम के बाद के हफ्तों में इस्राइल ऐसी योजना पर विचार कर सकता था।

## चीन व विश्व बैंक की साझेदारी खत्म होगी

### दुनिया में शुरू होने जा रहा है एक नया अध्याय

**नई दिल्ली।** साल 1980 में शुरू हुई एक ऐतिहासिक विकास यात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रही है। विश्व बैंक ने साल 2031 तक चीन को दिए जाने वाले अपने सभी कर्ज (लेंडिंग) को पूरी तरह समाप्त करने की योजना बनाई है। यह कदम केवल एक वित्तीय युग की समाप्ति नहीं है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर चीन के एक महाशक्ति के रूप में उभरने और वैश्विक विकास प्राथमिकताओं के बदलने का सबसे बड़ा संकेत है। इस रणनीतिक बदलाव का असर पूरी दुनिया के वित्तीय और विकासशील ढांचे पर पड़ना तय है।

**कर्ज में इतनी बड़ी कटौती क्यों**

विश्व बैंक और चीन के बीच साझेदारी धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। आंकड़ों के अनुसार, चीन को दी जाने वाली सालाना ऋण राशि जो साल 2017 में लगभग 2.4 बिलियन डॉलर थी, वह साल 2025 तक घटकर लगभग 750 मिलियन डॉलर रह जाने का अनुमान है। इस क्रमिक कटौती का मुख्य कारण यह है कि चीन अब एक गरीब या जरूरतमंद देश नहीं रहा, बल्कि वह गहरी घरेलू पूंजी और मजबूत वित्तीय संसाधनों से संपन्न हो चुका है। हालांकि इस वित्तीय विदाई का चीन के अपने विकास पर बेहद मामूली असर पड़ेगा, लेकिन वैश्विक मंच पर





इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

**एक कर्जदार से दुनिया का बड़ा कर्जदाता कैसे बन गया चीन**

जब चीन 1980 में विश्व बैंक में शामिल हुआ था, तब उसे बुनियादी ढांचे, कृषि, स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रबंधन के लिए भारी कर्ज की जरूरत थी। लेकिन पिछले चार दशकों में चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था का कायाकल्प कर लिया है। आज चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

वह अब कर्ज लेने के बजाय बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई), एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) जैसे संगठनों के जरिए खुद दुनिया के अन्य देशों को कर्ज देने वाला एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र बन चुका है।

फैसले के पीछे की असली भू-राजनीति

विश्व बैंक द्वारा चीन से हाथ पीछे खींचने के पीछे आर्थिक कारणों के साथ-साथ गहरा राजनीतिक दबाव भी है। अमेरिका सहित कई बड़े शेयरधारकों का लंबे समय से यह तर्क रहा है कि विश्व बैंक जैसे संस्थानों का गठन मुख्य रूप से गरीबी मिटाने और कम आय वाले देशों की मदद के लिए किया गया है। ऐसे में चीन जैसी आर्थिक महाशक्ति को ऋण सहायता जारी रखना तर्कसंगत नहीं है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, तकनीक और वैश्विक वित्त में बढ़ते तनाव ने इस दबाव को और अधिक हवा दी है।

## अमेरिका 250 साल के लिए टाइम कैप्सूल दफन करेगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने के मौके पर 408 किलो का एक टाइम कैप्सूल जमीन में दफनाया जाएगा। इसे

- **408 किलो वजन, इसमें व्हेल की हड्डी से एआई की भविष्यवाणी तक**

फिलाडेल्फिया के इंडिपेंडेंस नेशनल हिस्टोरिकल पार्क में दफनाया जाएगा और 250 साल बाद यानी 2276 में खोला जाएगा। इसकी जानकारी नेशनल पार्क सर्विस के आधिकारिक रिकॉर्ड में भी दर्ज की गई है, ताकि 250 साल बाद आने वाली पीढ़ियां इसे ढूंढ सकें। और इसके बारे में जान सकें। इस कैप्सूल में 50 राज्यों और आम लोगों की ओर से चुनी गई यादगार चीजें रखी गई हैं, जिसमें व्हेल की हड्डी, दुनिया के सबसे बड़े जिप्सम रेगिस्तान की रेत, राइट बंधुओं के विमान का कपड़ा, एआई की भविष्यवाणी और कई ऐतिहासिक दस्तावेज शामिल हैं।

टाइम कैप्सूल बंद पेटी या कंटेनर होता है, जिसमें किसी दौर की चीजें सुरक्षित रखी जाती हैं, ताकि भविष्य की पीढ़ियां उस समय के समाज, तकनीक, संस्कृति और जीवन को समझ सकें।

**कैप्सूल सुरक्षित रखने के लिए अपनाई गई खास तकनीकें**

टाइम कैप्सूल बनाना जितना मुश्किल नहीं था, उससे बड़ी चुनौती उसे 250 साल तक सुरक्षित रखना था। वैज्ञानिकों के सामने सबसे बड़ा सवाल था कि जमीन के नीचे रखी चीजें ढाई सौ साल बाद भी सुरक्षित कैसे मिलें। इस वजह से प्रोजेक्ट से जुड़े कई विशेषज्ञों को इसमें शामिल किया गया। कई साल की रिसर्च के बाद ऐसा डिजाइन तैयार किया गया, जो पानी, नमी, जंग और मौसम के असर से कैप्सूल को बचा सके। यह कैप्सूल चौकोर नहीं, बल्कि बेलन (सिलेंडर) के आकार का है। वैज्ञानिकों के अनुसार चौकोर डिब्बों के कोने समय के साथ कमजोर पड़ जाते हैं और वहीं से पानी अंदर जाने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

## मिशिगन में मॉल के अंदर अंधाधुंध फायरिंग

दो लोगों की मौत, मामले की जांच शुरू

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य के डियरबॉर्न शहर में शुक्रवार को एक शॉपिंग मॉल में गोलीबारी की घटना हुई। पुलिस ने बताया कि युवाओं के दो गुटों के बीच हुई इस हिंसक झड़प में दो लोगों की जान चली गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह घटना फेयरलेन टाउन सेंटर मॉल में हुई। मॉल में जब गोलियां चलीं, तो वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। डियरबॉर्न पुलिस प्रमुख ईसा शाहीन ने जानकारी दी कि भागने की कोशिश में एक व्यक्ति मॉल के बाहर एक वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया। पुलिस ने झगड़े से जुड़े कुछ संदिग्धों से थाने में पूछताछ की है, लेकिन फिलहाल किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। पुलिस प्रमुख ने स्पष्ट किया कि यह कोई अचानक या रैंडम हमला नहीं था। दोनों गुट एक-दूसरे को पहले से जानते थे। मॉल में आमना-सामना होने पर उनके बीच झगड़ा शुरू हुआ, जो देखते ही देखते गोलीबारी में बदल गया। उन्होंने बताया कि दोनों गुटों के सदस्यों के पास पिस्तौल थीं।

पॉडकास्ट | अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कैसे बिताते हैं व्हाइट हाउस में समय

# मैं अपने बारे में लिखी रोचक खबर पढ़ता हूं : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की द्वितीय महिला उषा वैंस के पॉडकास्ट में शामिल हुए। यहां वे अपने शरीर और

- **पूर्व राष्ट्रपतियों के बारे में भी कीं टिप्पणियां**

व्हाइट हाउस में अपना समय कैसे बिता रहे है। इसके बारे में बताया। ट्रंप ने वैंस के 'स्टोरीटाइम विद द सेकंड लेडी' पॉडकास्ट में भाग लिया जिसे शुक्रवार को ऑनलाइन पोस्ट किया गया था। इस दौरान राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस हिस्टोरिकल एसोसिएशन की बच्चों की किताब 'प्रेसिडेंट्स प्ले!' पढ़ी, जिसमें राष्ट्रपतियों को खेल का आनंद लेते हुए और व्हाइट हाउस और उसके मैदानों का मनोरंजन के लिए उपयोग करते हुए दर्शाया गया है।

वहीं, जब वैंस ने ट्रंप से पूछा कि क्या राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें मनोरंजन के लिए पढ़ने का पर्याप्त समय मिलता है, तो उन्होंने जवाब दिया कि वे ज्यादातर अखबार ही पढ़ते हैं। उन्होंने कहा, मैं आमतौर पर अपने बारे में लिखी गई कहानियां पढ़ता हूं। जैसे ही ट्रंप बच्चों की किताब के पन्ने पलट रहे थे, उन्होंने पूर्व राष्ट्रपतियों के बारे में टिप्पणियां कीं। कुछ चुटकुले सुनाए और व्हाइट हाउस परिसर में बन रहे अपने विशाल भोज कक्ष का प्रचार भी किया। उन्होंने लिंडन जॉनसन को कठोर व्यक्तित्व, रोनाल्ड रीगन को उच्च गुणों वाला व्यक्ति और आपके पिता की तरह राष्ट्रपति बताया। वहीं, जॉन एफ. कैनेडी को दूसरे सबसे आकर्षक राष्ट्रपति के रूप में वर्णित



किया। ट्रंप ने यह नहीं बताया कि उनके अनुसार सबसे आकर्षक राष्ट्रपति कौन था। रिचर्ड निक्सन, जो वाटरगेट कांड में फंसने के बाद पद से इस्तीफा देने वाले एकमात्र राष्ट्रपति थे, शायद खुद ही मुसीबत में फंस गए थे। महामंदी के दौरान राष्ट्रपति रहे हर्बर्ट हूवर को पुस्तक में हूवर बॉल नामक एक खेल खेलते हुए दर्शाया गया है, जिसे उन्होंने खुद बनाया था। ट्रंप ने चुटकी लेते हुए कहा। यह उनके लिए अर्थव्यवस्था से भी बेहतर साबित हुआ।

ट्रंप के लंबे समय से उपहास का निशाना रहे बराक ओबामा को बास्केटबॉल खेलते हुए चित्रित किया गया था। ट्रंप ने उन्हें बराक हुसैन ओबामा कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें संदेह है कि ओबामा एक अच्छे बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं। फिर उन्होंने बताया कि ओबामा का पसंदीदा खेल गोल्फ है, लेकिन उन्होंने पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट मास्टर्स का जिक्र करते हुए कहा, वह जल्द ही इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। जब ट्रंप ने गेराल्ड फोर्ड को स्विमिंग पूल में तैरते देखा, तो उन्होंने कहा मुझे नहीं पता कि मैं स्विमिंग सूट में अच्छा दिखता हूं या नहीं। मैंने बहुत समय से स्विमिंग सूट नहीं पहना है। ट्रंप ने कहा कि विलियम हावर्ड टैफ्ट, जो अपने भारी-भरकम शरीर के लिए जाने जाते थे, हमारे सबसे भारी राष्ट्रपति थे। ट्रंप ने कहा, मुझे सावधान रहना होगा क्योंकि मैं उनके रिकॉर्ड को पीछे नहीं छोड़ना चाहता। और अगर मैंने ऐसा होने दिया तो यह संभव हो सकता है। आप सभी जो देख रहे हैं, अपना ख्याल रखें।

अमेरिका को अधिक महान बनाएंगे युवा दर्शकों को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करने के अलावा, जब द्वितीय महिला ने उनसे पूछा कि बच्चों को 4 जुलाई को देश का जश्न क्यों मनाना चाहिए, तो ट्रंप ने कुछ हद तक अस्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा देश महान है, हमारा देश इस समय थोड़ी नाजुक स्थिति में है। यह किसी भी दिशा में जा सकता है, आप यह समझते हैं। लेकिन हम इसे दूसरी दिशा में ले जाएंगे। और हम अमेरिका को पहले से कहीं अधिक महान बनाएंगे।

बाजार दर्पण

